| 17/06/2023 | CC-10 | 95 | 95 | 00 |
| 19/06/2023 | OC(Optional) | 95 | 95 | 00 |
| 21/06/2023 | PC-7B | 95 | 95 | 00 |

19. कुल नामांकित प्रशिक्षुओं की संख्या– 95/100
20. 80% तथा उससे अधिक प्रतिशत प्राप्तांक वाले प्रशिक्षुओं की संख्या– 73
21. 75% से अधिक एवं 80% से कम प्राप्तांक वाले प्रशिक्षुओंकी संख्या – 18
22. 60% से अधिक एवं 75% से कम प्राप्तांक वाले प्रशिक्षुओं की संख्या– 04
23. 60% से कम प्राप्तांक वाले प्रशिक्षुओं की संख्या– NIL

- **60% से अधिक प्राप्तांक वाले विषयवार असफल प्रशिक्षुओं की संख्या- 02**

- **द्वितीय बाह्य परीक्षा में विषयवार असफल प्रशिक्षुओं की संख्या :**

| Sl. No. | Name of the students | Subject Paper &Code |
|---|---|---|
| 1. | SAMIDHA KUMARI | CC-9(501419) |
| 2. | POOJA KUMARI | CC-8 (501418) |

## ❖ विषयवार विस्तार (रेंज)

**विश्व विद्यालय द्वारा परीक्षा के पश्चात का पूर्ण विवरण :**

| Subjects | Highest Marks | Lowest Marks | Average Marks | Average % |
|---|---|---|---|---|
| **CC-8** | 92/100 | 46/100 | 75.21/100 | 75.21 |
| **CC-9** | 91/100 | 35/100 | 70.92/100 | 70.92 |
| **CC-10** | 45/50 | 26/50 | 36.68/50 | 73.36 |
| **OC(Optional)** | 43/50 | 26/50 | 35.29/50 | 70.58 |
| **PC-7B** | 44/50 | 26/50 | 35.29/50 | 70.58 |

- **बाह्य परीक्षा में सर्वोच्च प्राप्तांक वाले बी.एड द्वितीय वर्ष (सत्र 2021-23) के प्रथम दस प्रशिक्षु** :

1) सुकन्या (21501504089) - 91.08%
2) सौरभ कुमार (21501504083) - 90 %
3) श्वेता झा (21501504020) - 89.85%
4) रीतिका चौरसिया (21501504077) - 89.54%
5) सीमा कुमारी (21501504013) - 89.54%
6) प्रशांत आनंद (21501504051) - 89.23 %
7) शिखा कुमारी (21501504060) - 88.77 %
8) शंपा मंडल (21501504094) - 88.77 %
9) विशाल कुमार (21501504053) - 88.46%
10) स्वाति प्रिया (21501504025) - 88.31 %

- **मेधा सूची में सर्वोच्चप्राप्तांक वाले बी.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2021-23) के प्रथम पाँच पुरुष एवं महिला प्रशिक्षु:**

| पुरुष | रैंक | प्रतिशत | महिला | रैंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| सौरभ कुमार | दूसरा | 90% | सुकन्या | पहला | 91.08 % |
| प्रशांत आनंद | छठा | 89.23% | श्वेता झा | तीसरा | 89.85% |
| विशाल कुमार | नौवाँ | 88.46% | रीतिका चौरसिया | चौथा | 89.54% |
| अभिजीत कुमार | तेरहवाँ | 87.08% | सीमा कुमारी | पाँचवाँ | 89.54 % |
| अभिनव कुमार | चौदहवाँ | 86.92 % | शिखा कुमारी | सातवाँ | 88.77 % |

**परीक्षा नियंत्रक प्रभारी** **प्राचार्य**

# बोर्ड डेकोरेशन




आज दिनांक 08.07.2023 को मैत्रेय कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बोर्ड डेकोरेशन का आयोजन किया गया। जिसमें चार अलग-अलग थीम को चारों सदन में विभाजित किया गया।

“योग शिक्षा”, “नैतिक शिक्षा”, “नारी शिक्षा”, “पर्यावरण शिक्षा”। डी. एस. कोठारी सदन के प्रशिक्षुओं नेउपरोक्त थीम“पर्यावरणशिक्षा” पर गिजुभाई सदनके प्रशिक्षुओंने ”नारी शिक्षा”, जे. कृष्णमूर्ति सदन के प्रशिक्षुओंने ”नैतिक शिक्षा”, जे.पी नायक सदन के प्रशिक्षुओंने ”योग शिक्षा” पर सक्रिय रूप से बोर्ड डेकोरेशन में हिस्सा लिया। साथ ही सभी सदन के सदस्यों ने भी अपने-अपने थीम के अनुसार बोर्ड डेकोरेशन किया।











## IN-DOOR GAMES COMPETITION

दिनांक 25 एवं 26 JULY, 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के बोधिसत्व सभागार में IQAC और मेजर ध्यानचंदक्लब के तत्वाधानमें दो दिवसीय इंडोर गेम का आयोजन किया गया था, जिसमें बी. एड. सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया था। कार्यक्रम के अंतर्गत लूडो,चेस,टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कैरम बोर्ड इत्यादि खेलों का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह, मेजर ध्यानचंद क्लब इंचार्ज श्री अश्विनी कुमार मिश्रा एवं स्पोर्ट्स इंचार्ज श्री अबोधचंद्र महतो के मार्गदर्शन में किया गया था। प्रतियोगिता का आयोजन 1:30 pm से4:00 pm तक रखा गया था।




इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी अपने अपने खेल में प्रथम और द्वितीय राउंड क्वालीफाई किया था जो काफी रोमांचक था। सभी खिलाड़ी अपनी जीत को लेकर काफी उत्साहित थे ।

दूसरे दिन फाइनल राउंड में बैडमिंटन में आदित्य झा और सनी राज और रोहित आनंद एवं आदित्य प्रसाद के बीच फाइनल हुआ, जो काफी रोमांचक था । खेल में आदित्य झा एवं सनी राज को जीत मिली थी ।





वहीं दूसरी ओर लड़कियों में प्रियंका कुमारी एवं सेजल कुमारी और रानी एवं तान्या के बीच फाइनल राउंड हुआ था जिसमें रानी और तान्या ने इस मैच में अपनी जीत हासिल की।

टेबल टेनिस में आदित्य झा एवं सनी राज के बीच फाइनल राउंड का मैच हुआ था जिसमें आदित्य झा ने जीत हासिल की।

कैरम बोर्ड में छात्र एवं छात्राओं का अलग-अलग मैच हुआ था, जिसमें फाइनल राउंड लड़कों में अभिषेक एवं रोहित जायसवाल के बीच काफी रोमांचक गेम हुआ था जिसमें अभिषेक ने रोहित जायसवाल को पराजित कर जीत हासिल किया ।





वहीं दूसरी ओर छात्राओं में अर्चना कुमारी और सेजल कुमारी के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें अर्चना कुमारी ने अपनी जीत हासिल की।
शतरंज में लड़कों में राहुल और अभिषेक के बीच फाइनल राउंड खेला गया जिसमें राहुल ने जीत हासिल की वहीं दूसरी और लड़कियों में सानिया सिंह और अनुप्रिया भारती के बीच मैच हुआ जिसमें तान्या ने जीत हासिल की।




लूडो में लड़कों में विभीषण, अजीत, प्रकाश, और रोहित जायसवाल के बीच फाइनल मैच खेला गया था जिसमें विभीषण प्रथम स्थान और अजीत द्वितीय स्थान तीसरा स्थान प्रकाश कुमार एवं चौथा स्थान रोहित जायसवाल ने प्राप्त किया।




कई लड़कियों की ओर से नीतू कुमारी, काजल कुमारी, ज्योति एवं सूची के बीच फाइनल राउंड खेल हुआ जिसमें प्रथम स्थान नीतू कुमारी दूसरा स्थान ज्योति तीसरा स्थान काजल और चौथा स्थान प्रीति कुमारी ने प्राप्त किया।



अंत में प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को जीत की बधाई देते हुए खेल को और आगे ले जाते हुए जीवन का एक हिस्सा बनाने को कहा और सभी संकायों ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया था।

## <u>दो दिवसीय मध निषेध एवं संक्रमण जन्य रोग निवारण जागरूकता अभियान</u>






आज दिनांक 31 जुलाई 2023, सोमवार को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के तत्वावधान में मध-निषेध एवं संक्रमण-जन्य रोग निवारण जन-जागरुकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम 9:30 से 1:45 PM तक आयोजित किया गया । जिस में संस्थान के द्वितीय वर्ष (2022-24) के एवं 2023-25 के प्रथम वर्ष प्रशिक्षु-गण के साथ-साथ संस्थान के सभी संकाय सदस्य सम्मिलित हुए । इस जन-जागरूकता अभियान के तहत सभी प्रशिक्षु-गण नशा-विरोधी नारे लगाते हुए हाथों में पोस्टर लिए हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्तानपुर तक गए । इसी बीच रास्ते के मध्य सुल्तानपुर चौराहे पर नुक्कड़ नाटक कराया गया, जिसमें संस्थान के प्रथम वर्ष 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज को नशे से मुक्त कराना और मधपान से बचाना है । इस अभियान को रास्ते के मध्य बूढ़े, महिलाओं एवं बच्चों ने बहुत ही उत्सुक होकर देखा और सराहा । इस के तत्पश्चात यह अभियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्तानपुर पहुंचा, जहां पूर्व में ही विद्यालय को अभियान की सूचना थी। वहाँ हम सभी निश्चित समय 10:45 बजे तक पहुँच गए थे । वहाँ भी मधपान एवं नशे के विरोध में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । नाटक के जरिए, बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और फिर संस्थान के सभी संकाय सदस्यों के साथ उसी प्रकार से नारे लगाते हुए प्रशिक्षुगण वापस संस्थान को आ गये इस प्रकार से अभियान का प्रथम दिवस समाप्त हुआ ।

आज दिनांक 1 अगस्त 2023 मंगलवार को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के तत्वावधान में मध-निषेध संक्रमण जन्य रोग निवारण जन-जागरूकता अभियान का दूसरा दिन है। कार्यक्रम 9:30 से 1:30 PM तक आयोजित किया गया। जिसमें 2022-24 एवं 2023-25 के प्रशिक्षुगण एवं संस्थान के सभी संकाय सदस्य सम्मिलित हुए। इस अभियान के तहत बच्चों को बताया गया कि बैक्टीरिया, वाइरस जैसे परजीवी के संपर्क में आने से व्यक्ति संक्रमण का शिकार होता है, इसके संक्रमण के कई लक्षण होते हैं जैसे खुजली, जलन, खांसी गर्मी, सूजन, दर्द आदि बहुत सारे लक्षण है। उन्हें बहुत सारे संक्रामक रोग जैसे पीलिया, एड्स, पोलियो, खसरा, चेचक, इन्फ्लूएंजा, हैजा इत्यादि के बारे में बताया गया। बच्चों को आई फ्लू के बारे में भी संस्थान के संकाय सदस्यों के द्वारा बताया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि संक्रामक रोगों से बचने के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। जैस मरीज को आइसोलेट रखना, मरीज की किसी वस्तु जैसे रुमाल, कपड़ा, टॉवेल का प्रयोग नहीं करना, साफ सफाई का ध्यान रखना इत्यादि। बच्चों को जागरूक करने के लिए संस्थान के प्रशिक्षुओं ने पोस्टर नारेबाजी और नाटक का प्रयोग किया। इस प्रकार से जन जागरुकता अभियान का दूसरा दिन भी संपन्न हुआ और सभी संस्थान को वापस लौट आए। दोनों दिन के कार्य का संचालन डॉ. निक्की कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।



# कबाड़ से जुगाड़ वर्कशॉप का प्रतिवेदन

दिनांक 31 जुलाई 2023 को अपराहन 1:30 से 4:00 बजे तक पटना कलम आर्ट एवं ए.पी.जे. अब्दुल कलाम क्लब की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कबाड़ से जुगाड़ वर्कशॉप का आयोजन सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी एवं सहायक प्राध्यापक अश्विनी कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बी. एड. के दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं ने मिलकर इस वर्कशॉप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कबाड़ से नई चीजों का निर्माण किया। बी.एड द्वितीय सत्र की छात्रा रुचिका और प्रियंका ने रेन-वाटरहार्वेस्टिंगसिस्टम और वाटर री-साइकलिंग के साथ-साथ एक प्रोजेक्टर का भी निर्माण किया। रोशनी, सुजाता और आदित्य प्रसाद ने एटमॉस्फेयर का मॉडल तैयार किया। बी.एड द्वितीय सत्र के अन्य प्रशिक्षुओ ने भी इस वर्कशॉप में कबाड़ से भिन्न-भिन्न विषयों पर अपने-अपने मोडलों को तैयार किये। बी.एड प्रथम सत्र (2023-25) के प्रशिक्षु अनुप्रिया भारती ने कबाड़ से वैक्यूम क्लीनर को बना कर उसका प्रदर्शन किया। जो सही रूप में कार्य कर रहा था। पारुल एवं सरोज ने कबाड़ से नृत्यांगना का मॉडल बनाया। रानी ने इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट को कबाड़ से बहुत ही आकर्षक रूप में दिखाया। गुंजा और शिवम ने कबाड़ से स्वतंत्रता के ऊपर एक मॉडल तैयार किया। काजल ने वेस्ट से आईबॉल बनाया।

इसी प्रकार अन्य प्रशिक्षुओ ने विभिन्न विषयों पर अपनी कलाकृति का प्रदर्शन किया। अंत में इन कलाकृतियों का निरीक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह और चंद्र शील कॉलेज ऑफ एजुकेशन मुजफ्फरपुर के प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश सर एवं महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान को चयनित किया। इसी के साथ यह वर्कशॉप भी संपन्न हुआ।






# स्वतंत्रता आंदोलन में बज्जिका समाज




आज दिनांक 02/08/2023 (बुधवार) को 'आजादी का अमृत महोत्सव" की कड़ी में संस्कार भारती, राष्ट्रीय बज्जिका परिषद एवं मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे 03 बजे तक 'स्वतंत्रता आंदोलन में बज्जिका समाज विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का संयोजन ई. राम नरेश शर्मा (उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद) तथा डॉ. विद्या चौधरी (पुरातत्वविद व इतिहासकार, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद) द्वारा किया गया।

अतिथियों का स्वागत मैत्रेय कालेज के शिक्षार्थिगणों तथा कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अजय सिंह द्वारा पारंपरिक रूप से किया गया । संगोष्ठी की अध्यक्षता देवचंद महाविद्यालय, हाजीपुर (वैशाली) के प्राचार्य डॉ. तारकेश्वर पंडित द्वारा किया गया । वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डॉली सिन्हा (प्रति कुलपति, ननित नारायण मिथिला विश्वविद्याल, दरभंगा) तथा विविष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद कार्थी, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, चंद्रधारी मिथिला महाविद्यालय, दरभंगा, डॉ. उपा किरण श्रीवास्तव, प्रान्त मंत्री, संस्कार भारती, उत्तर बिहार (मुजफ्फरपुर), डॉ. विद्या चौधरी, पुरातत्वविद (इतिहासकार) आदि लोग उपस्थित रहें।







इस संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति डा. डॉली सिन्हा ने कहा कि बजिकांचल का इतिहास गौरवशाली है और स्वतंत्रता संग्राम में यहाँ के समाज की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इसी क्रम में उन्होंने क्रांतिकारी बालक शहीद खुदीराम बोस के बलिदान को स्मरण किया। मौके पर लालगंज के शहीद सिंहेश्वर ठाकुर एवं बिठौली के शहीद रास बिहारी सिंह के पौत्र साजन ठाकुर दिग्विजय सिंह के अलावा घटारों के स्वतंत्रता सेनानी हरिवंश कुदर के पुत्र विनोद कुबर, मुखला प्रसाद सिंह के पुत्र मधुसूदन सिंह को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का की शुरुआत कृष्ण कल्याण कला केन्द्र, भागलपुर की निदेशक विदुषी श्वेता सुमन ने मन

मोहक भाव नृत्य गणेश वंदना से हुई । वहीं मैत्रेय कालेज के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रणव तिवारी ने आजादी का अमृत महोत्सव गीत की प्रस्तुति की । वैशाली का ओजपूर्ण पाठ चन्द्र किशोर पराशर ने किया । जबकि एलएन कालेज, भगवानपुर के प्राध्यापक डॉ. शिवेश ने लंगट सिंह कालेज और स्वतंत्रता संग्राम को रेखांकित किया । इसके बाद परिमल उदर ने शहीद बैकुंठ शुक्ल की गया सेंट्रल जेल में आखिरी रात के चित्रण किया । वहीं देवचन्द कॉलेज के डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम पर हिन्दी में पहली किताब बज्जिकांचल में ही लिखी गयी थी । यह भी जगदीश प्रसाद श्रमिक की पुस्तक "मुजफ्फरपुर जिले का स्वाधीनता संग्राम । इसके बाद कार्यक्रम संयोजिका डॉ. विद्या चौधरी ने हाजीपुर की प्रसिद्ध क्रांतिकारी नारी सुनीति सिंह के योगदान का स्मरण दिलाया । अनुग्रह मेमोरियल कालेज, गया के डॉ. पार्थ सारची ने विदुपर में हुए आठ शहीदों की चर्चा की। देवचन्द कालेज, हाजीपुर के डॉ. बबनु कुमार ने समस्तीपुर रेलवे फाटक पर हुए 21 शहीदों का बलिदान पर प्रकाश डाला ।

इस दौरान बज्जिका कथाकार राम नरेश शर्मा ने जय प्रकाश नारायण और उनके साथियों के हजारीबाग जेल से निकल भागने का चित्र प्रस्तुत किया । प्रखर साहित्यकार प्रो. हरिनारायण सिंह हरि ने मोहदीनगर क्षेत्र के लोगों के त्याग और बलिदान की कहानी सुनाई । बज्जिकांचल की महिला स्वतंत्रता सेनानी पर जामुनी लाल कॉलेज, हाजीपुर की प्रो. रेणु कुमारी ने अपना आलेख प्रस्तुत किया । घटारों के स्वतंत्रता सेनानी पर मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला ने भी अपना आलेख प्रस्तुत किया । सेमिनार में आगे मैत्रेय कालेज की डॉ. निक्की कुमारी ने स्वतंत्रता संग्राम में अक्षयवट राय की भूमिका को रेखांकित किया । कार्यक्रम में पटना विवि की पूर्व प्राध्यापक डॉ. जयश्री मिश्र, वीआरए बिहार विवि की प्रो. पुष्पा गुप्ता और प्रो. अरुण, हाजीपुर की प्राध्यापक डॉ. मनीता यादव, ओंकार प्रसाद सिंह, बैद्यनाथ पंडित प्रभाकर आदि ने भी अपने विचार रखें ।





कार्यक्रम के अंत में लोक कलाविद सह संस्कार भारती उत्तर बिहार के प्रांत मंत्री उषा किरण ने धन्यवाद ज्ञापन किया।






कार्यक्रम के समापन के बाद महाविद्यालय में सभी अतिथिगण, उपस्थित शिक्षार्थिगण के लिए उत्तम भोजन की भी व्यवस्था भी की गई थी ।

## अगस्त क्रांति एवं बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

आज दिनांक 09-08-2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के IQAC एवं किसान चाची पर्यावरण क्लब द्वारा हाजीपुर के तीन विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुल्तानपुर, राजकिशोर हाई स्कूल युसुपुर एवं जौहरी थम्मन हाई स्कूल बिहूपुर में अगस्त क्रांति दिवस एवं बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर संस्थान के सभी संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षुगण (सत्र 2022-24 सत्र 2023-25) ने विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यालयों के छात्रों के साथ मिलकर वृक्षारोपण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं बच्चों को संदेश दिया कि वृक्ष पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में कितने कारगर होते हैं और हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए क्योंकि वृक्ष की रक्षा हमारी स्वयं की रक्षा से जुड़ी हैं ।

वृक्षारोपण के पश्चात संस्थान के सभी संकाय सदस्य, विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं संस्थान के सभी प्रशिक्षगणों ने ग्यारह सूत्री संकल्प लिया और पेड़, पर्यावरण जीव जन्तु की रक्षा करने का ।

ग्यारह सूत्री संकल्प 11 बिन्दुओं पर संकल्प लिया गया।




**संकल्पः**

1. पर्यावरण संतुलन के लिए सदैव सचेष्ट रहेंगा / रहेंगी।
2. वर्ष में कम से कम एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल करूँगा / करूँगी।
3. तालाब, नदी एवं पोखर को प्रदूषित नहीं करूँगा / करेंगी।
4. जल का दुरुपयोग नहीं करूँगा / ककेंगी एवं इस्तेमाल के बाद नल को बंद करूँगा / करेंगी।

5. आवश्यकतानुसार विजली से संचालित उपकरणों का इस्तेमाल करूँगा / करूँगी।
6. कूड़ा-कचरा निर्धारित कूड़ेदान में डालूँगा / डालूंगी एवं लोगों को इसके लिए प्रेरित करेंगा / करेंगी।
7. अपने स्कूल एवं घर को साफ रखूँगा / रखेंगी। प्लास्टिक / पोलीथीन का उपयोग बंद कर, कपड़े कागज के बैलों का उपयोग करूँगा / करेंगी।
8. पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम का भाव रखूँगा / रहेंगी।
9. नजदीक के कार्य पैदल अथवा साईकिल से करूंगा / करूंगी।
10. कागज का अनावश्यक उपयोग नहीं करूँगा करूँगी एवं लोगों को इस हेतु प्रेरित करेंगा / करेंगी।
11. संकल्प के बाद हम लोग अपने महाविद्यालय की ओर नारा लगाते हुए प्रस्थान किये।

* जल जीवन हरियाली, तभी आएंगी खुशहाली

* धरती को स्वर्ग बनाएंगे, चारो ओर पेड़ लगाएंगे

इन्हीं नाराओ के साथ हमलोग महाविद्यालय पहुंचे और यहां भी प्राचार्य महोदय तथा सभी संकाय सदस्य, दोनो वर्ष के उपस्थित सभी प्रशिक्षु तथा सभी कर्मचारी महित पौधारोपण किया गया तथा संकल्प लिए गए । कार्यक्रम का संचालन डॉ. निकी कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ।

## कविवर गोपाल सिंह नेपाली जयंती: प्रतिवेदन

दिनांक 11 अगस्त 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में IQAC एवं 'साहित्य कुंज' के संयुक्त तत्वाधान में कविवर गोपाल सिंह नेपाली जयंती उल्लास और हर्ष के वातावरण में मनाई गई । सर्वप्रथम कविवर नेपाली के तैल चित्र पर संस्थान के अकादमिक निर्देशक प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी एवं अन्य संकाय सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई । कविवर नेपाली की 112वीं जयंती के अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षुओं ने भी उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए । बी.एड सत्र (2023-25) की प्रशिक्षु ज्योति कुमारी द्वारा नेपाली का जीवन परिचय देते हुए समारोह का सफल संचालन किया गया ।

नेपाली जी द्वारा रचित लगभग दस गीतों का चयन कर अलग-अलग समूहों द्वारा सुमधुर गायन प्रशिक्षुओं ने प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बनाया । नेपाली जी द्वारा रचित प्रसिद्ध गीत 'बाबुल तुम बगिया के तरुवर' का गायन बी.एड. सत्र (2022-24) की प्रियंका कुमारी, रुचिका कुमारी एवं अंजली कुमारी के द्वारा किया गया । वहीं है “अपूर्व यह युद्ध हमारा” कविता को प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु रोहित कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया । तत्पश्चात 'कर्णधार तू बना हाथ में' की प्रस्तुति आरती कुमारी 'दो तुम्हारे नयन' का पारुल 'नवीन कल्पना करो' का राहुल कुमार सिंह 'मेरा धन है स्वाधीन कलम' का प्रियंका कुमारी 'घूंघट-घूंघट नैना नाच' का प्रियंका कुमारी, 'हम धरती क्या आकाश बदलने वाले हैं' का कविता

कुमारी,‘दिल चुराकर ना हमको भुलाया करो’ नेहा कुमारी तथा ‘करता है जंगल में मंगल’ का काजल कुमारी ने सुमधुर गायन किया। चंदा कुमारी ने ‘तुम जला कर दिए’ नामक कविता का गायन किया।

कार्यक्रम प्रभारी एवं संकाय डॉ.प्रणव कुमार तिवारी द्वारा कविवर नेपाली की रचना ‘सावन भर नाचा मोर मगर’ का सस्वर गायन श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करने वाला था। इसके पश्चात संस्थान के अकादमिक निदेशक प्रो॰ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने कविवर की अनेकानेक रचनाओं की चर्चा करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेपाली की कविताएं जीवन जगत एवं प्रकृति के कोमल भावों से ओतप्रोत है। कविवर नेपाली एक शिक्षक की भाति हमेशा अपनी कविताओं से प्रेरित करने का कार्य करते रहे। उनकी कविताएं प्रकृति के प्रति प्रेम व राष्ट्रीय चेतना जगाती हैं। धन्यवाद ज्ञापन संकाय सदस्य रेखा कुमारी ने किया।







## 15 अगस्त 2023

आज दिनांक 15 अगस्त 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में 77वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षु, संकाय सदस्य एवं कर्मचारियों को 08:30 पूर्वाह्न में महाविद्यालय आने की सूचना दी गयी थी।

निर्धारित समयानुसार प्रातः 09:00 बजे प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी संकाय सदस्यों, प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य का संबोधन हुआ एवं प्रशिक्षुओं द्वारा देशभक्ति से युक्त नारे लगाए गए। सबों के बीच राष्ट्रीय मिठाई जलेबी का वितरण हुआ।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बोधिसत्व सभागार में किया गया जिसमें कविताओं/ भाषण, देशभक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ हुईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में बी.एड. (2022-24) की प्रशिक्षु नेहा कुमारी ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया, वहीं बी. एड. प्रथम वर्ष (2023-25) के प्रशिक्षु राजा बाबू ने ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया।







इसके पश्चात बी.एड. (2023-25) की प्रशिक्षु सेजल, ज्योति, संजना, कुन्दन, स्वर्णलता, शिवम, सरोज, जूली, अनुप्रिया, एवं रोहित ने "ऐ मेरे वतन आबाद रहे तू" सामूहिक देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। बी.एड. सत्र (2022-24) की प्रशिक्षु चंदा, अंजली, रुचिका, प्रियंका, पुष्पा, श्रेया, श्वेता, कविता, रोहित, रानी, संगम सभी ने- "यह भारत देश है मेरा" गीत की मोहक प्रस्तुति दी।


बी. एड. सत्र (2022-24) की प्रशिक्षु कविता कुमारी ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर आधारित स्वरचित कविता प्रस्तुत कर सबों के बीच ओज के भाव भरे। इसके पश्चात बी. एड. सत्र (2022-24) की प्रशिक्षु चंदा कुमारी ने "मैं रहूँ या ना रहूँ" गीत का एकल गायन किया। बी. एड. सत्र (2023-25) की प्रशिक्षु पारुल द्वारा मनोहर एकल नृत्य की प्रस्तुति हुई।










कार्यक्रम के अंतिम चरण में सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी द्वारा स्वर चितगीत “देश हमारा भारत प्यारा, इस धरती की शान है” की सस्वर प्रस्तुति की जिसकी सबों ने खूब प्रशंसा की। सहायक प्राध्यापक श्री अबोध चंद्र माहातो द्वारा स्वरचित कविता – “ये हिन्दुस्तान है” की सुन्दर प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का संचालन बी. एड. सत्र (2023-25) के प्रशिक्षु रोहित कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह ने किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस

29 अगस्त 2023 को संपूर्ण भारत में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है । इसी को ध्यान में रखते हुए मैत्रेय कॉलेज आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के तत्वाधान में IQAC और मेजर ध्यानचंद क्लब के अंतर्गत दो दिवसीय (25-08-2023 एवं 26-08-2023) खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इस खेल आयोजन का उद्देश्य निम्नलिखित है:-

1. विभिन्न प्रकार के खेलों के बारे में जानना और समझना
2. शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास करना
3. खेल के प्रति बच्चों को जागरूकता का भाव उत्पन्न करना
4. सामाजिक कौशलों का विकास करना

इस प्रतियोगिता में शॉटपुट, वॉलीबॉल, स्किपिंग, और जैवलिन-थ्रो खेलों को शामिल किया गया था । इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह ध्यानचंद क्लब के प्रभारी श्री अश्विनी कुमार मिश्रा एवं प्रभारी श्री अबोध चंद महातो के मार्गदर्शन में किया गया था । प्रतियोगिता का शुभारंभ सभी संकाय सदस्य एवं बी. एड. के दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं के समक्ष अपराह्न 1:30 बजे से 4:00 बजे तक रखा गया था । इस आयोजन में माननीय प्रभारी प्राचार्य महोदय के आदेश से महाविद्यालय के लेखाकार श्री संतोष कुमार जी के द्वारा शॉटपुट खेल के साथ प्रतियोगिता का शुरूआत किया गया । इसके पश्चात महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों इस प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं (शॉटपुट, वॉलीबॉल, स्किपिंग और भालाफेक) खेलों का आरंभ किया ।

इस प्रतियोगिता में अलग-अलग खेलों में भाग लिए हुए प्रशिक्षुओं की तालिका :

**स्किपिंग-** शिवानी कुमारी, काजल कुमारी, गुंजा कुमारी, कामिनी कुमारी, आरती कुमारी, श्रेया रानी, पुष्पा कुमारी, रोशनी कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रतिभा कुमारी, स्वीटी कुमारी, रुचि कुमार, अर्चना कुमारी, प्रियांशी कुमारी और श्वेता कुमारी ।

**वॉलीबॉल-** आदित्य झा, सोनू कुमार, अजीत कुमार, रोहित कुमार आनंद, विभीषण कुमार, आदित्य कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, संगम कुमार, राहुल कुमार, हिमांशु शर्मा और रणजीत कुमार ।

**गोला फेक-** आरती कुमारी, गुंजा कुमारी, कुंदन कुमार, प्रियंका कुमारी, प्रकाश कुमार, प्रतिभा, सत्यम कुमारी, सोनू कुमार, रुचिका, अभिषेक कुमार, हिमांशु शर्मा, सुरभि, रुचि, अर्चना, प्रियांशी, रानी, श्वेता, ट्विंकल और अनामिका ।

**भला फेक-** कुंदन कुमार, गुंजा कुमारी, आरती कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्रकाश कुमार, रुचिका, प्रियंका, श्रेया रानी, सोनू कुमार, ऋतुराज, पम्मी, दीपक कुमार, विनीत कुमार, अभिषेक कुमार, आदित्य कुमार और श्वेता ।

इस प्रतियोगिता में प्रतीक खेलों का तीन राउंड का मौका दिया गया था । जिसमें शॉटपुट के फाइनल राउंड में गुंजा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्रियांश राज, अनामिका कुमारी, रुचिका, पम्मी कुमारी ने अपनी जगह बनाई । जिसमें औसत 15 फुट की दूरी तक फेंकने वाले को रखा गया था, जिसमें फाइनल राउंड में प्रियांश राज प्रथम स्थान 19.1 फीट द्वितीय स्थान प्रतिभा कुमारी 18 फीट, तृतीय स्थान गुंजा कुमारी 17.9 फीट देखकर अपना स्थान दर्ज की थी ।





वहीं पुरुष वर्ग में फाइनल राउंड में हिमांशु शर्मा प्रथम स्थान 26.10 फीट, द्वितीय स्थान अभिषेक कुमार 26.9 फीट एवं तृतीय स्थान अविनाश कुमार 25 फीट की दूरी तक अपना स्थान दर्ज किया।

स्किपिंग में महिला प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता हुई जिसमें फाइनल राउंड में शिवानी, आरती, अर्चना, रुचि, पामिनी, और तानिया के बीच हुआ जिसमें पामिनी कुमारी 5.07 मिनट से प्रथम स्थान, 4.26 मिनट से अर्चना ने दूसरा स्थान एवं 4.11 मिनट से तीसरा स्थान रुचि ने प्राप्त किया।









भाला फेक के फाइनल राउंड में हिमांशु शर्मा, अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार, आदित्य झा, आदित्य कुमार, विभीषण कुमार, राहुल कुमार, विशाल पांडेय, अविनाश कुमार ने भाग लिया था, जिसमें प्रथम स्थान राहुल कुमार ने 112.6 फ़ीट द्वितीय स्थान आदित्य कुमार ने 100 फ़ीट और तृतीय स्थान आदित्य झा 96.6 फ़ीट फेककर अपना स्थान बनाया।







वॉलीबॉल के फाइनल राउंड में ग्रुप (अ) में आदित्य झा, सोनू कुमार, अजीत कुमार, रोहित कुमार आनंद, विभीषण कुमार और आदित्य कुमार । ग्रुप (ब) में अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, संगम कुमार, राहुल कुमार, हिमांशु शर्मा और रंजीत कुमार जिसमें ग्रुप (अ) 2.0 से अपनी जीत हासिल किया ।






इस प्रतियोगिता के बाद निष्कर्ष निकला कि प्रशिक्षुओं में अलग-अलग खेल के बारे में जानकारी प्राप्त किया और साथ ही प्रशिक्षुओं के अंदर खेल के प्रति जागरूकता का भाव देखने को मिला। इसी के साथ इस प्रतियोगिता को संपन्न किया गया ।

## वेबिनार समावेशी  क्लासरूम


आज दिनांक 29-08-2023 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट हाजीपुर द्वारा IQAC के तत्वाधान में एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक "समावेशी  क्लासरूम" था। जिसका संचालन गूगल मीट  के माध्यम से किया गया।

**इस वेबिनार  के उद्देश्य :**

1. जीवन के हर पहलू में लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय, मानवाधिकार, भाईचारे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसका प्रसार करना,
2. शारीरिक चुनौतियों सहित किसी भी प्रकार के अलगाव को रोकने के लिए सामाजिक जीवन में व्यक्तियों को मजबूत करना,
3. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लागू स्वस्थ दृष्टिकोण, गतिविधियों और संसाधनों को विकसित और कार्यान्वित करना । इस वेबिनार में समावेशी शिक्षा की समग्र व्याख्या की गई ।

मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रिपोर्ट मे समावेशी शिक्षा विशेष बल दिया गया है, समय के साथ समाज मे भी जागरूकता आई है और माता-पिता अपने बच्चो की कमियों को पहचान कर शिक्षा दे रहे है । संकाय सदस्य अबोध चंद्र माहतो ने समावेशी शिक्षा के इतिहास से सभी को परिचित कराया, जिसमे से लमंका रिपोर्ट से लेके PWD Act 1995, PWD Act 2016 एवं 2020 पॉलिसी के बारे मे बताया ।

वेबिनार की मुख्य अतिथि मिस आशा ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति समाज में नकारात्मक नज़रिया व्याप्त है । इन्हें मुख्य धारा में शामिल करने के लिए समावेशी शिक्षा की जरूरत है । उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा सभी बच्चों को स्कूल में एक साथ बिना किसी भेदभाव के शिक्षा देने पर बल देती है । प्राचार्य अजय कुमार सिंह  ने समावेशी शिक्षा के अनुभव सांझे करते हुए कहा कि विकलांगता वाले बच्चों को यदि अवसर मिले तो वे बुलंदियों को छु सकते हैं और देश के विकास में योगदान कर सकते हैं । एक शिक्षक के रूप में समावेशन को बढ़ाने के लिए हमें खुद में बदलाव लाने की जरूरत है । हमें दिव्यांगजनों को स्वीकार करके उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए ।




**इस वेबिनार में द्वितीय वर्ष (2022-24) के कुछ प्रशिक्षुओ ने पेपर प्रस्तुत कर अपने विचारों को साझा किया :**

1. प्रीति रानी Roll no 1099, समावेशी शिक्षा के लिए विद्यालयों की तैयारी
2. शेख फरजाना प्रवीण, roll no 1143 (B.Ed. 2022-24) समावेशी शिक्षा
3. नेहा कुमारी, Roll no- 1101 (B.Ed. 2022-24) शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009
4. प्रियंका कुमारी, Roll 1090 (B.Ed. 2022-24) समावेशी विद्यालय
5. रोशनी कुमारी, Roll no 1100 (B.Ed. 2022-24) समावेशी विद्यालय का प्रबंधन।
6. अभिषेक कुमार, Roll no.1086, पुष्पा कुमारी Roll no. 1086 (B.Ed.2022-24) समावेशी शिक्षा में शिक्षक की भूमिका, कार्य एवं उद्देश्य।
7. ट्विंकल कुमारी, Roll no. 1077 (B.Ed. 2022-24) समावेशी शिक्षा में कक्षा प्रबंधन।
8. श्रेया रानी, Roll no. 1055 (B.Ed. 2022-24) शैक्षिक प्रशासन की संरचना।
9. रोहित कुमार आनंद, Roll no. 1076 (B.Ed. 2022-24) NEP 2020 और समावेशी शिक्षा।
10. सोनू कुमार, Roll no.1092 (B.Ed.2022-24) समावेशी शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां।

इस दौरान कॉलेज के दोनों सत्र के 85 शिक्षार्थियों ने भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर के माध्यम से काफी जानकारी प्राप्त की। वेबिनार का संचालन डॉ. निक्की कुमारी और अबोध चंद्र महातो ने किया। स्वागत भाषण सहायक प्रोफेसर डॉ निक्की कुमारी के द्वारा किया गया। सेमिनार के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा सहायक प्राध्यापक डॉ प्रणव कुमार तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका रेखा कुमारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉलेज के अकादमिक निदेशक प्रो ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य अजय कुमार सिंह, तथा सभी संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## हिंदी पखवाड़ा : प्रतिवेदन



मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट हाजीपुर में दिनांक 01-14 सितंबर 2023 की अवधि में आयोजित हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत सत्र 2022-24 एवं सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं के बीच दिनांक 03-09-2023 को एक श्रुतिलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें हिंदी विषय के कुल 20 शब्द लिखवाए गए। साथ ही एक अनुच्छेद लेखन के द्वारा प्रतियोगियों की वर्तनी वाक्य विन्यास तथा अन्य प्रकार की व्याकरण संबंधी अशुद्धियों की जांच की गई। संस्थान के कक्षा-कक्ष 02 में सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी द्वारा श्रुति लेखन एवं अनुच्छेद लेखन प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह संकाय सदस्य श्री आनंद प्रकाश, डॉ. निक्की कुमारी एवं श्री अबोध चंद्र महातो की निगरानी में कराया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच उपरांत उन्हें उनके प्राप्त अंकों एवं उनकी अशुद्धियों से अवगत कराया गया। दिनांक 08-09-2023 को प्रशिक्षुओं के बीच व्याकरण के विषयों-शब्द विचार वर्तनी संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया-विशेषण, कारक, लिंग,काल, वचन के साथ-साथ हिंदी साहित्य के सात लेखकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित बहु-वैकल्पिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस जांच परीक्षा का परिणाम उसी दिन प्रशिक्षुओं को बतलाया गया तथा सही उत्तरों से भी उन्हें अवगत कराया गया। दिनांक 03-09-2023 एवं दिनांक 08-09-2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चार प्रशिक्षुओं को सेंट जेवियर्स कॉलेज पटना द्वारा 11 सितंबर 2023 को आयोजित अंतर महाविद्यालय हिंदी क्विज प्रतियोगिता हेतु भेजा गया, जिसमें सत्र 2022-24 की साक्षी गोस्वामी, मोनिका कुमारी, रोहित कुमार आनंद तथा विभीषण कुमार सम्मिलित हुए थे। वहां मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट के इन प्रशिक्षुओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता हेतु संस्थान के प्रतिनिधि शिक्षक के रूप में डॉ. प्रणव कुमार तिवारी सम्मिलित हुए जिन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज में प्रशिक्षुओं हेतु आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक दल के सदस्य की भूमिका निभाई। अंत में डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने कविता पाठ के प्रतिभागियों एवं अन्य प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कविता पाठ की शैली के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अपनी स्वरचित रचनाओं का स्वस्वर पाठ किया जिससे दर्शकों की खूब प्रशंसा मिली। मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट हाजीपुर के द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत साहित्य कुंज एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में कविता पाठ, कहानी पाठ और हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दिनांक 13-09-2023 को संस्थान के डॉक्टर राधाकृष्णन सेमिनार कक्ष में अपराह्न 02:00 बजे से 03:30 तक कविता का एवं कहानी पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें प्रशिक्षुओं ने बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ शिरकत किया। दिनांक 13-09-2023 को कविता पाठ एवं कहानी पाठ में क्रमशः 21 एवं 05 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया और निर्धारित अवधि में निर्णायक दल के द्वारा तय मानकों के अनुरूप विभिन्न कविताओं एवं कहानियों का पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व कुछ कविताओं एवं कहानियों का आदर्श-पाठ प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता के नियमों एवं अन्य बिंदुओं को प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कुल चार निर्णायकों-प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह, डॉ प्रणव कुमार तिवारी, सहायक प्राध्यापक श्री आनंद प्रकाश एवं श्री अबोध चंद्र माहातो ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल द्वारा प्रदत्त अंकों के आधार पर कविता पाठ में क्रमशः रोहित कुमार सिंह (2023-25), प्रियंका कुमारी (2022-24), और चंदा कुमारी (2022-24) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे, वही कहानी पाठ में प्रीति रानी (2022-24, प्रियंका कुमारी (2022-24) और रोहित कुमार आनंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन संकाय श्री अबोध चंद्र महातो ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रणव कुमार तिवारी कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया।

साहित्य कुंज एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14 सितंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में हिंदी दिवस समारोह को हर्षो-उल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। 2:00 बजे से 3:30 तक इस अवसर पर हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सदनवार टीमों के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सभी चार सदनों की टीम के चार-चार सदस्यों ने प्रतिभागिता निभाई जिनकी सूची निम्न बात है –

प्रतियोगिता के प्रारंभ में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी द्वारा प्रतिभागी टीमों को प्रतियोगिता के नियमों एवं अन्य बिंदुओं से अवगत कराया गया, इसके पश्चात चारों सदनों की टीमों को बोधिसत्व सभागार के मंच पर निर्धारित स्थानों पर बैठाया गया, इसके पश्चात प्रतियोगिता हेतु सभी टीमों में से एक प्रतिनिधि का चयन अलग-अलग टीमों के प्रतिभागियों की सहमति से किया गया, जिसे अलग-अलग कल 10 चक्र के प्रश्नों के उत्तर देने इस टीम के अन्य सदस्यों के मशवरे के बीच निर्धारित 30 सेकंड में देना था।

इस प्रतियोगिता के लिए कुल 10 चक्रो में चार-चार प्रश्न पूछे गए इसके पश्चात जे. कृष्णमूर्ति सदन ने 95 अंकों के साथ प्रथम स्थान, डी. एस. कोठारी सदन ने 80 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, जे. पी. नायक सदन ने 75 अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा गिजू भाई सदन ने कुल 40 अंकों के साथ चतुर्थी स्थान प्राप्त किया। संचालक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी द्वारा दर्शकों के लिए भी प्रत्येक चक्र में एक-एक प्रश्न पूछा गया, सही उत्तर देने वालों को टौफ़ी देकर प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए अंकों की गणना प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम सह समन्वयक की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य द्वारा विजेता सदनों के नाम की घोषणा एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया इस अवसर पर संकाय सदस्य श्री आनंद प्रकाश, श्री अबोध चंद माहातो, श्री अश्विनी कुमार मिश्रा के साथ पुस्तकालय अध्यक्ष श्री प्रशांत अमर भी उपस्थित रहे।



हिन्दी पखवाड़े में उपस्थित प्रतिभागी व चयनकर्ता



कार्यक्रम संचालन करते कार्यक्रम प्रभारी

## शिक्षक दिवस समारोह 2023 की रिपोर्ट



आज दिनांक 05/09/2023 को मैत्रेय कॉलेज के बोधिसत्व सभागार में बी. एड. सत्र 2022-2024 एवं 2023-2025 के प्रशिक्षु शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से **IQAC** के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह **2023** का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की परंपरा अनुसार आज महाविद्यालय के सभी पदों, कार्यों, संचालन आदि का पूरा अधिकार प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा निर्वहन किया गया । जिसके लिए मुख्य भूमिका निभाते हुए **अकादमिक डायरेक्टर (प्रो.ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी) :** अविनाश कुमार, **चेयरमैन (हेमंत कुमार) :** आदित्य कुमार(झा), **सेक्रेटरी (उर्वशी शाही)** : कविता कुमारी, **प्राचार्य (प्रभारी) (अजय कुमार सिंह) :** विभीषण कुमार ने विभिन्न गतिविधियां संचालित करने की रूपरेखा तैयार की। वहीं **<u>संकाय सदस्य</u>** के रूप में **प्रणव कुमार तिवारी:** रोहित कुमार आनंद, **रेखा कुमारी :** रुचिका, **डॉ. निक्की कुमारी :** चंदा कुमारी, **आनंद प्रकाश :** देवकांत कुमार, **अश्वनी कुमार मिश्रा :** दीपक कुमार, **अबोध चंद्र माहातो :** हिमांशु कुमार, **ललिता कुमारी :** अंजली कुमारी, **राहुल कुमार :** राहुल कुमार, **पवन कुमार पांडेय :** पंकज कुमार, **आनंद मोहन :** विशाल पांडेय ने अपनी भूमिका निभाई। साथ ही **पुस्तकालय अध्यक्ष प्रशांत कुमार :** सोनू कुमार एवं **<u>कार्यकारी कर्मचारी</u>, चंद्र प्रकाश कुमार :** विनीत कुमार, **संतोष कुमार :** आदित्य कुमार (प्रसाद) और **प्रिया कुमारी :** प्रियांश कुमारी ने इन पदों पर अपनी भूमिका एक दिन के लिए निभाई। वहीं चेतना सत्र के उपरांत पहली घंटी में समय सारणी के अनुसार **कक्षा संचालन** की गतिविधि के रूप में कक्षा-कक्ष संख्या 01 में **अंजली कुमारी** ने **ललिता मैम** की कक्षा का द्वितीय वर्ष में संचालन किया और कक्षा-कक्ष संख्या 02 में **देवकांत साह** ने **आनंद सर** की कक्षा को संचालित किया।



पहली घंटी के उपरांत निर्धारित व प्रभारी प्राचार्य की ओर से निर्देशानुसार शिक्षक दिवस की विभिन्न गतिविधियों को करने के लिए सभी उपस्थित अतिथिगण, शिक्षकगण, प्रशिक्षु शिक्षक बोधिसत्व सभागार में उपस्थित हुए । बोधिसत्व सभागार की सुंदरता भी अतिविशिष्ट थी जिसे सजावट समिति के नेतृत्व में सजाया गया था । जिसमें देवकांत कुमार, राहुल कुमार, अविनाश कुमार,रोहित,संगम, रोशनी, काजल, ट्विंकल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

11:30 AM में बोधिसत्व सभागर के मंच से रुचिका (द्वितीय वर्ष) द्वारा संचालित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । जहां चंदा कुमारी (द्वितीय वर्ष) ने स्वागत सह वंदना गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिसके उपरांत राजा कुमार ने शिक्षक दिवस पर अतीत से वर्तमान की स्थितियों को दर्शाते हुए भाषण प्रस्तुत किया । इसके उपरांत पुनः चंदा कुमारी ने "गुरुर ब्रह्मा" गीत पर शानदार नृत्य पेश किया ।

इसके उपरांत पुनः एक भाषण के साथ द्वितीय वर्ष की प्रियंका कुमारी ने महाविद्यालय या अन्य शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक की भूमिका का वर्णन करते हुए शिक्षक को भगवान का रूप बताया । प्रथम वर्ष से प्रियंका कुमारी ने एक कविता "शिक्षक कहलाते हैं" के माध्यम से अपनी बात रखी । वहीं प्रथम वर्ष के शिवम कुमार ने एकल संगीत के माध्यम से "तू जो मिला" प्रस्तुत की । वहीं स्वरचित कविता "वो है शिक्षक श्रेष्ठ" के साथ द्वितीय वर्ष की कविता नारायण ने शिक्षकगण के समक्ष अपनी भावनाएं व्यक्त की ।




पूर्व निर्धारित समय 12:40 PM पर केक काटने के लिए व्यवस्थित सभी शिक्षकगण, कार्यकारी कर्मचारी के सामने लगी टेबल जिसपर सरप्राइज़ उपहार भी रखा गया था, जिसे सभी ने पहले खोला और देख सभी बेहद ही प्रसन्न दिखे । इसके उपरांत सभी को उपहार स्वरूप एक-एक पौधा दिया गया । इसके उपरांत सभी शिक्षक की भूमिका निभा

रहे प्रशिक्षु शिक्षक उनके साथ उपस्थित होकर केक को विधिवत काट कर सभी ने एक दूसरे को खिलाया । वहीं महाविद्यालय की तरफ से भी विशेष उपहार सभी संकाय सदस्य को दिया गया । वहीं महाविद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने वाले अन्य 04 कर्मचारी को भी प्रशिक्षुओं द्वारा सम्मानित किया गया ।

पुनः केक वितरण के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । जहां द्वितीय वर्ष की रुचि, मोनिका और तान्या ने "पास नहीं तो फेल नहीं" संगीत पर बहुत ही शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया । इसके उपरांत प्रथम वर्ष से रानी, सुरभि, प्रियंका, जूली, गायत्री, काजल, ज्योति एवं द्वितीय वर्ष से अंजली ने समूह गीत "ये गुरुवर तो ज्ञान का सागर है" प्रस्तुत किया । पुनः एक नृत्य के साथ द्वितीय वर्ष से प्रीति रानी अपनी शानदार प्रस्तुति दी गाने का बोल था "शुक्रिया शुक्रिया" । इसके उपरांत द्वितीय वर्ष द्वारा एक समूह गीत रोहित, हिमांशु, आदित्य प्रसाद, विनीत, आदित्य झा, अविनाश, पंकज, राहुल, सुजाता और रोशनी द्वारा प्रस्तुत किया गया । वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम की आखिरी प्रस्तुति के रूप में समूह नृत्य लेकर द्वितीय वर्ष से रुचि, तान्या, स्वेता, चंदा और मोनिका ने कई मिक्स गानों पर शानदार प्रस्तुति दी ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन के उपरांत सभी संकाय सदस्य एवं कार्यकारी कर्मचारियों सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया । सबसे पहले गुब्बारे फोड़ने की गतिविधि हुई जिसमें बिना हाथ लगाए कुल 20 गुब्बारों को सबसे पहले फोड़नी थी । जिसमें संकाय सदस्य श्री अबोध चंद्र महतो सर विजयी हुए ।

इसके उपरांत म्यूजिकल चेयर गतिविधि हुई जिसमें बहुत ही रोचक तरीके से पुनः संकाय सदस्य श्री अबोध चंद्र माहातो सर विजयी हुए। तीसरी गतिविधि के रूप में सरप्राइज़ एक्टिविटी हुई जिसे द्वितीय वर्ष के रोशनी कुमारी और ज्योति कुमारी द्वारा करवाया गया । यह गतिविधि बेहद ही रोचक थी । इस गतिविधि के दौरान हमें रैंप वॉक, नृत्य,




डायलॉग्स, संगीत आदि देखने सुनने का बहुत ही शानदार मौका मिला । एक आखिरी गतिविधि के रूप में कप और गुब्बारा की गतिविधि हुई जिसमें पुनः संकाय सदस्य श्री अबोध चंद्र महातो सर विजयी हुए । इसके उपरांत कार्यक्रम के समापन के लिए आज के प्रभारी प्राचार्य विभीषण कुमार और इसके उपरांत आज के प्रभारी अकादमिक निदेशक अविनाश कुमार ने समापन भाषण दिया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों के पूर्ण होने के बाद स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था थी, उपस्थित सभी ने स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया। आज के हुए विभिन्न गतिविधियों में हुए पूरे खर्च दोनों सत्रों के विभिन्न प्रशिक्षुओं द्वारा सहयोग राशि के रूप में ₹300 या उस से भी अधिक स्वेक्षा से दी गई राशि द्वारा किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का प्रारूप

| क्रम. | प्रस्तुतकर्ता | सत्र | विधा | समय |
|---|---|---|---|---|
| | | केक काटना | | 11:30AM–11:45 AM |
| 1 | चंदा कुमारी | 2022 – 24 | वंदना | 11:45AM–11:50AM |
| 2. | राजा कुमार | 2023 – 25 | भाषण : ............. | 11:51AM–11:55AM |
| 3. | चंदा कुमारी | 2022 – 24 | नृत्य: गुरुर ब्रह्मा | 11:56AM–12:00 PM |
| 4. | प्रियंका कुमारी | 2022 – 24 | भाषण : .............. | 12:01PM–12:05PM |
| 5. | प्रियंका कुमारी | 2023 – 25 | कविता: शिक्षक कहलाते है | 12:06PM–12:10 PM |
| 6 | शिवम कुमार | 2023 – 25 | संगीत (एकल) : तू जो मिला | 12:11 PM–12:20PM |
| 7. | कविता नारायण | 2022 – 24 | कविता: वो है गुरु श्रेष्ठ | 12:21PM–12:25PM |
| 8. | रुचि, मोनिका, तान्या | 2022 – 24 | नृत्य:पास नहीं तो फेल नहीं | 12:26PM–12:31PM |
| 9. | रानी, सुरभि, प्रियंका, जूली, ज्योति,काजल (1st year) गायत्री, अंजली (2nd year) | 2022 – 24<br>2023 – 25 | समूह गीत : ये गुरु तो ज्ञान का सागर है। | 12:32PM–12:40PM |
| 10. | प्रीति रानी | 2022 – 24 | नृत्य : शुक्रिया | 12:41PM–12:45PM |
| 11. | रोहित, हिमांशु, आदित्य प्रसाद, विनीत, आदित्य झा, अविनाश,पंकज, राहुल, सुजाता | 2022 – 24 | समूह गीत : ओ वुमनिया.. | 12:46PM–12:55PM |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 12. | रुचि, तान्या, स्वेता, चंदा,मोनिका | 2022 – 24 | नृत्य : मैश अप सांग | 12:56:PM–01:00PM |

<u>गतिविधि</u>

| क्रम | गतिविधि का नाम | सभी संकाय सदस्य & कार्यकारी कर्मचारी सामूहिक रूप से सम्मिलित | |
|---|---|---|---|
| 01 | गुब्बारे फोरना | | |
| 02 | संगीत और कुर्सी | | 01:01PM – 01:30 PM |
| 03 | सरप्राइज एक्टिविटी | | |
| 04 | गुब्बारा और कप | | |

**कार्यक्रम समापन संबोधन :** विभीषण कुमार

**मंच संचालन:** रुचिका, **मध्याह्न भोजन:** (01:20PM-02:00 PM), **सदनवार अंतराक्षरी गतिविधि:** (02:10PM- 03:00PM) ; **नेतृत्व**: सदन प्रभारी, **खेल गतिविधि:** (03:00PM-03:45 PM) संकाय प्रभारी + शिक्षार्थी v/s संकाय प्रभारी + शिक्षार्थी बैडमिंटन, शॉर्टपुट, वॉलीबॉल, चेस etc...

## TLM MELA

आज दिनांक 22 सितंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में TLM (Teaching Learning Material) मेले का आयोजन 2:00 PM से 4:00PM तक किया गया। इस TLM मेले का आयोजन सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी के द्वारा, IQAC cell के प्रभारी व सहायक प्रोफेसर अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिशुओं में चिन्तन, रचनात्मकता, सृजनात्मकता, प्रदर्शन कौशल व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संचार करना रहा।

इस मेले में बी.एड. प्रथम व द्वितीय दोनों वर्षों के प्रशिक्षुओं ने मिलकर भाग लिया और विभिन्न विषयों पर वर्किंग, नॉन वर्किंग व चार्ट प्रस्तुत किए जिनकी कुल संख्या 62 थी। जिनमें गणित से 8, हिन्दी से 4, इंगलिश से 6, विज्ञान से 31 (जिसमें जीव विज्ञान से 22, भौतिक विज्ञान से 6 व रसायन विज्ञान से 3), भूगोल से 3, अर्थशास्त्र से 4, इतिहास से 5 और कम्प्यूटर साइंस से 1 था। बी.एड. प्रथम वर्ष से सानू कुमारी ने और सत्यम कुमारी ने 'Sentence' विषय पर अपने TLM प्रस्तुत किए। बी.एड. द्वितीय वर्ष से मोनिका कुमारी ने 'Parts of Speech' पर, हिमांशु शर्मा ने 'Tense' पर, अफ़साना ने 'Opposite words & magic words' पर वर्किंग मॉडल, मनीषा कुमारी ने 'Pronoun' पर, राहुल कुमार ने 'Articles & Examples' पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए।

बी.एड. द्वितीय वर्ष से साक्षी गोस्वामी ने 'हिन्दी साहित्य की विधाएँ' पर, गायत्री ने 'हमारे वेद' पर और बी. एड. प्रथम वर्ष से प्रतिभा कुमारी ने 'वेद के प्रकार' पर व प्रियंका कुमारी ने 'व्याकरण' पर अपना TLM प्रस्तुत किया।

बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु फ़रजाना ने 'drip irrigation' पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु प्रियंका, जुली कुमारी, नेहा कुमारी व बी.एड. प्रथम वर्ष से रानी कुमारी ने विटामिन विषय पर अपना TLM प्रस्तुत किया, जिनमें से कुछ वर्किंग मॉडल थे। इसके बाद बी. एड. प्रथम वर्ष से प्रियंका ने मानव नेत्र को थर्माकॉल पर बना कर प्रस्तुत किया। बी. एड. प्रथमवर्ष से ज्योति कुमारी ने चार्ट पर वेलवेट का प्रयोग करते हुए पुष्प के विभिन्न भागों को दर्शाया व उनका महत्व बताया। रक्त ग्रुप पर 3 प्रशिक्षुओं ने अपना TLM प्रस्तुत किया जिनमें प्रथम वर्ष से पामिनी कुमारी, द्वितीय वर्ष से रुचिका और प्रियंका कुमारी हैं। बी.एड. प्रथम वर्ष से शिवानी कुमारी ने मानव हृदय पर वर्किंग मॉडल, स्वर्णलता ने गति के प्रकार पर, जुली कुमारी ने पौधों में जनन पर अपने TLM प्रस्तुत किए। बी.एड. द्वितीय वर्ष से पूजा कुमारी ने प्रकाश संश्लेषण पर, प्रीति रानी ने पादप कोशिका पर, निधि सुमन ने पौधों में जनन पर, विनीत कुमार ने पादप व जन्तु कोशिका पर, प्रियंका कुमारी ने पोषक तत्वों और पादप कोशिका पर अपना TLM प्रस्तुत किया। बी. एड. द्वितीय वर्ष से कविता कुमारी व प्रीति कुमारी दोनों ने श्वसन (फेफड़े का कार्य/ फेफड़ों में गति) का वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया जो कि बहुत ही आकर्षक लग रहे थे और सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। बी.एड. द्वितीय वर्ष से मीनू कुमारी ने चुंबक के प्रकार पर, प्रियंका कुमारी ने प्रकाश के परावर्तन पर वर्किंग मॉडल, संजय कुमार ने गति के प्रकार पर, तान्या सिंह ने प्रकाश के स्त्रोत पर अपने TLM प्रस्तुत किए। बी.एड. द्वितीय वर्ष से आदित्य कुमार ने लवण और क्षार पर, देवकान्त शाह ने पदार्थ के वर्गीकरण पर, रणजीत ने तत्व और उनके चिन्ह पर अपना TLM प्रस्तुत किया।

बी. एड. द्वितीय वर्ष से अभिषेक कुमार ने कोणों के प्रकार पर वर्किंग मॉडल, ट्विंकिल कुमारी ने संख्या प्रणाली पर, अजीत कुमार यादव ने fraction, percentage, decimal पर, रोहित कुमार आनंद ने measurement ofquantities पर, अविनाश कुमार ने trigonometric formulas पर वर्किंग मॉडल, स्वीटी कुमारी ने trigonometric ratio table पर वर्किंग मॉडल, रौशन कुमार ने formula of trigonometric & algebra पर और रौशन कुमार (1066) ने trigonometric ratio पर अपने TLM प्रस्तुत किए।






बी. एड. द्वितीय वर्ष से चंदा कुमारी ने 'अकबर के दरबार के नवरत्न' पर किरण कुमारी ने 'भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की प्रमुख घटनाएँ' पर और बी. एड. प्रथम वर्ष से सरोज कुमारी ने ' 1857 की क्रान्ति' पर, गूँजा कुमारी ने 'पाषाण युग' पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए । बी. एड. द्वितीय वर्ष से संगम कुमार और सुजाता कुमारी ने 'Sector of Indian Economy' पर, ज्योति कुमारी ने 'बेरोज़गारी' पर अंजली कुमारी ने 'मौलिक अधिकारों' पर, ऋतुराज ने 'मौलिक कर्तव्यों' पर अपने TLM प्रस्तुत किए । बी. एड. द्वितीय वर्ष से रुचि कुमारी ने 'parts of computer' पर waste material से अपना TLM बनाया ।

अन्त में TLM मेले का अवलोकन संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ने और सभी संकाय सदस्यों ने किया । जिसमें सभी विषयों के विशेषज्ञों ने अपने- अपने विषयों के विशेष ज्ञान के अनुसार सभी प्रशिक्षुओं से उनके TLM से संबन्धित प्रश्न किये । जैसे कि सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी ने बी. एड. द्वितीय वर्ष की प्रियंका से और नेहा से पूछा कि कोशिकाओं में ऑक्सीज़न की कमी से क्या हो सकता हैं? कैंसर क्या होता हैं? फ़रजाना से पूछा की hydrophobic technique से क्या तात्पर्य है और hydrophobic technique भारत में कहाँ पर सबसे ज्यादा प्रयोग हो रही हैं? अभिषेक से पूछा कि आप यह बताएं की सामने वाली दीवार की लंबाई कितनी है? चन्दा से पूछा की उनके चार्ट में लिखे नवरत्न का क्या अर्थ हैं? विनीत से पूछा की एक मिनट में कितनी कोशिकाएं मरती व जन्म लेती हैं? प्रियंका (1st) से सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी ने पूछा की आँख के भाग में इन्फ़ैकशन होता हैं? प्रभारी प्राचार्य ने प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु 'रानी' से पूछा की विटामिन्स को इसी क्रम में क्यों रखा जाता हैं? ज्योति से पूछा की आपने फूल का रंग पीला ही क्यों चुना? प्रियंका को अपने TLM में सुधार करने को कहा । पामिनी को सुझाव दिया की TLM ऐसा होना चाहिए जो बच्चे आसानी से प्रयोग कर सके । वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर प्रणव तिवारी ने हरेक प्रशिक्षु की भाषा की बारीकी से जाँच की और सरोज को कुछ गलतियों को ठीक करने को कहा । इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ ।

**कार्यक्रम की संप्राप्ति :**

1) प्रशिक्षुओं में चिन्तन, रचनात्मकता व सृजनात्मकता का विकास हुआ ।
2) प्रशिक्षुओं में प्रदर्शन कौशल व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हुआ ।

# योग एवं प्राणायाम

आज दिनांक 29/09/2003 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर में पतंजलि योग क्लब के तत्वावधान में सभी प्रशिक्षुओं के साथ योग प्राणायाम के विषय पर एक कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बाहर से एक्सपर्ट के रूप में योग ट्रेनर को बुलाया गया। योग विशेषज्ञ चितरंजन कुमार सर और कविता कुमारी की उपस्थिति में योग एवं प्राणायाम के हर विषय के साथ सूक्ष्म हीलिंग के बारे में अच्छे से चर्चा किया गया था।

इस कार्यक्रम के उद्देश्य इस प्रकार थे:


- योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- योग के प्रति रुचि पैदा कराना।
- व्यक्तित्व का विकास कराना।
- मानसिक विकास, नैतिक विकास के लिए।


यह कार्यक्रम का 11:00 से 1:00 बजे तक चला, जिसमें योग के सूक्ष्म व्यायाम, आसन प्राणायाम, ध्यान एवं स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया, साथ ही साथ प्रैक्टिकल भी करवाया गया था। शुरू में ही योग विशेषज्ञ चितरंजन कुमार ने कुछ मूल प्रश्न के साथ शुरू की, जिसमें उन्होने बताया कि आप कौन हैं ? कितने प्रकार का शरीर है ? आप कैसे सांस लेते हैं ? सांस का क्या महत्व है? हीलिंग क्या है? आप आपने को स्वस्थ कैसे रखते है ? इन सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुये बताया कि योग, प्राणायाम एवं हेलिङ्ग प्रैक्टिस से आप आपने को स्वस्थ एवं खुश रख सकते हो और प्राणायाम के बारे मे बताते हुए कहा कि प्राणायाम एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा आपने शरीर को प्राण ऊर्जा को प्राप्त कर सकते हैं,फिर सूक्ष्म व्यायाम से शुरुआत करते हुए कुछ सिर से पैर तक का सूक्ष्म व्यायाम किया। उसके बाद कुछ आसन खड़े होकर प्रशिक्षुओं के साथ किया गया। साथ ही में प्राणायाम, ध्यान और हिलिंग के बारे में बताते हुए प्रैक्टिकल भी करवाएं गए- जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका प्राणायाम आदि।





## <u>महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह</u>




आज दिनांक 30/09/2023 को मैत्रेय परिसर के बोधिसत्व सभागार में समय (01:45से 03:30PM) महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एड. प्रथम सत्र (2023-25) एवं बी.एड द्वितीय सत्र (2022-24) के प्रशिक्षुओं ने इस समारोह में हिस्सा लिया एवं महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के ऊपर अपने-अपने विचार प्रकट किये। साथ ही इस जयंती समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान की ओर से सभी प्रशिक्षुओं को निर्देश दिया गया कि वें अपने घरों के आस-पास “स्वच्छ भारत अभियान” के अंतर्गत सफाई करेंगे साथ ही एक फोटो ग्रुप में भेजेंगे।

इस जयंती समारोह के कार्यक्रम में बी.एड. द्वितीय सत्र (2022-24) की छात्रा ट्विंकल कुमारी ने मंच संचालन में अपना योगदान दिया, कार्यक्रम की शुरुआत में संकाय सदस्य एवं बी.एड. के दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के तैलचित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई ।







**संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षुओं के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के तैल चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि**

मंच संचालिका ट्विंकल ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के बारे में संक्षेप में अपने विचार को सभी के सामने प्रस्तुत किया । तत्पश्चात सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा "एक था मोहन" पुस्तिका का वाचन किया गया । बी.एड द्वितीय सत्र के प्रशिक्षु रोहित कुमार आनंद ने चौरी-चौरा में महात्मा गांधी के विचार को सभी को बताया,कविता कुमारी ने महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह के बारे में बताया, रोहित कुमार ने महात्मा गांधी का संबोधन भारत छोड़ो आंदोलन के समय की बात बताई, रोशनी कुमारी ने लाल बहादुर शास्त्री जी का प्रशासनिक पदों पर कार्य के बारे में बताया । इसी प्रकार बी.एड द्वितीय सत्र एवं प्रथम सत्र के प्रशिक्षुओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में अपने-अपने विचार रखते हुए गांधी एवं शास्त्री के व्यक्तित्व को भरी सभा में साझा किया।

इसके पश्चात संस्थान के संकाय सदस्य डॉ.प्रणव कुमार तिवारी सर ने एक बहु-आयामी व्यक्तित्व के रूप में शास्त्री जी को बताया और उनके जीवन के ऊपर अपने विचार प्रकट किये । महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह ने महात्मा गांधी और उनके नेतृत्व के तरीकों के बारे में, गांधी के विचार मानव और मानवता के लिए जनता को जागरूक करने का आधार था,इसके बारे मे बताया ।

इसके पश्चात "महात्मा गांधी स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत संस्थान परिसर में साफ-सफाई का 15 मिनट का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्य एवं संस्थान के सभी कर्मचारियों के लिए एक संदेश था कि साफ -सफाई हमारे लिए कितना जरूरी है । इस कार्यक्रम को डॉ.प्रणव कुमार तिवारी सर के नेतृत्व में किया गया।

**'एक था मोहन' पुस्तक का वाचन करने वाले प्रशिक्षुओं की सूची :-**

1. साक्षी गोस्वामी (2022-24 )'डरपोक आजाद नहीं रहते'। 2. पूजा कुमारी (2022-24) 'सत्य निडर बनता है'। 3. अंजली कुमारी (2022-24) 'महात्मा गांधी जहां हो वहां'। 4.तान्या सिंह (2022-24) 'एक मध्यम वर्ग का छात्र'। 5. काजल कुमारी (2023-25) 'अनाड़ी बना कुली बैरिस्टर' । 6. मुकुंद कुमार (2022-24) 'मुकदमेबाजी से फैसले मिलते हैं

न्याय नहीं'। 7.विशाल पांडे (2022-24) 'पीट-पीटकर सीखा रंग भेद का सबक'। 8. शिवानी कुमारी (2023-25) 'करने वाला ही सिखाता है'। 9. प्रीति रानी (2022-24) 'चमड़ी का रंग और गाड़ी से उतारा जाना'। 10. रानी कुमारी (2023-25) 'पति-पत्नी और आजादी की लड़ाई'।




**कार्यक्रम की छवि**

## <u>वैशाली जिला के 51वें स्थापना दिवस पर निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता</u>






<u>शिक्षा विभाग, वैशाली द्वारा आयोजित निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे और साथ आए विद्यालय प्रतिनिधि के रूपमें (MCEM के प्रशिक्षु) शिक्षक</u>

जिलाधिकारी यशपाल मीणा के आदेशानुसार वैशाली जिला 51वें स्थापना दिवस, 12 अक्टूबर 2023 को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। वैशाली जिला 12 अक्टूबर 1972 को अस्तित्व में आया था। यह बहुत ही भव्य रूप से मनाया गया। सुबह में 07:00 बजे स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात् 08:00 बजे अक्षयवट राय स्टेडियम से पदाधिकारियों और विद्यालयी बच्चों के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई, जो हाजीपुर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। दिन के 10:30 बजे समाहरणालय सभागार में स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। इस अवसर पर 51 दीप जलाये गए। वहीं पर स्वच्छता एवं पर्यावरण आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। आईसीडीएस के द्वारा रंगोली बनायी गई। इस अवसर पर ट्राई साईकिल का वितरण भी किया गया। दिन में 04:00 बजे से अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में जिला प्रशासन एवं मीडिया एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। सिविल सर्जन को सदर अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस सोसाईटी के सहयोग से रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

जिलापरिषद, वैशाली के समाहरणालय में शिक्षा विभाग, वैशाली द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता और चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विभिन्न विद्यालयों के चयनित (कक्षा 06 से12 तक) 30 बच्चे प्रत्येक विधा में प्रत्येक विद्यालय से विद्यालय स्तर पर चयनित 02 या 03 बच्चे भाग लेने पहुंचे और भाग लिए। जहां राजकिशोर उच्चविद्यालय, युसुफपुर, हाजीपुर से 02 बच्चे निबंध प्रतियोगिता में और 03 बच्चे चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लिए। विद्यालय प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती आराधना कुमारी (शिक्षिका) और मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर से साक्षी गोस्वामी, विनीत कुमार, रुचिका कुमारी एवं रोहित कुमार आनंद इस में शामिल हुए। जिनके द्वारा बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए विशेष रूप से तैयार भी किया गया था। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अक्टूबर को संध्या 05:00 बजे से अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जिला-स्तरीय निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता में बिहार के वैशाली जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालय (कक्षा 06 से 08 औरकक्षा 09 से 12 तक) के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को वैशाली जिलाधिकारी श्री यशपाल मीना द्वारा प्रमाणपत्र और आशीर्वाद दिया गया। जहां **राजकिशोर उच्च विद्यालय** (कक्षा 09 से 12 वर्ग में) के **09 वीं** कक्षा की **तान्या कुमारी** ने **द्वितीय** स्थान प्राप्त किया।



# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

आज दिनांक 14-10-2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर महाविद्यालय के राधाकृष्णन संवाद कक्ष में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महोदय अजय कुमार सिंह के द्वारा अब्दुल कलाम की तस्वीर पर माल्यार्पण के द्वारा हुआ, इसके उपरांत संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं के द्वारा बारी-बारी से पुष्पांजली अर्पित की गई।




चित्र: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर राधाकृष्णन संवाद कक्ष में प्रशिक्षु माल्यार्पण करते हुए

इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य व शिक्षार्थियों ने निम्न विषयों पर अपनी-अपनी सराहनीय प्रस्तुति दी-----

| क्रम. | | | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | माल्यार्पण/पुष्पांजलि | सभी संकाय सदस्य | 02:30 -02:45 P.M |
| 2. | अब्दुल कलाम की जीवन परिचय | सहायक प्राध्यापक आनंद प्रकाश | 02:45 -02:55 P.M |
| 3. | अब्दुल कलाम के विचार | ज्योति कुमारी | 02:55 -03:02 P.M |
| 4. | अब्दुल कलाम का विज्ञान में योगदान | रानी कुमारी | 03:02 -03:09 P.M |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | **अब्दुल कलाम की उपलब्धियाँ** | **पामिनी कुमारी** | 03:09 -03:16 P.M |
| 6. | **अब्दुल कलाम के सफलता की कहानी** | **प्रियंका कुमारी** | 03:16 -03:22 P.M |
| 7. | **अब्दुल कलाम 'मिसाइल मैन' के रूप में** | **काजल कुमारी** | 03:22 -03:29 P.M |
| 8. | **अब्दुल कलाम पर वीडियों (डॉक्यूमेंट्री)** | | 03:29 -04:00 P.M |

इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षु ज्योति कुमारी (1176) ने किया। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के विचारों को प्रकट किया व बताया कि शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है, जो किसी व्यक्ति के चरित्र, क्षमता, और भविष्य को आकार देता है। आगे प्रशिक्षु रानी कुमारी (1153) ने अब्दुल कलाम का विज्ञान में योगदान पर प्रस्तुति दी व बताया कि बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौधोगिकी के विकास के कार्यो के लिए भारत में कलाम को 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है। अगले प्रतिभागी पामिनी कुमारी (1182) ने अब्दुल कलाम की उपलब्धियाँ बताईं, उन्होंने बताया कि कलाम के नेतृत्व में ही  रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के समीप स्थापित किया गया जो कि पहला स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान SLV था।

कार्यक्रम का समापन सहायक प्राध्यापक आनंद सर के द्वारा हुआ, उन्होंने अब्दुल कलाम के बचपन की कुछ कहानियों एवं उनसे व्यक्तित्व से सीखने योग्य प्रेरणादायक बातों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। सर ने बताया कि जब अब्दुल कलाम के पास पढने को पैसे नहीं थे व उनके उड़ान भरने के सपने टूटता हुआ नजर आ रहा था तब उनकी बड़ी बहन ने सोने का हार व कंगन बेचकर अपने भाई को पढाया| अब्दुल कलाम के जीवन के संघर्षों से हम सबको सीखकर जीवन में अग्रसर होना चाहिए। उनके जीवन से हमें ईमानदारी, संयम और परिश्रम की सीख मिलती है।

## डांडिया कार्यक्रम

आज दिनांक 19-10-2023 को संस्थान के बोधिसत्व सभागार में शिक्षार्थियों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना और डांडिया का आयोजन किया। जो प्रस्तुतियों को खास बना दिया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं शिक्षार्थियों ने मां दुर्गा की पूरे मन से जयकारा लगाते हुए मां की तस्वीर की पूजा की। जिसमें बी.एड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु राजाबाबू ने पंडित रूप में संकाय डॉ.प्रणव कुमार तिवारी सर को मां दुर्गा की पूजा करवाया, जिसमें मां दुर्गा की दसो रूपों की बारी-बारी से पूजा की गई।

जिनमे मां शैलपुत्री के रूप में गुंजा कुमारी, मां ब्रह्मचारिणी के रूप में जुली कुमारी, मां चंद्रघंटा के रूप में सेजल कुमारी, मां कुष्मांडा के रूप में प्रियंका कुमारी, मां स्कंद माता के रूप में स्वर्णालता, मां कात्यायनी के रूप में सुचित्रा, मां कालरात्रि के रूप में पामिनी, मां महागौरी के रूप में स्वीटी, मां सिद्धिदात्री के रूप में काजल और अंत में मां दुर्गा के रूप में डौली ने अभिनय किया।



मां दुर्गा के नव स्वरूप की छवि

इन सभी रूपों को बारी-बारी से मंच पर प्रत्येक रूप के मन्त्रों के उच्चारण के साथ बुलाया गया। सभी स्वरूप भव्य लग रहे थे, मानो साक्षात माताओं ने मैत्रेय बोधिसत्व सभागार में प्रकट ले लिया हो । सभी रूपों की पूजा की गई, इसके पश्चात मां के सभी रूपों को एक साथ जोड़कर भव्य रूप मां दुर्गा का दिखाया गया।

इसके पाश्चात शिक्षार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने मिलकर डांडिया के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई । बी.एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु पारुल ने अपनी एकल नृत्य "नगाड़े संग ढोल बाजे...." गाने पर प्रस्तुत किया। वही बी.एड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु चंदा ने "बूम पड़ी.." गाने पर अपनी एकल नृत्य की प्रस्तुति की । इस कार्यक्रम को सत्र 2023-25 की प्रशिक्षु पारुल एवं संकाय सदस्य श्री अश्विनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया ।


## खादी महोत्सव की रिपोर्ट


### (स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता)


आज दिनांक 20 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं आर्ट क्लब, के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 01:45 PM से 3:00 PM तक किया गया । इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रहीं व स्लोगन राइटिंग प्रविष्टियों की जांच सहायक प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा के द्वारा की गई । इस कार्यक्रम में 10 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता के लिए 'खादी व गाँधी' का विषय दिया गया । इस प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिनमें से प्रथम स्थान पर स्वीटी कुमारी (1178) रहे, जिनका स्लोगन था- "राष्ट्र की पहचान है खादी । भारत की शान है खादी" । द्वितीय स्थान पर जुली कुमारी (1160) रही, जिनका स्लोगन था-

"खादी हमारा अभिमान है, भारत देश की शान है" । तृतीय स्थान पर शिवानी कुमारी (1180) जिनका स्लोगन था- "बच्चे, बूढ़े और जवान, खादी का बढ़ाओ सम्मान" ।




**Outcomes of the programme:**

1) प्रशिक्षुओं में आत्मविश्ववास का विकास हो सका।
2) प्रशिक्षुओं में प्रदर्शन कला का विकास हो सका।
3) प्रशिक्षुओं में आलोचनात्मक सोच का विकास हो सका।
4) प्रशिक्षुओं में रचनात्मक सोच का विकास हो सका।

## निबंध प्रतियोगिता

आज दिनांक 20 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं साहित्य-कुंज, के संयुक्त तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 01:45 से 3:00 PM तक किया गया।

इस कार्यक्रम का उदेश्य छात्र-विद्यार्थी में आलोचनात्मक सोच का और लेखन कला का विकास करना रहा। इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रहीं व निबंध प्रविष्टियों की जांच सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रणव कुमार तिवारी रहे। इस कार्यक्रम में 10 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम स्थान पर शिवम (1150) रहे जिनका निबंध विषय-खादी-स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक। द्वितीय स्थान पर पामिनी कुमारी (1182) रही जिनका निबंध विषय-खादी वस्त्र नहीं विचार रहे। तृतीय स्थान पर 2 प्रशिक्षु रहे जिनके नाम है, रानी कुमारी (1153) और जुली कुमारी (1160)। रानी कुमारी का निबंध विषय-ग्रामीण विकास में MSME की भूमिका और जुली का निबंध विषय-खादी राष्ट्र के लिए, खादी फैशन के लिए, खादी परिवर्तन के लिए।

### Outcomes of the essay writing competition:

1) छात्र-विद्यार्थी में आलोचनात्मक सोच का विकास हो सका।
2) छात्र-विद्यार्थी में लेखन कला का विकास हो सका।

## <u>चित्रकारी प्रतियोगिता</u>

आज दिनांक 27 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनजेमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं पटना कलम आर्ट क्लब, के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन 02:30 से 4:00 PM तक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में रचनात्मक सोच का और आलोचनात्मक सोच का विकास विकास करना रहा। इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रहीं व चित्रकारी प्रविष्टियों की जांच सहायक प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा रहे। चित्रकारी प्रतियोगिता का विषय- 'भारत के विकास का पहिया खादी' रहा। इस कार्यक्रम में कुल 26 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम स्थान पर स्वीटी (1178) रही, द्वितीय स्थान पर गुंजा कुमारी (1162) रही और तृतीय स्थान पर सरोज (1179) रही।



**Outcomes of the program:**

1) छात्र-अध्यापक की रचनात्मक सोच का विकास हो सका।
2) छात्र-अध्यापक की आलोचनात्मक सोच का विकास हो सका।

## क्विज प्रतियोगिता

आज दिनांक 27 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं साहित्य-कुंज, के संयुक्त तत्वावधान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 02:30 बजे से 4:00 बजे तक किया गया । इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रहीं व क्विज की जज वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर रेखा कुमारी रही । इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रणव तिवारी ने और पूर्व प्रभारी प्राचार्य व सहायक प्रोफेसर अजय कुमार ने क्विज प्रतियोगोता में प्रश्न पूछे और क्विज प्रतियोगिता का विषय- 'खादी व गांधी' रहा । इस कार्यक्रम में कुल 25 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया । यहाँ पर हाउस-वाइज़ 4 समूहों का निर्धारण किया i.e. 1) Gijubhai, 2) D.S. Kothari, 3) J.P. Naik, 4) J.K. Murty प्रत्येक हाउस में 4 प्रतिभागी सम्मिलित हुए । बाकी बचे हुए प्रशिक्षु आडियन्स राउंड के लिए चुने गए । हरेक टीम ने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए एक प्रशिक्षु को चुना । जिसमें गिजुभाई हाउस से अनुप्रिया कुमारी, D.S. कोठारी से शिवम, J.P. Naik से ज्योति कुमारी, और J.K. Murty से सरोज कुमारी रही ।

इस प्रतियोगिता में कुल 6 राउंड हुए । प्रत्येक राउंड में 4 प्रश्न किए गए। प्रथम राउंड में पहला प्रश्न जे.पी. सदन से किया गया जिसका जवाब कोई नही दे सका । इसी प्रकार पहले राउंड में 4 प्रश्नों के बाद पहले स्थान पर जे. के. मूर्ति हाउस रहा । इसी प्रकार दूसरे राउंड के अंत में जे.पी. नाईक और जे. के. मूर्ति 3 अंकों के साथ आगे रहे और डी.एस. कोठारी और गिजुभाई हाउस 1-1 अंकों के साथ बने रहे। तीसरे राउंड के अंत में जे.के. मूर्ति 5 अंकों के साथ सबसे आगे रहे । द्वितीय स्थान पर जे.पी. नाईक और गिजुभाई हाउस 3 अंकों के साथ रहे । अंतिम स्थान पर डी.एस. कोठारी 1 अंक के साथ रहे । चौथे राउंड में 6 अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहा । द्वितीय स्थान पर जे. के. मूर्ति 5 अंकों के साथ रहे । तृतीय स्थान पर जे.पी. नाईक 4 अंकों के साथ रहे और अंतिम स्थान पर डी.एस. कोठारी 3 अंकों के साथ रहे । पांचवे राउंड में जे.पी. नाईक 7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा । गिजुभाई हाउस और जे.के. मूर्ति 6 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे और अंतिम स्थान पर डी.एस. कोठारी 5 अंकों के साथ बने रहे । छठे राउंड में जे.पी. नाईक और गिजुभाई हाउस पहले स्थान पर रहे जिस वजह से जजमेंटल राउंड खेला गया जिसमें गिजुभाई हाउस जीत गया । इस राउंड में जो पहले हाथ उठायगा वही उत्तर देगा अगर उसने सही उत्तर दिया तो वो जीत जाएगा और अगर गलत उत्तर दिया तो उसका 1 नंबर कट जाएगा इसी वजह से गिजुभाई हाउस जीत गया,क्योंकि जे.पी. नाईक ने गलत उत्तर दिया । और तृतीय स्थान पर जे. के. मूर्ति हाउस रहा और अंतिम स्थान पर डी. एस. कोठारी रहा । इस प्रतियोगिता का समापन सहायक प्रोफेसर श्री अजय कुमार ने किया ।



**Outcomes of the program:**

1) छात्र- अध्यापकों की आलोचनात्मक सोच का विकास हो सका।
2) छात्र- अध्यापकों में अनुशासन की भावना का उत्थान हुआ।

**लघु फिल्म की स्क्रीनिंग-**

आज दिनांक 31 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनजेमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं साहित्य कुंज, के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 02:40 बजे से 3:00 बजे तक किया गया। इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रही। इस कार्यक्रम में कुल 20 प्रशिक्षु शामिल हुए। इन प्रशिक्षुओं ने इसके बाद अपनी फिल्म समीक्षा प्रस्तुत की।




**भाषण प्रतियोगिता**

आज दिनांक 31 अक्तूबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर में NCTE से प्राप्त निर्देश के आलोक में 'खादी महोत्सव समारोह' के अंतर्गत IQAC एवं साहित्य कुंज, के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 03:00 से 4:00 PM तक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में आत्मविश्ववास और प्रदर्शन कला का विकास करना निर्धारित हुआ। इस कार्यक्रम की प्रभारी ललिता कुमारी सहायक प्रोफेसर रहीं व भाषण प्रतियोगिता को सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रणव कुमार तिवारी के द्वारा जाँचा गया। इस कार्यक्रम में कुल 20 प्रशिक्षु शामिल हुए थे। जिनमें से 10 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।इन प्रशिक्षुओं में प्रथम स्थान पर सानु कुमारी (1163), द्वितीय स्थान पर शिवम कुमार (1150) व तृतीय स्थान पर प्रियंका कुमारी (1184) रही।




भाषण प्रतियोगिता के 5 विषय निर्धारित किये गए जोकि इस प्रकार हैं-

1) खादी-हरित पर्यावरण के लीए टिकाऊ कपड़ा हैं।
2) खादी और ग्रामोउद्योग: राष्ट्र निर्माण के लिए एक महत्त्वपूर्ण।
3) खादी और हथकरघा: समृद्धि की ओर अग्रसर।
4) खादी और हस्तशिल्प: आत्मनिर्भर भारत की ओर एक यात्रा।
5) आत्मनिर्भर भारत के लिए वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल मंत्र।

**Outcomes of the essay writing competition:**

1) प्रशिक्षुओं में आत्मविश्ववास का विकास हो सका।
2) प्रशिक्षुओं में प्रदर्शन कला का विकास हो सका।

## होमी जहांगीर भाभा जयंती

आज दिनांक 30/10/2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के राधाकृष्णन सभागार में IQAC एवं APJ अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में होमी जहांगीर भाभा जी की जयंती मनाई गई। पुष्पांजलि के उपरांत महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2023-2025 के विभिन्न शिक्षार्थियों ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को साझा किया, साथ ही कविता का भी वाचन हुआ। पहले प्रस्तुतकर्ता के रूप में जे.पी. नायक सदन की सदस्य ज्योति कुमारी ने होमी जहाँगीर भाभा जी की जीवनी को प्रस्तुत किया। दूसरी प्रस्तुतकर्ता के रूप में गिजु भाई सदन की सदस्य गुंजा कुमारी ने होमी जहाँगीर भाभा जी के शिक्षा को प्रस्तुत किया। तीसरे प्रस्तुतकर्ता के रूप में डी.एस.कोठारी सदन के सदस्य कुंदन कुमार ने होमी जहाँगीर भाभा जी के कैरियर को प्रस्तुत किया। चौथे प्रस्तुतकर्ता के रूप में जे. कृष्णमूर्ति सदन की सदस्य जुली कुमारी ने होमी जहाँगीर भाभा जी के खोज को प्रस्तुत किया। पांचवे प्रस्तुतकर्ता के रूप में गिजुभाई सदन की सदस्य अनुप्रिया भारती ने होमी जहाँगीर भाभा जी के पुरस्कार को प्रस्तुत किया। इसी तरह से

हमारे प्रस्तुतकर्ता के रूप में बारी बारी से (गिजू भाई) सदन की प्रियंका कुमारी (जे. पी. नायक) की सानु कुमारी और डॉली कुमारी (जे.पी. नायक) ने होमी जहाँगीर भाभा जी के लिए कविताएँ प्रस्तुत किये।

1. ज्योति कुमारी 2. गुंजा कुमारी 3. कुंदन कुमार 4. जुली कुमारी 5. अनुप्रिया भारती 6. सानु कुमारी 7. प्रियंका कुमारी 8. डाली कुमारी; कार्यक्रम का संचालन प्रियंका कुमारी/सानु कुमारी सदन की सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी मैंम के द्वारा किया गया। (मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करती की कोई मेरे बारे में क्या सोचता हैं, मेरी सफलता वही होगी जिसे मैं अपने काम से पाऊंगा)।







<u>होमी जहांगीर भाभा के चित्र पर श्रद्धांजलि देते हुए संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षुगण</u>

## REPORT ON 'ST. XAVIER'S COLLEGE OF EDUCATION'S WORKSHOP'

आज दिनांक 04 नवंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर की तरफ से St. Xavier's College of Education में 'Artficial Intelligence, Outcome Based Learning and Fusion between Science and Religion' विषय पर कार्यशाला में शामिल होने के लिए एक सहायक प्रोफेसर सहित 9 प्रशिक्षु गए। इस कार्यशाला में जाने के लिए जिन 9 विद्यार्थियों का चयन किया गया, उनमें 5 विद्यार्थी जीव विज्ञान से कविता कुमारी (1067), रुचिका (1105), विनीत कुमार (1068), प्रीति रानी (1099) & शेख फ़रजना परवीन मो. फ़ैयाज़ (1143), 2 विद्यार्थी भौतिक विज्ञान से - रौशन कुमार (1102) एवं विशाल पाण्डेय (1075) और 2 विद्यार्थी गणित विषय से रोहित कुमार आनंद (1076) एवं अविनाश कुमार (1058) को लिया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों सहित जाने के लिए विज्ञान विषय की सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी का चयन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों के लगभग 150 विद्यार्थियों और 20 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।




सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी, सभी विद्यार्थियों को 8:30 बजे तक St. Xavier's College of Education में लेकर पहुँची। जहाँ पर 9:30 बजे तक विभिन्न संस्थानों से सभी विद्यार्थी एकत्र हुए। 9:30 बजे कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्ज्व्लन कर संस्थान की प्रार्थना गायन से हुआ, तत्पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत 10:00 तक किया गया। इस अवसर पर St. Xavier's College of Education के प्राचार्य, St. Xavier's College of Education के vice president Fr. नोर्बेर्ट और S.M.S. कॉलेज के प्राचार्य Fr.  क्रिस्टी शामिल थे। इस कार्यशाला का पहला सत्र 10:00 बजे से 10:30 तक हुआ,  जोकि  St. Xavier's College of Education की HoD Prof. मधु सिंह के द्वारा '3 Domains of Learning' पर लिया गया। इस भाग में   प्रोफेसर मधु सिंह ने व्यवहारात्मक उद्देश्यों को बताया व ब्लूम की टक्सोनोमीको समझाया। जिसमें उन्होने लर्निंग डोमेन्स, स्टेज ऑफ़ इंटेलिजेंस की व्याख्या की। पहले session के बाद सभी को 10 मिनट का हैल्थ ब्रेक दिया गया। इसके पश्चात 10:30 बजे से 11:30 बजे तक डॉ. जॉब, S.J. ने 'Artificial

Intelligence and Science,Religion Interface' पर व्याख्यान दिया। जिसमें interrelation between AI & Science, & दैनिक जीवन में Science में संबंध और इनका आधार धर्म को बताया। इस सत्र में हमारे कॉलेज के प्रशिक्षु रोहित कुमार आनंद ने भाग लिया और अपने शिक्षण कौशल का परिचय देते हुए अपने कॉलेज का नाम रौशन किया। ततपश्चात सभी को 10 मिनट का हैल्थ ब्रेक दिया गया। फिर डॉ. अल्फोंसे सेबस्तियाँ, S.J. ने भी AI पर अपना रिसर्च कार्य बताया। इस सत्र के बाद सभी को लंच करवाया गया।

इस के बाद discussion session आरंभ हुआ जिसमें विभिन्न संस्थानों से लगभग 6 से 8 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया ओर अपने- अपने प्रश्न पूछे, जैसे की AI का Education में क्या रोल हैं? क्या AI विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव नहीं छोड़ रही हैं? क्या AI की वजह से हमारी निजता खत्म नहीं हो रही हैं? और इन समस्याओं को समाप्त कैसे किया जा सकता है? etc. इन सभी सवालों के जवाब डॉ. जॉब & डॉ. अल्फोंसे सेबस्तियाँ ने दिया। उसके बाद डॉ. अल्फोंसे सेबस्तियाँ ने गूगल फॉर्म भरवाया और बताया कि गूगल फॉर्म भरने के बाद आपका e-certificate generate हो जायेगा। फिर उनके संस्थान से M.Ed. से कुमारी आयुषी ने vote of thanks दिया और 3:30 बजे कॉलेज anthem किया गया। अंत में डॉ. सपना सुमन ने SXCE के पूर्व प्राचार्य को मंच पर आमंत्रित किया और उनका सम्मान वर्तमान प्राचार्य महोदय से करवाया। इस कार्यशाला के मंच का संचालन डॉ. सपना सुमन ने किया। अंत में हम सबने एक साथ St. Xavier College of Education की HOD प्रोफेसर मधु सिंह के साथ एक ग्रुप फोटो लिया और वापस अपने घर की तरफ प्रस्थान किया।

**Outcomes of the Workshop:**


1) इस कार्यशाला को करने के बाद, विद्यार्थी, लर्निंग और बुद्धि के विभिन्न स्तरों के बारे में जान सके।
2) AI के प्रकारों के बारे में जान सके और हम किस प्रकार AI से घिर चुके है, ये जान सके और उनसे बचा कैसे जा सकता है? ये भी जान सके।
3) AI किस प्रकार हमारे धर्म को प्रभावित करती है यह जान सके।

## कैंसर जागरूकता दिवस 2023 रिपोर्ट




आज दिनांक 07/11/2023 को स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में IQAC और विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सह

विद्यालय के संकाय प्रभारी व विद्यालय के प्राचार्य के दिशानिर्देश में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 9वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए विभिन्न प्रकार के कैंसर से जागरूकता संबंधित पोस्टर तैयार किए, जिस की प्रदर्शनी भी प्रांगण में लगाई गई। अपनी कला का परिचय देते हुए विद्यार्थियों ने स्व-निर्मित पोस्टरों के माध्यम से कैंसर से बचाव के तरीकों व उपायों को प्रदर्शित कर जागरूक किया। सभी ने इस दिवस के महत्व को सार्थक करने में पूरी सक्रियता के साथ अपना योगदान दिया।




जागरूक करने के क्रम में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रोहित कुमार आनंद (कार्यक्रम के संचालक सह SIP कप्तान) के संबोधन से हुई, जिन्होंने इस दिवस के संबंध में मैडम क्यूरी से संबंधित कुछ खास जानकारियों को साझा करते हुए 07 नवंबर को ही इस दिवस को मनाने की विशेषताओं, कारणों को बताया।

इसके पश्चात साक्षी गोस्वामी ने कैंसर जागरूकता विषय पर प्रकाश डालते हुए कैंसर के स्वरूप, प्रमुख लक्षणों व कारण पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इन में कुछ मुख्य लक्षण मुख्य रूप से निम्नवत है:-

- शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द जो लगातार और बिना किसी कारण के हो।
- बिना किसी कारण के अचानक वजन कम होना।
- हर समय थकान महसूस होना।
- बुखार जो कम नहीं होता या बार-बार हो।
- त्वचा के रंग या बनावट में परिवर्तन।
- शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ, दर्द सहित या दर्द रहित।
- शरीर के किसी हिस्से से असामान्य स्राव या खून बहना।
- त्वचा या मुंह पर छाले जो ठीक न हो रहे हो।

वहीं मोनू कुमार ने इसके उपचार के बारे में बताते हुए बताया कि हमें संतुलित, स्वास्थ्य और आहार का पालन करना चाहिए और साथ ही समय-समय पर कैंसर की स्क्रीनिंग करनी चाहिए।

इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के हिंदी- अध्यापक धीरज धीरेंद्र चक्रवर्ती महोदय ने कैंसर की जटिलताओं पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया साथ ही बताया कि लक्षण के विभिन्न 04 चरण होते है, यदि समय रहते इस का पता चल जाए तो इसका उपचार किया जा सकता है, बहुत लोग इस भयावह बीमारी को हरा चुके है, जैसे हमारे

भारत के प्रसिद्ध क्रिकेटर युवराज सिंह। यह लाइलाज बीमारी नहीं है बशर्ते यह समय रहते, हमें सही समय पर मालूम चल सके।

अंत में विद्यालय (राजकिशोर उच्च विद्यालय, युसुफपुर) के प्रधानाध्यापक मोहम्मद नसीम अख्तर महोदय ने इस विषय पर अपने विचारों को रखा एवं विद्यार्थियों को इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूक व प्रेरित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया।

इस दिवस के कुछ खास पल एक नज़र में

## <u>रंगोली प्रतियोगिता</u>

आज दिनांक 10/11/2023 को मैत्रेय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रंगोली कार्यक्रम के विषय सामाजिक संदेशों पर था। इसमें चारों सदनों के प्रशिक्षुओं ने अपने -अपने समूहों के साथ अलग-अलग विषयों पर रंगोली तैयार किया। डी.एस. कोठारी सदन के प्रशिक्षुओं ने 'दीप उत्सव' के ऊपर, जे. कृष्णमूर्ति सदन के प्रशिक्षुओं ने 'छठ पूजा' के ऊपर,जे.पी. नाइक सदन के प्रशिक्षुओं ने 'एक दीप शहीदों के नाम' के ऊपर एवं गिजुभाई सदन के प्रशिक्षुओं ने 'पृथ्वी संरक्षण' के ऊपर रंगोली की छवि बनाई। इसके अलावा महाविद्यालय के प्रांगण में सभी सदनों के प्रशिक्षुओं ने नाना प्रकार की रंगोलियाँ कहीं गणेश, कहीं अल्पना, तो कहीं राम और सीता को झूले पर झूलते हुए रंगोलियों को तैयार किया, जो सभी रंगोलिया अपने आप में बेमिसाल थी। इस रंगोली प्रतियोगिता का निरीक्षण महाविद्यालय के नए प्राचार्य डॉ कुमार मृत्युंजय राकेश के माध्यम से हुआ जिसमें उन्होंने सभी रंगोलियों को सराहनीय कहा और बच्चों को आशीष दिया और साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को अपने जीवन को इन रंगोलियों की तरह खूबसूरत बनाने का आशीष दिया।



जे.पी. नाइक हाउस




जे. कृष्णमूर्ति हाउस

| | |
|---|---|
|  |  |
| डी.एस. कोठारी हाउस | गिजुभाई हाउस |

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर प्रतिवेदन




11 नवंबर 2023 को अब्दुल कलाम आजाद के जयंती के अवसर पर मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में भी IQAC के तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसमें थीम एंड सब-थीम को नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया।

**Theme and sub theme of Seminar:**

**Theme**: To invest in people, Prioritize Education. (लोगों में निवेश करना, शिक्षा को प्राथमिकता देना)

**Sub theme**

1) Embracing Innovation in Education.
2) Fostering critical thinking.
3) Holistic Learning.
4) Multidisciplinary approach in education.
5) Environmental awareness in education.
6) Promoting sustainable Practices.
7) Yoga in education.
8) Global Perspective in education.
9) Equipping future generation.

10)	Solving global challenges.

सेमिनार का मुख्य उद्देश्य था कि सभी प्रशिक्षुओं मो. अब्दुल कलाम आजाद के बारे में जान पाएंगे । साथ ही में शिक्षा में इसका योगदान क्या रहा था, उसके बारे में जानकारी प्राप्त करना । सेमिनार के माध्यम से लोगों में निवेश करना और शिक्षा को प्राथमिकता देना इस के बारे में  जागरूक करना।




कार्यक्रम का संचालन बी.एड. सत्र 2023-2025की प्रशिक्षु जुली कुमारी ने किया। सभी संकाय सदस्य और प्रशिक्षुओं ने मौ. अबुल कलाम आजाद के चलचित्र पर पुष्प अर्पित किया। संकाय सदस्य अबोध चन्द्र माहातो ने मौ. अबुल कलाम आजाद का परिचय देते हुए  बताया कि किस तरह उन्होंने  देश की शिक्षा में सुधार और देश के आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका  निभाया  था। उसके बाद सभी प्रतिभागियों  ने एक-एक करके अपना पेपर प्रस्तुत किया, जिसमें रानी कुमारी, प्रियंका कुमारी, ज्योति कुमारी, डॉली कुमारी, गूंजा कुमारी, शिवम कुमार, काजल कुमारी , राजा बाबू, एवं जुली कुमारी आदि प्रशिक्षु शामिल थे । प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने टॉपिक पर अच्छे तरीके से अपनी बात रखी। संकाय सदस्य डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि नवाचार एक ऐसा पहलू है जिसमें प्रार्थना से लेकर, कक्षा में अलग-अलग विषय के साथ जोड़ा जा सकता हैं। नवाचार के द्वारा एक शिक्षक अपनी क्षमता के अनुसार प्रतिदिन उन विषयों को अपनी तरफ से व्याख्या कर सकता है जो कक्षा-कक्ष में चर्चा के दौरान लाए जाते हैं।

साथ ही कालेज के सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह ने भी कलाम जी को याद करते हुए कहा कि प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक शिक्षार्थियों में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना चाहिए जिससे विद्यार्थी में नए ज्ञानको जांच-परखकर ग्रहण कर सकें। कक्षा शिक्षण में आलोचनात्मक सोच को बढ़ाने के लिए समूह परिचर्चा का भी सहारा लेना चाहिए।

सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी नेभी अपनी बात रखते हुए गांधीजी के 3H, वॉकेशनल, बेसिक शिक्षा और प्रयोग करके नवाचार को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही में कॉलेज के प्राचार्य सम्बोधन करते हुए सभी प्रतिभागी को मोटिवेट किया और आगे के कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में अपनी बात रखी। अंत में सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद औरबधाई देते हुए सेमिनार का समापन किया।

**प्रतिभागी पेपर प्रस्तुत करते हुये**










## <u>गिजु भाई जयंती रिपोर्ट</u>

आज दिनांक 25/11/2023 को गिरिजा बधेयक के जन्म दिवस पर बोधिसत्व सभागार में विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बधेयक के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही उनको याद करते हुए बी.एड.प्रथम वर्ष, सत्र 2023-2024 की प्रशिक्षु शिवानी कुमारी ने उनके जीवन एवं उनके कार्यों के बारे में अपने विचार रखे। तत्पश्चात आरती कुमारी ने इनके द्वारा लिखी पुस्तक दिवास्वप्न से शिक्षा के बारे में जानकारी साझा की। बी. एड. प्रथम की प्रशिक्षु गूंजा कुमारी ने उनके जीवन के कार्यों के बारे में अपने विचार रखे। बी. एड. प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु रानी कुमारी ने प्रथम वर्ष के सभी प्रशिक्षुओं के विचारों की संक्षेप में व्याख्या की। इसके बाद संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने उनके कार्यों एवं प्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। अंत में गिजुभाई हाउस की प्रभारी डॉ. निक्की कुमारी ने गिजुभाई बधेका के विचारों को आज के सन्दर्भ में बताया और इसी के साथ कार्क्रम का समापन किया।




## Report on Science Exhibition




आज दिनांक 30 नवंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 2:30 Pm से 4:00 Pm बजे तक किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी के द्वारा, IQAC cell के प्रभारी व सहायक प्राध्यापक अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में चिन्तन, रचनात्मकता, सृजनात्मकता, प्रदर्शन कौशल,वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार का संचार करना रहा।

विज्ञान प्रदर्शनी में बी. एड. प्रथम व द्वितीय दोनों वर्षों केकुल 26 प्रशिक्षुओं ने मिलकर भाग लिया और विभिन्न विषयों पर वर्किंग व नॉन वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए जिनकी कुल संख्या 11 थी। मॉडल के साथ सभी प्रशिक्षुओं ने अपने मॉडल का विवरण भी साझा किया । जिनकी सूची इस प्रकार हैं:–

| Sl. No. | Roll No. | Name of the Student | Topic of the Projects |
|---|---|---|---|
| 1 | 1176 | Jyoti Kumari | Life cycle of butterfly |
| 2 | 1162 | Gunja Kumari | Volcano |
| 3 | 1179 | Saroj | Water Purifier |
| 4 | 1169 | Aarti | Volcano |
| 5 | 1208 | Shivani Kumari | Human digestive system |
| 6 | 1181 | Swaranlata | Day and Night Process |
| 7 | 1157 | Suchitra | Kind of pronoun |
| 8 | 1153 | Rani Kumari | Water Dispenser Machine |
| 9 | 1153 | Shivam Kumar | Algebric Identities (Maths Model) |
| 10 | 1182 | Pamini | Heart Pumping model |
| 11 | 1178 | Sweety Kumari | Types of Fraction (Maths Model) |

***संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षु से सवाल भी पूछे गए जैसे कि: –**

सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह :– आपने इस मॉडल को क्यों बनाया हैं? ज्योति (प्रशिक्षु):– सर तितली के जीवन चक्र को समझने के लिए इस मॉडल को बनाया गया है। इसे देख कर बच्चे आसानी से इनके जीवन चक्र को समझ पाएंगे।

सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी :–आपने इस मॉडल में क्या–क्या उपयोग किया है? ज्योति कुमारी (प्रशिक्षु):–मैने इसे बनाने में कार्डबोर्ड, गोंद, रुई के फाहे, पेड़ की टहनी और पत्ते,कुछ चमकीले कागज का उपयोग किया है।







सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह:– आपने जो बनाया है उसका विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए? ज्योति ( प्रशिक्षु):– पहली अवस्था में मादा तितली अंडे देती है, अंडे लार्वा में विकसित होते हैं, जिन्हें इस अवस्था में केटरपिलर कहा जाता है। केटरपिलर काफी मात्रा में खाता है और बड़ा होता है, पूरा विकसित होने के बाद केटरपिलर प्यूपा बन जाता है और प्यूपा सिल्क के ककून के भीतर सुरक्षित रहता है। फिर अंतिम अवस्था में पूर्ण विकसित तितली बन जाती है।

सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह :– तितली अपने अंडे कहा देती हैं? ज्योति कुमारी (प्रशिक्षु):– सर वो अपने अंडे पत्तों के पीछे देती हैं इसलिए क्योंकि उन्हें कोई और कीट पतंग ना खा ले।


सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह :– आपने ये क्या बनाया है? शिवानीकुमारी (प्रशिक्षु):– मानव पाचन तंत्र सर।

सहायक प्राध्यापिका ललिता कुमारी :– आपने जो बनाया है इसे विस्तार में समझाइए? शिवानी कुमारी (प्रशिक्षु):– मानव पाचन तन्त्र में जठरान्त्र मार्ग और पाचन के सहायक अंग (जिह्वा, लार ग्रंथियाँ, अग्न्याशय, यकृत और पित्ताशय) होते हैं। पाचन में भोजन को क्षुद्र घटकों में अपचय शामिल है, जब तक कि उन्हें शरीर में अवशोषित और आत्मसात नहीं किया जा सकता। पाचन की प्रक्रिया में तीन चरण होते हैं:- सेफ़िलिक चरण, जठरीय चरण और आन्तरिक चरण।

सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह:- क्या आप बता सकती हैं की सर्व प्रथम पाचन कहा से शुरू होता है?शिवानी कुमारी (प्रशिक्षु) :– मुखद्वार मनुष्यों में पाचन क्रिया मुखद्वार से आरंभ होती है जहां पर आहार को चबाया जाता है। मुख द्वार में एक्ज़ॉक्रिन लार ग्रंथियों की तीन जोड़ियों (पैरॉटिड, सब-मैंडिब्यूलर और अवजिह्वी) द्वारा बड़ी मात्रा में (1-1.5 लीटर/दिन) लार स्रावित होता है और पाचन क्रिया होती है।

**सीखने का प्रतिफल:**
इस कार्यक्रम के द्वारा प्रशिक्षुओं में चिन्तन, रचनात्मकता, सृजनात्मकता, प्रदर्शन कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार का संचार किया गया।

## <u>डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती: प्रतिवेदन</u>




दिनांक 2 दिसंबर 2023 को अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 तक मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के डॉ. राधाकृष्णनसेमिनार कक्ष में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती आइ.क्यू.ए.सी (IQAC) एवं 'साहित्य कुंज' के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ राजेंद्र प्रसाद के तैलचित्र पर प्राचार्य, संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मेधा कुशाग्र-बुद्धि सादगी एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कर्तव्य पर चर्चा करते हुए उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद संकाय सदस्य श्री अबोध चंद्र माहातो ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें एक महान विभूति बताया। संकाय सदस्य श्री अजय कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. प्रसाद एक मेधावी छात्र के साथ-साथ अप्रतिम व्यक्तित्व के धनी महापुरुष थे। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. निक्की कुमारी, श्री आनंद प्रकाश, श्री रॉकी कुमार, श्री अश्विनी कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. [2023-25] की प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु रानी कुमारी ने किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के बीच संभाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संभाषण प्रतियोगिता सदनवार आयोजित की गई। जिसमें जे. पी. नायक, जे. कृष्णमूर्ति, गिजुभाई एवं डी.एस. कोठारी सदन के प्रशिक्षुओं ने निर्धारित विषय पर अपने-अपने विचार प्रकट किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन एवं उनके व्यक्तित्व से जुड़े निर्धारित उप-विषयों पर निबंध लिखे। निबंध प्रतियोगिता के उप-विषय निबंध निम्नवतथे –

१) राष्ट्रपति के रूप में डॉ राजेंद्र प्रसाद

२) डॉ. राजेंद्र प्रसाद का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान

३) डॉ. राजेंद्र प्रसाद की सादगी

४) मेधावी छात्र के रूप में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद






# REPORT ON FIT INDIA WEEK 2023




दिनांक **4 दिसंबर से 11 दिसंबर** तक 2023 के मध्य मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर **में IQAC** के तथावधान में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स क्लब एवं पतंजलि योग क्लब के अंतर्गत भारत सरकार के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई (**NCTE** ) के द्वारा निर्देशित **FIT INDIA WEEK** 2023 के अंतर्गत खेल-कूदएवं स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया गया था। आंदोलन का मिशन व्यवहार में बदलाव लाना और शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली की ओर बढ़ना है। इस मिशन को प्राप्त करने की दिशा में, फिट इंडिया निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न पहल करने और कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव पारित करता है:

- फिटनेस को आसान, मनोरंजक और निःशुल्क प्रचारित करना।
- केंद्रित अभियानों के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा देने वाली फिटनेस और विभिन्न शारीरिक गतिविधियों पर जागरूकता फैलाना।
- स्वदेशी खेलों को प्रोत्साहित करना।
- फिटनेस को हर स्कूल, कॉलेज/विश्वविद्यालय,पंचायत/गांव आदि तक पहुंचाना।

भारत के नागरिकों के लिए जानकारी साझा करने, जागरूकता बढ़ाने और व्यक्तिगत फिटनेस कहानियों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच बनाना। फिट इंडिया वीक फिट 2023 इंडिया मूवमेंट का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व पर जोर देता है। इस वर्ष फिट इंडिया सप्ताह 15.11.2023 से 15.12.2023 के बीच मनाया जाना है। इस समयावधि के दौरान, स्कूल अपनी सुविधानुसार एक सप्ताह चुन सकते हैं और उस सप्ताह में विभिन्न खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं। फिट इंडिया सप्ताह के लिए सुझाई गई गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

- वार्षिक खेल दिवस
- फिटनेस का महत्व: वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता
- स्वदेशी खेल
- फिट इंडिया मोबाइल ऐप के माध्यम से फिटनेस मूल्यांकन

➢ योग और ध्यान

➢ शिक्षकों, छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा फिटनेस प्रतिज्ञा

**कार्यक्रम की सूची**

- चेस, भाला- फेंक , गोला फेंक ,खो-खो, कैरम, बैडमिंटन, 100, 200, 100X4 मीटर मिक्सरेस, लॉन्ग जम्प।
- योग, ध्यान, हेल्थ एवं हाईजेनिक जागरूकता कैम्प।
- पोस्टर मेकिंग , निबंध लेखन।

**(FIT India week)"स्वस्थभारत सप्ताह" का कार्यक्रम**

**कार्यक्रम का सूची;-**

| Date | Activities / program | Participants | In-charge |
|---|---|---|---|
| 04-12-2023 | योग, ध्यान, हेल्थ एवं हाईजेनिक जागरूकता कैम्प। | सभी संकाय सदस्यों एवं सदनों के प्रशिक्षु। | अजय कुमार सिंह,डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी , डॉ॰ निक्की कुमारी एवं अबोध चन्द्र महातो । |
| 05-12-2023 | योग, ध्यान, हेल्थ एवं हाईजेनिक जागरूकता कैम्प। | सभी संकाय सदस्यों एवं सदनों के प्रशिक्षु। | अजय कुमार सिंह,डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी , डॉ॰ निक्की कुमारी एवं अबोध चन्द्र महातो। |
| 06-12-2023 | 1. चेस,<br>2. कैरम,<br>3. बैडमिंटन, | सभी सदनों के प्रशिक्षु | 1. डॉ॰ निक्की कुमारी<br>2. आनंद प्रकाश<br>3. रॉकी कुमार<br>4. ललिता कुमारी |
| 07-12-2023 | 1. भाला-फेंक<br>2. गोला फेक<br>3. खो-खो | सभी सदनों के प्रशिक्षु | 1. अश्विनी कुमार मिश्रा<br>2. रॉकी कुमार<br>3. रेखा कुमारी |
| 08-12-2023 | पोस्टर मेकिंग , निबंध लेखन | सभी सदनों के प्रशिक्षु। | डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी एवं अश्वनी कुमार मिश्रा । |
| 09-12-2023 | 100, 200, 100X मीटर 4 मिक्सरेस, लॉन्ग जम्प। | सभी सदनों के प्रशिक्षु। | अजय कुमार सिंह, रेखा कुमारी,डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी एवं अश्वनी कुमार मिश्रा, अबोध चन्द्र महातो एवं अश्वनी कुमार मिश्रा। |
| 11-12-2023 | 100, 200, 100X मीटर 4 मिक्सरेस, लॉन्ग जम्प। | सभी सदनों के प्रशिक्षु। | अजय कुमार सिंह, रेखा कुमारी,डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी, अबोध चन्द्र महातो एवं अश्वनी कुमार मिश्रा। |

इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अजय कुमार सिंह, ध्यानचंद क्लब की प्रभारी श्री अश्विनी कुमार मिश्रा एवं प्रभारी श्री अबोध चंद माहातो के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सभी संकाय सदस्य एवं बी. एड. के दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं के सम्मक्ष अपराह्न 1:30 बजे से 4:00 बजेतक रखा गया था।

इस आयोजन में माननीय प्राचार्य महोदय के आदेश से महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह सभी संकाय सदस्य एवं सभी बी.एड. प्रशिक्षु के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।













## Day -1

4 दिसंबर, 2023 को सभी संकाय सदस्य एवं B.Ed. के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के साथ बोधिस्वत्व सभागार में सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह के द्वारा FIT INDIA WEEK 2023 के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था और फिट इंडिया के बारे में अवगत कराया व साथ ही में फिट रहने के लिए मोटिवेट किया। इस कार्यक्रम का पहला दिन योग, ध्यान, हेल्थ एव हाइजेनिक जागरूकता कैंप कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सबसे पहले सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह ने योग व उसके महत्व के बारे में बताया और साथ ही योग के कुछ वार्मउप एक्सर्साइज़ और सूक्ष्म-व्यायाम को सभी प्रशिक्षुओं के साथ प्रैक्टिकल करके दिखाया और सभी ने साथ में सारी गतिविधियों को किया। उसके बाद सहायक अध्यापक अबोध चंद्र माहातो ने योग, सूर्य नमस्कार, आसन- प्रणाम, अभियान के बारे में बताया।

अलग-अलग आसन को करवाया गया जैसे बैठने वाला, खड़े होने वाला- जैसे ताड़ासन, पद्मासन, वज्रासन,मंडूकासन, उत्तममंडुकासन, शशकासन ,शलभासन, हलासन, सर्वांगासन, धनुरासन,नौकासन इत्यादि ।




## Session- 2

भोजन के बाद योग,ध्यान, हेल्थ-हाइजीनिक जागरूकता कार्य रखा गया था। यह कार्यक्रम राधाकृष्णन सभागार में हुआ था जिसमें सभी प्रशिक्षुगण के साथ योग,ध्यान, हेल्थ-हाइजेनिक जागरूकता पर सभी संकाय प्राध्यापक/प्राध्यापिका अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रणव कुमार तिवारी, डॉ. निक्की कुमारी, आनंद प्रकाश, अबोध चंद्र माहातो आदि ने फूड एवं हेल्थ-हाइजेनिक के बारे मे अपने वक्तव्य रखे ।



**Day 2**

**दिनांक- 5 दिसम्बर 2023**

द्वितीय दिवस पर भी प्रथम दिवस के समान सभी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कैरम प्रतियोगिता

**दिनांक:-** 06/12/2023

**समय:-** दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक

**मुख्य अतिथि के रूप में** :-हेमन्त कुमार

**सदन: 1. गिज्जू भाई 2. जे.पी. नाइक 3. डी.एस. कोठारी 4. जे. कृष्णमूर्ति**

**सदन के सभी सदस्यों की सूची :**

1. सुरभि, सेजल प्रियंका ज्योति
2. जूली, रानी, प्रकाश और प्रतिभा
3. काजल, सत्यम, सुचित्रा, एकता
4. सरोज, प्रियंका , स्वर्णलता, रुचि

Point table of the house

| Sr. No. | House | Round 1 | | Round 2 | | Round 3 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GIJJU BHAI | 04 | 03 | 12 | 15 | | 00 | Runner |
| 2 | J.P.Naik | 00 | 01 | 05 | 07 | | | |
| 3 | D.S.Kothari | 10 | 00 | 00 | 06 | | | |
| 4 | J. Krishnamurti | 06 | 04 | 23 | 16 | | 13 | Winner |

**अवधि:- 3 घंटा**

**फिट इंडिया वीक-2023 द्वारा आयोजित [मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स क्लब]**

**सत्र:- 2023-25**

**खेल का नाम:- कैरम**

VENUE:- BODHISATAV SABHAGAR, MCEM, HAJIPUR

**खेल के सीखने के उद्देश्य:- 1. समन्वय 2. रणनीति 3. सावधानी**




## <u>चेस प्रतियोगिता</u>

'फिट इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में दिनांक 06/11/2023 को चेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चारों सदनों के प्रतिभागी शामिल थे। उसमें से काजल कुमारी,सानु कुमारी, पम्मी कुमारी, राजा बाबू, राहुल सिंह, कुन्दन कुमार प्रतिभागी के रूप मे शामिल थे । प्रतियोगिता में सानु कुमारी विजेता रही।







## बैडमिंटन टूर्नामेंट

मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर द्वारा 04/12/2023 से 11/12/2023 तक एक सप्ताह के फिट इंडिया वीक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन दिनांक 06/12/2023 की शुरुआत इंदौर गेम्स से हुई। पहले हाफ की शुरुआत बैडमिंटन टूर्नामेंट (लीग मैच) से होती है। सभी बैडमिंटन मैचों के समन्वयक श्री रॉकी कुमार (सहायक प्रो.) थे। चारों सदनों में छात्राओं से कुल 14 प्रतिभागी और छात्रों से 4 प्रतिभागी थे।

पहला मैच जे. पी. नाइक हाउस में जूली और रानी के बीच शुरू हुआ। हर सेट में जूली का दबदबा रहा और आख़िरकार वही विजेता रहीं। दूसरे मैच में पामिनी और संजना के बीच, संजना विजेता रही। फिर डी. एस. कोठारी हाउस के लड़कों का पहला मैच रोहित और शिवम के बीच हुआ और विजेता रोहित रहा। चौथा मैच रोहित और कुन्दन के बीच हुआ और फिर रोहित विजेता रहा और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ।

फिर गिजू भाई हाउस की ओर से 5वां मैच ज्योति (1193) और ज्योति (1142) के बीच हुआ और विजेता ज्योति (1193) रही। छठा मैच सुरभि और सेजल के बीच हुआ और विजेता सेजल रही। 7वां मुकाबला शिवानी और अनुप्रिया के बीच हुआ और विजेता शिवानी रही। आठवां मैचजूली और प्रियंका के बीच में जे. कृष्णमूर्ति हाउस से रहा और विजेता जूली थी। और आखिरी मुकाबला नंबर 10 सरोज और स्वर्णलता के बीच हुआ और विजेता स्वर्णलता रही।




**07/12/2023**

दूसरे दिन पहला मैच जे.पी. नाइक हाउस से जूली और संजना के बीच शुरू हुआ और विजेता जूली रही।दूसरा मैच गिज्जू भाई हाउस की ओर से ज्योति और सेजल के बीच हुआ और विजेता ज्योति रही। तीसरा मैच ज्योति और शिवानी के बीच हुआ और विजेता ज्योति रही। फिर इस हाउस से आखिरी चौथा मैच सत्यम और गुंजा के बीच हुआ और विजेता सत्यम रहा।

5 वां मैच जे. कृष्णमूर्ति हाउस की ओर से जूली और स्वर्णलता के बीच हुआ और विजेता स्वर्णलता रही। यहां बालिकाओं के लीग मैचों का समापन हुआ। अब, सेमीफ़ाइनल का समय था।

**सेमीफाइनल (लड़कियां)**

यहां हमारे पास प्रत्येक हाउस से चार सेमीफाइन लिस्ट हैं। 1. जे. पी. नाइक हाउस से खिलाड़ी जूली थी।
2. गिजू भाई हाउस से खिलाड़ी ज्योति थी।
3. डी.एस. कोठारी हाउस से खिलाड़ी सत्यम थे।
4. जे. कृष्णमूर्ति सदन से खिलाड़ी स्वर्णलता थी।

यहां पहला सेमीफाइनल डी. एस. कोठारी हाउस (खिलाड़ी- सत्यम) और जे. कृष्णमूर्ति हाउस (खिलाड़ी-स्वर्णलता) के बीच हुआ और विजेता स्वर्णलता रहीं। अब, जे. पी. नाइक हाउस (भुगतानकर्ता-जूली) और गिजू भाई हाउस (खिलाड़ी-ज्योति) के बीच दूसरा सेमीफाइनल, और विजेता ज्योति थी, तो हमें दो फाइनलिस्ट स्वर्णलता और ज्योति मिलीं।

अंतिम फाइनल मुकाबला जे. कृष्णमूर्ति हाउस से स्वर्णलता और गिजू भाई हाउस से ज्योति के बीच हुआ। विजेता ज्योति कुमारी (गिजू भाई हाउस)




**सेमीफ़ाइनल (लड़के)**

यहां, हमारे पास प्रत्येक हाउस से चार सेमीफाइनलिस्ट हैं।

1. डी.एस. कोठारी हाउस से - रोहित कुमार
2. जे. कृष्णमूर्ति हाउस से - राजा बाबू
3. गिजू भाई हाउस से - राहुल कुमार
4. जे. पी. नाइक हाउस से - प्रकाश कुमार।

पहला सेमीफाइनल मैच कोठारी हाउस (रोहित कुमार) और कृष्णमूर्ति हाउस (राजा बाबू) के बीच हुआ और विजेता कोठारी हाउस के रोहित कुमार रहे।फिर, दूसरा सेमीफाइनल मैच गिज्जू भाई हाउस (राहुल कुमार) और जे. पी. नाइक हाउस (प्रकाश कुमार) के बीच हुआ और विजेता गिज्जू भाई हाउस के राहुल कुमार रहे। अंतिम फाइनल मुकाबला डी. एस. कोठारी हाउस से रोहित कुमार और गिजू भाई हाउस से राहुल कुमारके बीच हुआ। विजेता रोहित कुमार रहे ।



**मिक्स-डबल्स मैच (लड़के और लड़कियां)**

यहां, पहला मैच जे. पी. नाइक हाउस और जे. कृष्णमूर्ति हाउस के बीच हुआ और जिसके खिलाड़ी क्रमशः (जूली और प्रकाश) और (स्वर्णलता और राजा बाबू) रहे। और विजेता जे. पी. नाइक हाउस (जूली और प्रकाश) था। दूसरा मैच डी. एस. कोठारी हाउस और गिज्जू भाई हाउस के बीच रहा और जिसके खिलाड़ी क्रमशः (रोहित और सत्यम) और (राहुल और ज्योति) रहे और विजेता कोठारी हाउस (रोहित और सत्यम) थे। वॉक-ओवर के कारण मिक्स-डबल्स मैच का अंतिम विजेता डी. एस. कोठारी हाउस (रोहित और सत्यम) था।




### 09/12/2023

बैडमिंटन टूर्नामेंट के तीसरे दिन की शुरुआत बी.एड. द्वितीय वर्ष (2022-24) सत्र। तीन सदनों से कुल छह खिलाड़ी हैं।

1. गिज्जू भाई के हाउस से - रोहित कुमार आनंद, सनी राज और आदित्य प्रसाद।
2. जे. कृष्णमूर्ति हाउस से - अभिषेक कुमार और आदित्य कुमार।
3. डी. एस. कोठारी हाउस से - दीपक कुमार।

इसलिए, समिति ने इन खिलाड़ियों के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित करने का निर्णय लिया और लॉटरी पद्धति के माध्यम से तीन टीमें बनाईं।

• टीम 1 में - रोहित और आदित्य प्रसाद (गिजू भाई हाउस से)

• टीम 2 में - सनी राज और अभिषेक कुमार (गिजू भाई और जे. कृष्णमूर्ति हाउस से)

• टीम 3 में - आदित्य प्रसाद और दीपक कुमार (गिजू भाई और डी. एस. कोठारी हाउस से)

पहला मैच टीम 1 और टीम 2, (रोहित और आदित्य प्रसाद) बनाम (सनी और अभिषेक) के बीच। विजेता रोहित और आदित्य प्रसाद रहे। और टीम 1 फाइनल के लिए क्वालिफाई हो गई। दूसरा मैच टीम 2 और टीम 3 (सनी और अभिषेक) बनाम (आदित्य और दीपक) के बीच हुआ। विजेता आदित्य और दीपक रहे और टीम 3 फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है।

अंतिमटीम 1 (रोहित और आदित्य प्रसाद) ओर टीम 3 (आदित्य और दीपक कुमार)
विजेता (आदित्य एवं दीपक कुमार) रहे ।







अंत हमने बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। मैच प्रभारी ने श्री अजय कुमार (सहायक प्रोफेसर) को , श्री अबोध कुमार (सहायक प्रोफेसर) को और सभी संकाय सदस्यों को ऐसे टूर्नामेंट को बहुत व्यवस्थित तरीके से सफल बनाने के लिए बहुत धन्यवाद दिया।

## निबंध प्रतियोगिता

'फिट इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में दिनांक 08/11/2023 को योग एवं व्यायाम से जुड़े विभिन्न विषयों पर निबंध - लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं द्वारा निम्नलिखित विषयों पर निबंध लेखन किया गया-


1. बदलती जीवन शैली एवं हमारा स्वास्थ्य - ज्योति कुमारी (1176)
2. योग और व्यायाम का हमारे जीवन में महत्व - संजना कुमारी (1216)
3. आधुनिक परिवेश में स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियां- काजल कुमारी)(1186)
4 योग की बढ़ती लोकप्रियता और व्यायाम-रुचि कुमारी (1152)
5. स्वास्थ्य से जुड़ी सरकारी योजनाएँ - प्रकाश कुमार (1223)
6. आधुनिक परिवेश में स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियां- राजा बाबू

7. Importance of yogaand exercise inour life-SatyamKumari (1164)

8. Changing lifestyle and our health - Aarti Kumar (1196)

9. Need of yoga and exercise in our lifeShivakumar (1150).

उपर्युक्त शीर्षक से संबंधित निबंध-लेखन प्रतियोगिता में जिन अन्य प्रशिक्षुओं ने भाग लिया उनमें राहुल कुमार सिंह (1191), जूली कुमारी (1228), रानी कुमारी (1153), पामिनी कुमारी (1182), प्रतिमा कुमारी (1173), प्रियंका कुमारी (1190), डॉली कुमारी (1161), गुजा कुमारी (1162), सुरभि कुमारी (156) एकता कुमारी (1151), जूली (1167) संजना देवराज (1216) प्रियंका कुमारी (1184) आदि का नाम उल्लेखनीय है। इसके द्वारा योग एवं व्यायाम के साथ ही स्वास्थ्य एवं आधुनिक जीवन शैली से जुड़े विविध विषयों पर प्रशिक्षुओं ने लेखन द्वारा अपने मत एवं विचार प्रकट किये।



COLLEGE OF EDUCATION & MANAGEMENT
CAMPUS, HAJIPUR-844 102
INTERNAL EXAM.
ROLL NO. 1196 EXTRA COPY No.

Name- Aarti Kumari
Session- 2023-25
House- J Krishnamurthy House

Importance of Yoga And Exercise in Daily life

Yoga and Exercise both are important in Our Daily life. But the benefit of yoga and Exercise are different in different part of our body.
Yoga play important role to piece our mind and body and increase our mind concentration.
Day by day lifestyle of every people of country change their food to eat and all the activity do are changing due to modern develop of our country so yoga play is a most important part in our life style

The literal meaning of yoga in 'Vedas' is union means grouping of people are participate and act different activities and piece their mind and body.

Yoga and Exercise are two same word of different meaning But both are independent of each other

To increase our muscles and body strength Exercise play very important role. In modern and developing country most of people are shift in Gym for muscle growth and to strength the body but they are unknow to only body build by chemical and protein our whole body not Healthy.




## <u>पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता</u>

**Fit India Week 2023** के अंतर्गत आज दिनाक 08-12-2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में एक पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता की गई थी जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का थीम "योगा एंड स्वास्थ्य" रखा गया था। जिसका उद्देश्य था कि सभी में स्वास्थ्य एवं योग के बारे में जागरूकता फैलाना। हालांकि योग जीवन जीने की कला है। योग एक ऐसा साधना विज्ञान है, जिसके द्वारा जन्म-जन्मो के संस्कार क्षीण हो जाते हैं। शारीरिक, एवं मानसिक आरोग्य, अस्वस्थता, व कुविचारों, कुसंस्कारों से मुक्ति मिलती है। सुसंस्कारिता, सुविचार के द्वारा अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रशिक्षु सेजल कुमारी (1177), ज्योति कुमारी (1176), संजना देवराज (1216), गुंजा कुमारी (1162), ज्योति कुमारी (1172), सरोज कुमारी (1179), ज्योति कुमारी

(1193), रानी कुमारी (1153), शानू कुमारी (1163), काजल कुमारी (1186), सत्यम कुमारी (1164), स्वर्ण लता कुमारी (1181), अनुप्रिया भारती (1185), पामनी कुमारी (1182), शिवम कुमार (1105) एवं प्रियंका कुमारी (1184) ने भाग लिया और अपने-अपने तरीके से इस “स्वास्थ्य एवं योग” विषय पर पोस्टर बनाए।

इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनुप्रिया भारती (1185) ने प्रथम स्थान, सत्यम कुमारी (1164) एवं ज्योति कुमारी (1193) ने दूसरा स्थान एवं सानू कुमारी (1163), शिवम कुमार (1105) ने तीसरा स्थान, इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक दल से प्राप्त किया। इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता को संस्थान के कला प्राध्यापक श्री अश्वनी कुमार मिश्रा एवं इस फिट इंडिया कार्यक्रम के प्रभारी श्री अबोध चन्द माहातो के नेतृत्व में किया गया।










Fit India week 2023 सभी मिल कर के हर्षो-उल्लास के साथ मनाएँ। बारिश के कारण कुछ Outdoor गेम नही हो पाए। साथ ही कॉलेज के प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियो को बधाई देते हुये कार्यक्रम को समापन हेतु निर्देश दिया।

# भारतीय भाषा दिवस / उत्सव का प्रतिवेदन




दिनांक 11 दिसंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में भारतीय भाषा समिति एवं साहित्य कुंज तथा आइ.क्यू.ए.सी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा उत्सव / दिवस मनाया गया। यह भाषा उत्सव दक्षिण भारत के लोकप्रिय कवि, लेखक, पत्रकार सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर को भाषा दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर बी.एड. सत्र (2023-25) के प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों में गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही भारत के कुछ लोकप्रिय नृत्यों (लोकनृत्य) की भी मनोहारी प्रस्तुति हुई। सर्वप्रथम भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षुओं द्वारा भारत में प्रचलित विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए गये। बी. एड. प्रथम वर्ष (2023- 25) के प्रशिक्षुओं को विभिन्न व्यंजनों की तैयारी हेतु पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी। यह आवंटन सदनवार किया गया था। इसमें गिजू भाई सदन की प्रशिक्षु गुंजा कुमारी ने लिट्टी- चोखा का स्टाल लगाया, वहीं इसी सदन की प्रशिक्षु सेजल कुमारी द्वारा इडली-सांभर का स्टॉल लगाया गया। जे.पी. नायक सदन की प्रशिक्षु रानी कुमारी ने चूड़ा -दही एवं सत्तू का स्टॉल लगाया। वहीं इसी सदन की ज्योति कुमारी (1176) ने पकौड़ा-चटनी एवं कचरी (चना) का स्टॉल लगाया। जे. कृष्णमूर्ति सदन की प्रशिक्षु सरोज कुमारी द्वारा विभिन्न प्रकार के अनाजों का मिश्रित भूँजा एवं झालमुरी का स्टॉल लगाया गया। वहीं इसी सदन की स्वर्णलता ने छोले- भटूरे का स्टॉल लगाया। डी. एस. कोठारी सदन की सत्यम कुमारी ने पोहा एवं उपमा का स्टॉल लगाया। वहीं काजल कुमारी द्वारा मक्का बाजरे की रोटी एवं सरसों, चना,बथुआ का साग का स्टॉल लगाया गया। साथी मैत्रेय परिवार की ओर से खिचड़ी की व्यवस्था की गई, जिसका सभी संकाय सदस्यों, प्रशिक्षुओं एवं अन्य कर्मचारीगण ने भरपूर रसास्वादन किया। सभी ने एक से बढ़कर एक सुस्वादु व्यंजनों का भरपूर लुफ्त उठाया।










इसके उपरांत बी. एड. (2023- 25) प्रथम वर्ष की प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न भाषाओं में गीत-गायन प्रस्तुत किया गया। जे. पी. नायक सदन की प्रशिक्षु ज्योति कुमारी द्वारा ओड़िया भाषा में और रानी कुमारी द्वारा वज्जिका भाषा में गीत प्रस्तुत किया गया। जे. कृष्णमूर्ति सदन की प्रशिक्षु स्वर्णालता एवं सरोज कुमारी ने पंजाबी गीत प्रस्तुत किया वहीं कोठारी सदन की प्रशिक्षु सत्यम कुमारी ने हिंदी गीत प्रस्तुत किया। गिजुभाई सदन की प्रशिक्षु गुंजा कुमारी ज्योति कुमारी एवं प्रियंका कुमारी ने क्रमशः भोजपुरी, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। गिजुभाई सदन की शिवानी कुमारी ने हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया वहीं संजना कुमारी ने पंजाबी गीत पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु रोहित कुमार सिंह ने किया। अंत में संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने भारतीय जनसमूह में एकता स्थापित करने संबंधी विचार विषय पर अपने मत एवं विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.प्रणव कुमार

तिवारी ने एक स्वरचित भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर वातावरण को संगीतमय बनाया। इस प्रकार भारतीय भाषा समिति नई दिल्ली के निर्देशानुसार भारतीय भाषा उत्सव को बड़े ही उल्लास एवं हर्ष के वातावरण में संस्थान में मनाया गया।







## नई चेतना अभियान 2023 प्रतिवेदन

नई चेतना अभियान 2023 कार्यक्रम, मैत्रय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर में 12/12/2023 से 16/12/2023 तक आयोजित किया गया। इस आयोजन के लिए दिनांक 29/11/2023 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु सहमति बनी -

**गतिविधि की सूची :-**

| **दिनांक** | **गतिववििध** | **प्रभारी संकाय** |
|---|---|---|
| 12/12/2023 | फिल्म स्क्रीनिंग | रॉकी कुमार |
| 13/12/2023 | भाषण | रॉकी कुमार |
| 14/12/2023 | कविता प्रस्तुतीकरण | रॉकी कुमार |
| 15/12/2023 | वाद –विवाद<br>(शीर्षक- महिलाओं के साथ लैंगिक भेद-भाव) | ललिता कुमारी |
| 16/12/2023 | पोस्टर मेकिंग | अश्विनी कुमार मिश्रा |

आज दिनांक **12/12/2023** को मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के सेमिनार हॉल में **नई चेतना 2.0 अभियान 2023** का **IQAC** एवं **जेंडर सेंसटाइजेशन** सेल के संयुक्त तत्वावधान में शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम **एन.सी.टी.ई** द्वारा निर्देशित था। आयोजन की शुरुआत कार्यक्रम निर्देशक रॉकी कुमार (सहायक प्राध्यापक) के द्वारा किया गया जिनमें उन्होंने नई चेतना के बारे में परिचय दिया एवं विभिन्न जानकारियाँ उपलब्ध कराई। साथ ही उन्होंने पांच दिवसीय कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण दिया एवं महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव पक्षपात के बारे में अपना दृष्टिकोण

व्यक्त किया। उन्होंने इन पक्षपातों और भेद-भाव को दूर करने के प्रयास के बारे में भी बताया एवं महिलाओं को सशक्त करने की भी बात की। उन्होंने महिलाओं के साथ हो रहे शारीरिक हिंसा एवं मानसिक हिंसा की बात की जोकि इस कार्यक्रम नई चेतना 2.0 का मुख्य उद्देश्य था। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्होंने सभागार में उपस्थित विशिष्ट अतिथि अजय कुमार सिंह का अभिनंदन किया एवं मंच पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर बात की जिसमें की महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, भेदभाव, पक्षपात जैसे मुद्दों को दूर करने की बात की। आज के कार्यक्रम की गतिविधि फिल्म स्क्रीनिंग रखी गई थी जिसमें शिक्षार्थियों को विभिन्न चलचित्र दिखाया गया। जिसमें नई चेतना के बारे में विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में उन लोगों के बीच 5 मिनट का एक छोटा स्किट दिखाया गया जो महिलाओं के साथ शारीरिक एवं मानसिक हिंसा से संबंधित था।












आज दिनांक **13/12/2023** को नई चेतना 2.0 कार्यक्रम का दूसरा दिन था। आज के कार्यक्रम की गतिविधि भाषण थी जिसमें विभिन्न शिक्षार्थियों ने महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव एवं शारीरिक एवं मानसिक हिंसा के विभिन्न मुद्दों पर भाषण को प्रस्तुत किया।

आज के आयोजन की शुरुआत हमारे प्राचार्य महोदय डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश के द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने महिला सशक्तिकरण की बात की उन्होंने बताया कि 33 प्रतिशत सीट पार्लियामेंट में महिलाओं के लिए आरक्षित है और प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में महिला शिक्षा में सुधार हो रहा है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक हिंसा को शिक्षा के माध्यम से सुधारा जा सकता है। तत्पश्चात बी. एड. सत्र 2023-25 के विभिन्न शिक्षार्थियों ने अपने-अपने भाषण को प्रस्तुत किया। पहले प्रस्तुतकर्ता के रूप में जे. पी. नायक सदस्य की रानी कुमारी ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने विभिन्न मुद्दों जैसे नारी हिंसा, भेदभाव, पक्षपात पर बात की।

दूसरी प्रस्तुतिकर्ता के रूप में गिजुभाई सदन की सदस्य ज्योति कुमारी ने महिलाओं के साथ शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों पर अपने भाषण को प्रस्तुत किया। इस प्रकार हमारे विभिन्न प्रस्तुतिकर्ता जिसमें सानू कुमारी, सत्यम कुमारी, प्रियंका कुमारी, रोहित कुमार इत्यादि ने बारी-बारी से अपने भाषण को सभागार में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में अबोध चंद्र माहातो (सहायक प्राध्यापक) के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने 3-I का संप्रत्यय प्रस्तुत किया।

आज दिनांक **14/12/2023** को नई चेतना 2.0 का तीसरा दिन था। आज के कार्यक्रम की गतिविधि कविता प्रस्तुतीकरण थी जिसमें विभिन्न शिक्षार्थियों ने महिलाओं के साथ हिंसा, अत्याचार, भेद-भाव पर विभिन्न कविताओं को प्रस्तुत किया। आज के कार्यक्रम का संचालन बी. एड. प्रथम वर्ष की रानी कुमारी के द्वारा किया गया।

पहले प्रस्तुतिकर्ता के रूप में जे.पी. नायक सदस्य की रानी कुमारी ने रश्मि पटेल द्वारा रचित एक कविता जिसका शीर्षक है 'क्यों होती है निराश' प्रस्तुत की। इसके बाद हमारी दूसरी प्रस्तुतिकर्ता जे. पी. नायक सदस्य की ज्योति कुमारी ने नारी सशक्तिकरण पर एक कविता प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था 'रेत की नदी हूं मैं'।




तीसरी प्रस्तुतिकर्ता के रूप में जे. कृष्णमूर्ति सदन की सदस्य जुली कुमारी ने एक कविता प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था 'नारी बोझ नहीं है'। चौथी प्रस्तुतिकर्ता के रूप में डी. एस. कोठारी सदन की काजल ने एक कविता प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक 'सहनशक्ति तुम नारी हो' था। इसी तरह विभिन्न प्रस्तुतिकर्ताओं जिसमें रोहित कुमार, स्वीटी कुमारी, शिवानी कुमारी, गुंजा कुमारी, डॉली कुमारी, काजल कुमारी इन सभी ने एक-एक कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ० प्रणव कुमार तिवारी (सहायक प्राध्यापक) के द्वारा स्वरचित कविता जिसका शीर्षक था 'बेटियां दो घरों में उजाला करें' प्रस्तुत किये। इस प्रकार आज के दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

आज दिनांक **15/12/2023** को नई चेतना 2.0 का चौथा दिन था, आज के कार्यक्रम की गतिविधि वाद-विवाद थी जिसका शीर्षक " महिलाओं के साथ लैंगिक भेद-भाव" थी I कार्यक्रम की शुरुआत अजय कुमार सिंह के द्वारा निर्देशित

किया गया जिसमें विभिन्न सदनों के शिक्षार्थिओं को दो ग्रुप में बाटा गया। ग्रुप 1 में कोठारी सदन और जे॰ कृष्णमूर्ति सदन के शिक्षार्थी एवं ग्रुप 2 में गिज्जु भाई सदन और जे ॰ पी ॰ नायक सदन के शिक्षार्थी मौजूद थे। विभिन्न सदनों के शिक्षार्थियों ने अपनी-अपनी बातों को रखा जिसमें महिलाओं के साथ बढ़ते भेदभावों और उसके रोकथाम के मुद्दों पर चर्चा हुई। इस प्रकार आज के दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

आज दिनांक **16/12/2023** को नई चेतना 2.0 का पांचवा दिन था, आज के कार्यक्रम की गतिविधि "पोस्टर मेकिंग" थी जिसमें विभिन्न शिक्षार्थिओं ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए पोस्टर को बनाया। आज के कार्यक्रम का निर्देशन अश्विनी कुमार मिश्रा (सहायक प्राध्यापक) के द्वारा की गई।

**कार्यक्रम के परिणाम:-**

1॰इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और लिंग आधारित हिंसा को खत्म करना।

2॰ इस अभियान में विभिन्न गतिविधियों से शिक्षार्थियों के बीच जेंडर आधारित हिंसा के बारे में जागरूकता बढ़ेगी साथ-साथ उससे निवारण के उपाय भी प्रदर्शित होंगे।

## क्रिसमस एवं नववर्ष स्वागत समारोह

आज दिनांक 23 दिसंबर 2023 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में बी.एड सत्र 2022-24 एवं 2023- 25 के शिक्षार्थियों ने दोपहर 1:00 बजे से क्रिसमस एवं नव-वर्ष 2024 का स्वागत समारोह आयोजित किया। चूंकि दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं ने अपने आवंटित विद्यालयों में क्रिसमस एवं नववर्ष के समारोह मनाया। अत: जिन विद्यालयों में यह समारोह आयोजित नहीं किया गया वहाँ के प्रशिक्षु महाविद्यालय में संकाय सदस्यों के साथ मिलकर क्रिसमस एवं नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ गीत संगीत एवं नृत्य के माध्यम से किया।




**चित्र : क्रिसमस एवं नववर्ष स्वागत समारोह**

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय अजय कुमार सिंह एवं रेखा कुमारी ने किया तथा सहकर्मी राजेश कुमार ने संटाक्लॉज़ बनकर केक काटकर की। आने वाले नए साल के मौके पर सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों एवं गैर-शैक्षणिक क्रमचरियों ने भी कार्यक्रम में उपस्थितहोकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

इसके साथ-साथ हमारे प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश ने सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों को नव वर्ष एवं क्रिसमस की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए अपने पिछले वर्ष के अनुभवों के आधार पर नए वर्षों में कार्य करने की सलाह दी और अपने जीवन में आगे बढ़ने काआशीर्वाद दिया।

# <u>राष्ट्रीय युवा दिवस प्रतिवेदन</u>

मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.) सेल एवं IQAC के द्वारा आज दिनांक 12-01-25 (शुक्रवार) को आकर्षक और व्यावहारिक गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस अवसर पर दिनांक 11-01-24 को My Bharat Portal पर 95 NSS स्वयं सेवकों का रजिस्ट्रेशन संस्थान के एन. एस. एस. प्रोगाम ऑफ श्रीमती रेखा कुमारी के द्वारा कराया गया। समारोह का आयोजन लैब विद्यालयों के साथ संस्थान के प्रांगण में भी किया गया। चूंकि B.Ed. सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के शिक्षार्थी SIP एवं SCP के लिए अपने लैब विद्यालयों में हैं। अतः दिनांक 12-01-24 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर10:00 AM - 01:00 PM लैब विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें दोनों सत्र के शिक्षार्थियों के साथ विद्यालय प्रभारी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस कड़ी में मध्य विद्यालय जढुआ में भाषण प्रतियोगिता कराया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।







उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्तानपुर में शिक्षार्थियों ने बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता कराया एवं विद्यालय परिसर में पौधा-रोपण करवाया। राजकिशोर उच्च विद्यालय यूसूफपुर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय काशीपुर चकबीबी, हाजीपुर में इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जब कि राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षार्थियों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया। इसके अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय इस्मालपुर में एवं जे. टी. हाईस्कूल बरुआबहुआरा में भी भाषण प्रतियोगिता एवं पौधारोपण किया गया।

विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के बाद सभी शिक्षार्थी एवं प्रभारी संस्थान पहुंचकर 01:30 PM - 2:00 PM कॉलेज परिसर में भी पौधारोपण किया तत्पश्चात संस्थान के राधाकृष्णन सभागार में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर कुमार मृत्युंजय राकेश के द्वारा स्वामी विवेकानंदजी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया













**विविन्न विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण**

इसके बाद संकाय सदस्यों एवं शिक्षार्थियों ने भी स्वामी जी को पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद शिक्षार्थियों ने स्वामीजी के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने इट्स ऑल इन माइंड पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सब कुछ व्यक्ति के अंदर ही होता है अर्थात व्यक्ति के अंदर सभी क्षमता मौजूद हैं बस उसे पहचानने की देर होती है। संकाय सदस्य डॉक्टर प्रणव कुमार तिवारी ने ज्ञानयोग पर प्रकाश डालते हुए कहां के स्वामी जी की पुस्तक ज्ञानयोग को अवश्य पढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने स्वामीजी के शिकागो भाषण का उल्लेख किया साथ ही उनके दर्शन पर प्रकाश डाला एवं धन्यवादज्ञापन किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन श्री मती रेखा कुमारी सहायक प्राध्यापिका, MCEM सह एन. एस. एस. प्रोग्राम  अधिकारी के द्वारा किया गया।







## नेताजी सुभाषचंद्र बॉस जयन्ती प्रतिवेदन

आज 23-01-2024 दिनांक को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के शुभ अवसर पर मैत्रेय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर में NSS एवं। QAC Cell के संयुक्त तत्वाधान में विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया जिसमें B.Ed. प्रथम वर्ष के शिक्षार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने नेता जी के गीत, हम दिल्ली दिल्ली जाएंगे....... कदम-कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा.... का सामूहिक गायन किया।






इसके बाद संस्थान के राधा कृष्णन संवाद कक्ष में नेता जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदशों को याद किया गया। शिक्षार्थी रानी कुमारी ने नेता जी के जीवनी को प्रस्तुत किया। शिक्षार्थी काजल कुमारी ने नेता जी के आजाद हिन्द फौज के बारे में बताया, ज्योति कुमारी ने नेता जी के कार्यों को विस्तार से बताया। वहीं शिक्षार्थी स्वीटी कुमारी, प्रियंका कुमारी, पामिनी कुमारी ने कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने The Indian struggle पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा की नेता जी का जीवन संघर्षो से भरा था। संकाय सदस्य सह NSS प्रोग्राम अधिकारी रेखा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा आज हमारा देश जिस बुलंदियों पर है उस को पाना मुश्किल होता यदि नेता जी जैसे बीर सपूत नहीं होते। आज हमारे समाज में व्याप्त कुछ समस्याएं ऐसी है जिसको समाप्त करने के लिए वैसे ही संघर्ष एवं जज्बे जरूरत है। उनके सपने का भारत बनाने में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही द्वितीय वर्ष के शिक्षार्थियों ने अपने आवंटित विद्यालयों में नेता जी की जयंती समारोह का आयोजन किया।

# <u>कर्पूरी ठाकुर जयंती</u>

आज दिनांक 24.01.2024 को मैत्रेय परिसर के डॉ. राधाकृष्णन सेमिनार कक्ष में कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती आइ.क्यू.ए.सी एवं साहित्य कुंज के संयुक्त तत्वाधान में समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम संस्थान के संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा कर्पूरी ठाकुर जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया । कर्पूरी ठाकुर जी भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उप-मुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थे। उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक थी जिस कारण उन्हें "जननायक" कहा जाता है। संस्थान के वरिष्ठ संकाय श्री अजय कुमार सिंह ने उनके बारे में बताते हुए कहा इनका जन्म 24 जनवरी 1924 में समस्तीपुर जिले के पिटौंचिया गांव जिसे अब "करपुरी ग्राम" कहा जाता है में नाईजाति में हुआ था।श्री सिंह ने बताया कि देश के प्रति उनके योगदान को देखते हुए 23 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उनके मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित करने की घोषणा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई है। साथी श्री सिंह ने बताया कर्पूरी ठाकुर सरल और सरस हृदय के राजनेता होने के साथ यह दूरदर्शी और ओजस्वी वक्ता भी थे, इसी कारण वह जननायक कहलाते थे। कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक रूप से पिछड़े किंतु सेवा भाव के महान लक्ष्य को चरितार्थ करती नाई जाती में जन्म लेने वाले इस महान नायक ने राजनीति को भी जन सेवा की भावना के साथ जिया, उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता था।






# Report on 26 January (Republic Day) -2024




मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर में दिनांक 26 जनवरी 2024 को महाविद्यालय NSS एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधन में कॉलेज प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मौसम ठीक ना होने के कारण विलंब से हुआ था।

इस कार्यक्रम की शुरुआत 10:45 AM महाविद्यालय के अकादमिक निर्देशक डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। वहीं ध्वजारोहण स्थल पर अति सुंदर रंगोली बनाई गई थी जिसे बी. एड. प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु ने सामूहिक रूप से बनाया था, जिसके पश्चात राष्ट्रगान एवं नारे लगाए गए। इसी के साथ वहां उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ मिलकर प्रस्तावना पढ़ शपथ ली। जहां संस्थान के सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं दोनों सत्र 2022-24 तथा 2023-25 के शिक्षार्थिगण उपस्थित थे। तदोपरांत कक्षा में प्रसाद के रूप में राष्ट्रीय मिठाई 'जलेबी' का वितरण किया गया।

कुछ देर बाद अगला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मंच संचालन बी. एड. प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु रोहित कुमार के द्वारा गणतंत्र दिवस पर विशेष ध्यान रखते हुए कुछ भाषण प्रस्तुति किया गया था। इसके बाद "संबिधान का परिचय" जिसे बी. एड. प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु रानी कुमारी ने प्रस्तुत किए। जिसमें उन्होंने बताया कि हमारा संविधान कैसे अस्तित्व में आया और संविधान निर्माता के समक्ष इतनी बड़ी चुनौती होने के बावजूद भी विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान को कैसे आकार दिया गया।







"हमारा मौलिक कर्तव्य" जिसे बी. एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु काजल कुमारी ने बेहतर तरीके से सभी कर्तव्यों को याद दिलाया तथा उपस्थित सभी जनों से अपने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए उनका निर्वहन करने का आग्रह किए। प्रतिभागीयों ने भारतीय संविधान का स्वरूप बेहतर तरीके से हम सभी के समक्ष प्रस्तुत किया तथा गणतंत्र के अर्थ को समझाया। कार्यक्रम में आगे बी.एड. प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी गीत प्रस्तुत किया, गाने का बोल थे, "हिमाद्रि तुंग श्रृंग..."। वहीं बी.एड. प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी ने एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत की गाने का नाम था, "ओ देश मेरा...। इसके तत्पश्चात बी.एड. प्रथम वर्ष के राजाबाबू ने एक अतिसुंदर गणतंत्र दिवस पर एक भाषण प्रस्तुति किया था। वहीं बी.एड. प्रथम वर्ष की काजल कुमारी ने देश की आजादी में कुर्बान बीर जबानों को याद करते हुए एक कविता प्रस्तुत की जिसके बोल थे, "ये पेड़ से शाखाएं...। जिसके पश्चात एक देशभक्ति गीत,"ऐ देश रंगीला .." पर बी.एड. द्वितीयवर्ष की प्रशिक्षु प्रीति रानी द्वारा अति सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। उसके बाद "ऐ मेरे वतन के लोगो.." की गाने पर बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु चंदा कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत की गयी था। जिसके पश्चात प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु डॉली और पामिनी कुमारी ने अति सुन्दर कविता प्रस्तुत किए थे। उसके बाद "कहे छेरे मोहे .." की गाने पर बी.एड. प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु पारुल ने नृत्य प्रस्तुत की थी।

संकाय श्री अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के निर्माण एवं भारत में गणतंत्र की स्थापना तक की विभिन्न जानकारियों से प्रशिशुओं को अवगत कराया। संकाय डॉ॰ प्रणव कुमार तिवारी ने स्व रचित गीत 'आज़ादी का अमृत महोत्सब, मिलकर जश्न मनाये हम.....' को प्रस्तुत किया। संस्थान के अकादमिक निदेशक प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने भारतीय संविधान सभा के गठन से लेकर संविधान के निर्माण की प्रक्रिया तक के महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापन भी किया। पुन: जलेबी के साथ सभा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य श्री अबोध चंद्र महतो की अध्यक्षता में किया गया।






## मैत्रेय पंचायत ( छात्र संघ ) चुनाव जनवरी 2024 प्रतिवेदन

- संस्थान में छात्र संघ गठन हेतु पाठ्यचर्या के उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त कराने के लिये IQAC के निर्देशानुसार मैत्रेय पंचायत ( छात्र संघ ) चुनाव 2024 के लिए चुनाव आयुक्त सह-प्राचार्य ने चुनाव अधिसूचना दिनांक 23/01/2024 को घोषित करते हुये आचार-संहिता लागू किया तथा मतदाता सूची प्रकाशित किया । मैत्रेय पंचायत चुनाव अधिसूचना संख्या 02 में मैत्रेय पंचायत के प्रमुख पदों तथा सदनों के पदों का उल्लेख था निम्न पदों हेतु 29 जनवरी 2024 को चुनाव होगा।

**पदों का विवरण :-**

- मैत्रेय पंचायत अध्यक्ष के लिए एक पद (01)
- मैत्रेय पंचायत उपाध्यक्ष के लिए एक पद (01)
- सदन कप्तान (04) चारो सदनो के लिए अलग-अलग,
- सदन उपकप्तान (08) प्रत्येक सदन के लिए 02-02, जिसमें 01-01 पद छात्राओं के लिए आरक्षित,

**प्रत्याशियों के लिए पात्रता की शर्तें :-**

1. संस्थान में जिनकी उपस्थिती 85% से अधिक हो वे ही चुनाव लड़ सकतें है।
2. मैत्रेय पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ बी.एड. सत्र (2022-24) के प्रशिक्षु नामांकन कर सकतें है।
3. मैत्रेय पंचायत उपाध्यक्ष पद एवं उपकप्तान के लिए सिर्फ बी.एड. सत्र (2023-25) के प्रशिक्षु नामांकन कर सकेंगे।
4. प्रत्येक सदन से एक कप्तान व दो उपकप्तान होंगे।
5. प्रत्येक सदन के कप्तान के लिए सिर्फ बी.एड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु ही नामांकन कर सकेंगे।
6. जो जिस सदन के सदस्य हैं, उसी सदन के कप्तान या उपकप्तान पद के लिए पात्र हो सकेंगे।
7. मतदान के पहले प्रत्येक प्रत्याशी को मतदाओं के सम्मुख' मतदाता उनको ही वोट क्यों दें" विषय पर दक्षता भाषण देना अनिवार्य होगा।

**मैत्रेय पंचायत चुनाव की अधिसूचना तीन चुनाव की तिथि घोषित करने से संबन्धित थी-**

- **मतदान की तिथि** - 29 जनवरी (प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक)
- **नामांकन की तिथि** - 26 जनवरी
- **नाम वापसी की तिथि** - 27 जनवरी (दोपहर 12 बजे तक)
- **चुनाव प्रचार** - 26 जनवरी एवं 27 जनवरी (दोपहर 12 बजे से)
  (28 जनवरी को सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रचार)
- **मतगणना की तिथि** - 29 जनवरी (दोपहर 02 बजे से शाम 04 बजे तक)
- **शपथ ग्रहण समारोह** - 30 जनवरी

**चुनाव आचार संहिता :-**

1. कोई भी प्रत्याशी ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे किसी धर्म, जाति, जेंडर या भाषाई समुदाय के बीच मतभेद हो।

2. मतदाता के साथ भ्रष्ट आचरण का उपयोग न करें, जैसे: प्रलोभन, रिश्वत देना, मतदाता को डराना/धमकाना इत्यादि |

3. वोट के लिए धर्म, जाति, जेंडर व संप्रदाय के आधार पर अपील न करें।

4. किसी भी प्रत्याशी की सभा व जूलूस में बाधा न डालें।

5. कॉलेज परिसर के अन्दर व बाहर किसी प्रकार की अराजकता नहीं होनी चाहिए।

6. सिर्फ हस्तलिखित, फोटोकॉपी व बैनर सामाग्री का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए करें।

7. प्रत्येक प्रत्याशी अधिकतम दो हजार (2000) रूपये तक खर्च अपने चुनाव प्रचार में कर सकता है। इससे अधिक खर्च चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

8. प्रत्येक मतदाता को संस्थान का परिचय-पत्र एवं आधार कार्ड लाना आवश्यक है, अन्यथा वे मतदान नहीं कर पायेंगे |

**नामांकन के लिए निम्न आधार आवश्यक है:-**

1) संस्थान का परिचय पत्र

2) आधार कार्ड

3) दो फोटो

4) दो प्रस्तावक

**छात्र संघ चुनाव के उद्देश्य –**

1. प्रशिक्षुओं को लोकतान्त्रिक चुनाव की प्रक्रिया की समझ देना।
2. प्रशिक्षुओं में अपना नेता चुनने का अवसर देना।
3. प्रशिक्षुओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना।
4. संस्थान की विभिन्न प्रशासनिक समितियों मे प्रशिक्षुओं की हिस्सेदारी देना।
5. संस्थान के चरो सदनों के लिए कप्तान और उपकप्तान का चयन करना।
6. महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाना।

**प्रत्याशियों का नामांकन:-** 26 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे से प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए अपना नामांकन प्रारंभ किया। नामांकन के लिए प्रत्येक प्रत्याशी को दो प्रस्तावक ले आना अनिवार्य था। वे प्रत्याशी अपना नामांकन करा सकता है जो 10 रुपये का चालान पर्ची लेखा शाखा से प्राप्त कर नामांकन प्रपत्र भरकर निर्वाचन अधिकारी को जमा करेंगे। नामांकन प्रपत्र भरते समय प्रत्याशी को अपना कॉलेज पहचान पत्र एवं आधार कार्ड निर्वाचन अधिकारी को दिखाया।















<u>**नामांकन कक्ष में निर्वाचन अधिकारियों को अपना नामांकन प्रपत्र प्रस्तुत करते प्रत्याशी**</u>

**नाम वापसी :-** 27 जनवरी 2024 को दोपहर 12 तक नाम वापसी के लिए निश्चित किया गया था पर किसी प्रत्यासी ने अपना नाम वापस नहीं लिया।

**निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशी :-** कुछ पदों पर सिर्फ एक अभ्यर्थी का नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

| क्रम संख्या | पद नाम | सदन | निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशी का नाम | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कप्तान | गिजु भाई सदन | पंकज कुमार | 2022-24 |
| 02 | कप्तान | जे. कृष्णमूर्ति सदन | अविनाश कुमार | 2022-24 |
| 03 | कप्तान | डी. एस. कोठारी सदन | जुली कुमारी | 2022-24 |
| 04 | कप्तान | जे. पी. नाईक | चंदा कुमारी | 2022-24 |
| 05 | उपकप्तान | गिजु भाई सदन | गुंजा कुमारी | 2023-25 |
| 06 | उपकप्तान | गिजु भाई सदन | प्रियंका कुमारी | 2023-25 |
| 07 | उपकप्तान | जे. कृष्णमूर्ति सदन | जुली कुमारी | 2023-25 |
| 08 | उपकप्तान | डी. एस. कोठारी सदन | कुन्दन कुमार | 2023-25 |
| 09 | उपकप्तान | डी. एस. कोठारी सदन | काजल कुमारी | 2023-25 |
| 10 | उपकप्तान | जे. पी. नाईक सदन | रानी कुमारी | 2023-25 |
| 11 | उपकप्तान | जे. पी. नाईक सदन | पामिनी कुमारी | 2023-25 |

**चुनाव प्रचार ;-** नामांकन के उपरांत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने अपने लिए चुनाव प्रचार किये। चुनाव प्रचार के लिए 26 एवं 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से निर्धारित किया गया। साथ ही 28 जनवरी दिन रविवार को प्रत्याशी सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रचार किये। प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के लिए संस्थान में जुलूस के साथ-साथ हस्त लिखित एवं फोटो कॉपी की सामाग्री का प्रयोग किया। चुनाव प्रचार से संबन्धित आचार संहिता के पालन का ध्यान रखा गया।

**दक्षता भाषण :-** मतदान के पहले प्रत्याशियों ने दिनांक 29/01/2024 को अपना दक्षता भाषण दिये जिसका विषय था **" मतदाता उनको ही वोट क्यों दें " ।** दक्षता भाषण का कार्यक्रम बोधिसत्व सभागार में कराया गया जिसमें चुनाव आयुक्त सह- प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश, चुनाव निर्वाचन अधिकारी सह- प्राध्यापक -अजय कुमार सिंह , रेखा कुमारी, आनंद प्रकाश, चुनाव पर्यवेक्षक राजु कुमार ( एलुमिनी ), संकाय सदस्य , मतदाता एवं प्रत्याशी उपस्थित थे। सर्व प्रथम अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रुचिका ने दक्षता भाषण दिया, इसके बाद सोनू कुमार एवं राहुल कुमार ने अपना दक्षता भाषण दिया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोहित कुमार सिंह एवं शिवम कुमार ने अपना दक्षता भाषण दिया।



















पम्पलेट के माध्यम से चुनाव प्रचार करते हुए प्रत्याशी



















<u>दक्षता भाषण में मतदाताओं एवं पर्यवेक्षक की उपस्थिति में अपने विचार रखते प्रत्याशी</u>


**मतदान :-** दक्षता भाषण के उपरांत 29 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान प्रारम्भ हुआ। दोनों पदो के लिए अलग -अलग मतपत्र एवं मतपेटी की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर वोटिंग की ज़िम्मेदारी सह-निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेखा कुमारी, अनुशासन समिति प्रभारी सह-निर्वाचन अधिकारी श्री आनंद प्रकाश एवं पीठासीन अधिकारी (सहायक प्राध्यापक) श्री रॉकी कुमार ने संभाली। सम्पूर्ण मतदान एलुमिनी (सत्र 2021-23) राजु कुमार की देख रेख में कराया गया। मतदान केंद्र पर प्रत्याशियों के प्रतिनिधि के रूप में उनके पोलिंग एजेंट की भी व्यवस्था की गई थी जिससे पारदर्शिता बनी रहे। मतदान 1;00 अपराहन तक हुआ जिसमें कुल 105 वोट पड़े।


















**मतगणना:-** मतगणना की शुरुआत 29/03/2024 को अपराह्न 2;30 से प्रारम्भ हुआ। शील बंद मतपेटियों को मतगणना स्थल ICT कक्ष में सभी पोलिंग एजेन्टों की उपस्थिति में खोला गया। मतगणना में पर्यवेक्षक के रूप में एलुमिनी सदस्य श्री राजु कुमार (बी. एड. सत्र 2021-23 ) उपस्थित रहे। सर्व प्रथम सभी मतपत्रों को मतपेटी से बाहर निकाल कर उसे सीधा किया गया फिर उसे छाँट कर प्रत्यासी के अनुसार अलग अलग किया गया। फिर गिनती कर उपाध्यक्ष और अध्यक्ष के विजयी प्रत्यासी की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार ने अपने निकतम प्रत्यासी सोनू कुमार को 29 मत अधिक पाकर विजेता धोषित किये गये। वहीं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवम कुमार ने अपने निकटतम प्रत्याशी रोहित कुमार सिंह से 55 वोट अधिक पाकर विजेता घोषित किये गये।
















**अध्यक्ष पद के चुनाव का परिणाम:-**

| क्रम संख्या | प्रत्याशी का नाम | कुल मतदान | प्राप्त मत | परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | राहुल कुमार | 105 | 59 | विजेता |
| 02 | सोनू कुमार | 105 | 30 | द्वितीय स्थान |
| 03 | रुचिका | 105 | 15 | तृतीय स्थान |
| 04 | NOTA | 105 | 01 | ----------- |

**उपाध्यक्ष पद के चुनाव का परिणाम :-**

| क्रम संख्या | प्रत्याशी का नाम | कुल मतदान | प्राप्त मत | परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | शिवम कुमार | 105 | 79 | विजेता |
| 02 | रोहित कुमार | 105 | 30 | द्वितीय स्थान |
| 03 | NOTA | 105 | 02 | ---------- |

**इस प्रकार प्रशिक्षुओं ने अध्यक्ष पद *राहुल कुमार* सत्र 2022-24, एवं उपाध्यक्ष पद पर *शिवम कुमार* सत्र 2023-25 को चुना।**













**शपथ ग्रहण समारोह :-**


शपथ ग्रहण समारोह 30 जनवरी 2024 को डॉ.राधकृष्णन सेमीनार हॉल में विजेता पदाधिकारियों को संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में पद एवं संस्थान और प्रशिक्षुओं के प्रति कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ निर्वाचन अधिकारी सह-संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह द्वारा दिलाई गयी। छात्रसंघ के पदाधिकारी शपथ के साथ ही शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी किये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल कुमार ने सभा में उपस्थित सभी मतदाताओं को उन्हें जिताने पर धन्यवाद दिया।















**शपथग्रहण समारोह (30-01-2024) में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सदन कप्तान और उपकप्तान शपथ लेते हुए**

**<u>मैत्रेय पंचायत (छात्र संघ) चुनाव का प्रतिफल :-</u>**

1. प्रशिक्षु मैत्रेय पंचायत चुनाव में चुनाव की प्रक्रिया को सीखे।
2. प्रशिक्षु अपने लिए छात्र नेता का चुनाव किये।
3. शिक्षार्थियों ने नेतृत्व के गुण को सीखा।
4. शिक्षार्थियों ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कैसे कराया जाता है यह जाना।

5. शिक्षार्थियों ने यह जाना की चुनाव में अपने विचार रखने के क्या माध्यम हो सकते है।
6. प्रशिक्षु दक्षता भाषण के माध्यम से अपना विचार व्यक्त करने का अनुभव पाया।
7. प्रशिक्षु एक वोट की शक्ति को जाना।
8. प्रशिक्षुओं की संस्थान में शैक्षिक और प्रशासनिक भागीदारी के लिए पदाधिकारियों की एक कमेटी प्राप्त हुई।

## सरल मानक संस्कृतम् : कार्यशाला प्रतिवेदन

### अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | कार्यक्रम सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कार्यशाला का कार्यक्रम | 01 |
| 2. | परिचय | 02 |
| 3. | उद्घाटन सत्र- अकादमिक निदेशक द्वारा स्वागत भाषण | 03-05 |
| 4. | प्रथम सत्र - डॉ. मुकेश कुमार ओझा | 06 |
| 5. | द्वितीय सत्र - श्री मारकंडेय शारदेय | 07 |
| 6. | तृतीय सत्र - डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश | 08 |
| 7. | चतुर्थ सत्र - डॉ दीप्तांशु भास्कर | 09 |
| 8. | समापन सत्र –डा. केकी कृष्ण, राजू कुमार मिश्र, डॉ. महेश राय | 10 |
| 9. | प्राचार्य धन्यवाद ज्ञापन | 11-13 |
| 10. | प्रमाण-पत्र वितरण | 14 |
| 11. | समाचार - पत्र में प्रकाशित कार्यशाला से संबंधित खबर | 15 |


| **कार्यशाला कार्यक्रम की सूची** |
|---|
| **भारतीय भाषा समिति**<br>**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)**<br>**तथा**<br>**मैत्रेय कॉलेज ऑफएजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर**<br>**(आर्यभट्ट ज्ञानविश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध)**<br>के संयुक्ततत्वावधान में आयोजित<br>**एक दिवसीय कार्यशाला**<br>**सरलमानकसंस्कृतम्**<br>**28जनवरी, 2024** |

| | |
|---|---|
| 09:15 AM - 10:15 AM | प्रतिभागियों का पंजीयन |
| 10:30 AM - 10:40 AM | सम्मानितअतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलन, गणेश वंदना एवं स्वागत गीत |
| 10:40 AM - 10:50 AM | साधनसेवियों का सम्मान |
| 10:50 AM - 11:40 AM | प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, अकादमिक निदेशकद्वारा स्वागत भाषण-सह- कार्यशाला परिचय |
| 11:00 AM - 12:00 PM | प्रथम-सत्र (किमर्थं सरलमानकसंस्कृतम् )-(चर्चारूपेण),<br>डॉ. मुकेश कुमार ओझा, विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग फिरोज गाँधी संस्कृतमहाविद्यालय, करबिगहिया पटना, |
| 12:00 PM - 01:00 PM | द्वितीय-सत्र (सरलमानकसंस्कृतस्यस्वरूपम्)-(चर्चारूपेण),<br>श्री मारकण्डेय शारदेय, पूर्व सहसंपादक-धर्मायण लेखक–ना.ओ.यू. पटना |
| 01:00 PM - 02:00 PM | **भोजनावकाश** |
| 02:00 PM - 03:00 PM | तृतीय-सत्र (सरलमानकसंस्कृतेन प्रौढसंस्कृतस्यपरिवर्तनाभ्यासः)-(गणशः),<br>डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश, स. प्रा.–सी.टी.ई.तुर्की, मुजफ्फरपुर, |
| 03:00 PM - 04:00 PM | चतुर्थ सत्र (सरलमानकसंस्कृतस्य क्रियान्वयनम् (चर्चारूपेण),<br>डॉ. दीप्तांशु भास्कर, सहायक शिक्षक, बाल कृष्ण उच्चतर मा. विद्यालय दुलारपुर, भोजपुर आरा |
| 04:00 PM - 04:10 PM | डॉ.कुमार मृत्युंजय राकेश, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, द्वारा धन्यवाद ज्ञापन |
| 04:10 PM - 04:30 PM | अल्पाहार |
| **कार्यक्रम स्थल : मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट**<br>EPIP Campus, Industrial Area, Near NIPER, Hajipur-844102 | |

**परिचय**

वैशाली के औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंटके बोधिसत्व सभागार में भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में **'सरलमानकसंस्कृतम्' नामक एकदिवसीय कार्यशाला** का आयोजन **दिनांक 28.01.2024** को किया गया। **कुल चार सत्रों में विभाजित**इस कार्यशाला में राज्य के अलग- अलग स्थानों से आमंत्रित विद्वानों ने सरलतापूर्वक संस्कृत सीखने-सिखाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यशाला का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात् प्रशिक्षु चंदा कुमारी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। संकाय डॉ. प्रणव कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षुओं रुचिका, अंजलि, चंदा, रानी एवं प्रियंका ने समूह गान में 'सुरससुबोधा विश्वमनोज्ञा... संस्कृत गीत प्रस्तुत किया।

**उद्घाटन सत्र – स्वागत भाषण**

**कॉलेज के अकादमिक निदेशक प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी** ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए एवं कार्यशाला के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि सरलमानकसंस्कृतम् कार्यशाला में हम संस्कृत के सरल रूप को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि भाषाओं की जननी के रूप में विख्यात अति प्राचीन भाषा संस्कृत आधुनिक युग में कम्प्यूटर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त भाषा है। ध्यातव्य है कि आज के समय में पूरे विश्व में इसके प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण बन रहा है। कार्यशाला

के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र उत्सुक है, संस्कृत बोलना- सीखना चाहे तो हमारे साधन सेवी उसे 15 दिनों के संभाषणशिविर में संस्कृत बोलना-लिखना सिखा सकते हैं।




समूह गान - 'सुरससुबोधा विश्वमनोज्ञा... संस्कृत गीत की प्रस्तुति




आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन

**कार्यशाला के चार सत्रों हेतु कुल चार साधन सेवी डॉ. मुकेश कुमार ओझा**, विभागाध्यक्ष फिरोज गाँधी संस्कृत महाविद्यालय, पटना, सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक **श्री मारकंडेय शारदेय**, पूर्व सहसंपादक 'धर्मायण' (महावीर मंदिर, पटना से प्रकाशित) **डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश**, सहायक प्राध्यापक, सी. टी. ई, तुर्की एवं **डॉ दीप्तांशु भास्कर**, संस्कृत शिक्षक, बालकृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोजपुर आमंत्रित थे।इस कार्यशाला में वैशाली जिले के विभिन्न क्षेत्रों के मध्य,

माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत संस्कृत भाषा के शिक्षकों के साथ- साथ अन्य अध्यापक तथा छात्र-छात्राओं सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।




**मंचासीन साधनसेवी एवं अन्य सम्माननीय अतिथि**




**गणेश - वंदना प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षु चंदा कुमारी**

**<u>प्रथम सत्र -(किमर्थं सरलमानकसंस्कृतम् ) - डा. मुकेश कुमार ओझा</u>**

संरलमानकसंस्कृतम् कार्यशाला में प्रशिक्षुओं ने संस्कृत में बातचीत के सरल तरीके को सीखा। इससे पूर्व **'आधुनिको भव संस्कृतम् वद' अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत की महत्ता पर प्रथम सत्र** में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा अति सरल एवं सहज है। यह मानव कल्याण एवं विकास में सहायक है। यदि हम व्यवहार में, बोलचाल में इसे प्रयुक्त करेंगे तो धीरे -धीरे यह सरल होती जाएगी।अपने अभियान में संचालित संस्कृत संभाषण शिविरों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार इन शिविरों में भाग लेकर राज्य एवं राज्य के बाहर जिज्ञासु लोग 10-15 दिनों में संस्कृत बोलने में सक्षम हो रहे हैं।




**प्रथम सत्र में चर्चा करते साधनसेवी डा. मुकेश कुमार ओझा';ok;l;l;lk;lk;l;lk;lk'k;l';l';**

## <u>द्वितीय सत्र -(सरल मानक संस्कृतस्य स्वरूपम्)-श्री मारकण्डेय शारदेय</u>

**द्वितीय सत्र में श्री मारकण्डेय शारदेय जी** द्वारा सरलमानकसंस्कृत के स्वरूप पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में शिक्षण शैली को रुचिकर और सुबोध बनाकर हम विषय को अधिक ग्राह्य बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने सरलमानकसंस्कृतम् के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत समृद्ध एवं प्रवाहपूर्ण भाषा है।उन्होंने संस्कृत व्याकरण में नियमों की ध्यान दिलाते हुए कहा कि किस प्रकार सरलता से संस्कृत को अधिकाधिक लोगों के बीच लोकप्रियता मिल सकती है। वाल्मीकि रामायण, पाणिनीकृत व्याकरण भाष्य एवं अन्य कई ग्रंथों के उद्धरणों के द्वारा उन्होंने संस्कृत के विभिन्न संदर्भों की विस्तापूर्वक चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को रोचक जानकारियों से अवगत कराया।




**कार्यशाला के द्वितीय सत्र में चर्चा करते हुए साधनसेवी मारकण्डेय शारदेय**

## <u>तृतीय सत्र -(सरलमानक संस्कृतेन प्रौढसंस्कृतस्य परिवर्तनस्य अभ्यासः) डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश</u>

**तृतीय सत्र में डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश** द्वारा अभ्यास सत्र में बड़े ही रोचक तरीके से प्रतिभागियों के लिए सरल संस्कृत संभाषण का अभ्यास कराया गया। उन्होंनेप्रशिक्षुओं को सरलवाक्यों के द्वारा आपस में वार्तालाप करने का अभ्यास कराया। प्रशिक्षुओं ने बहुत ही उत्साह एवं आनंदपूर्वक अभ्यास सत्र में रुचिकर तरीके से सरल और दैनिक जीवन में प्रयुक्त होनेवाले वाक्यों को संस्कृत में बोलने का अभ्यास किया। इस तरह उन्होंने कक्षाओं में शिक्षण के तरीके में बदलाव लाने की अपील करते हुए प्रतिभागियों को विविध रूपों से शिक्षण की तकनीकीजानकारी दी। दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले

छोटे- छोटे सरल वाक्यों एवं शब्दों के प्रयोग के साथ सरल संस्कृत को सीखने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिदिन के अभ्यास से हम सब कुछ दिनों में संस्कृत बोलने में सक्षम हो सकते हैं।




**कार्यशाला के तृतीय सत्र में  चर्चा करते हुए साधनसेवी डॉ. ज्ञानरंजन गंगेश**

**<u>चतुर्थ सत्र - (सरलमानकसंस्कृतस्य क्रियान्वयनम् ) - डॉ. दीप्तांशु भास्कर</u>**

**चतुर्थ सत्र में डॉ. दीप्तांशु भास्कर** ने सरलमानकसंस्कृत के क्रियान्वयन की चर्चा करते हुए उपस्थित समूह के साथ सरल वाक्यों का उदाहरण देकर संस्कृत को सहज सीखने के गुर बताए । उन्होंने सहज शब्दों के अभ्यास से संस्कृत को आसानी से सीखने की प्रक्रिया बतलाई।




**चतुर्थ सत्र में साधनसेवी डॉ. दीप्तांशु भास्कर**

**<u>समापन सत्र –डा. केकी कृष्ण, राजू कुमार मिश्र, डॉ. महेश राय</u>**

**कार्यशाला में डा. केकी कृष्ण**, राज्य संपोषित बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैशाली  ने संस्कृत व्याकरण एवं विभिन्न संदर्भों के द्वारा सरल संस्कृत के मानकों की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया। **डॉ. महेश राय**, शिक्षक सहयोगी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने संस्कृत में दो सत्र गीत प्रस्तुत किया। **संस्कृत शिक्षक राजू कुमार मिश्र** ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे।




**कार्यशाला को संबोधित करते हुए संस्कृत शिक्षक राजू कुमार मिश्र**

## धन्यवाद ज्ञापन

आगत अतिथियों का सम्मान प्रतीक चिह्न एवं पुष्पगुच्छ देकर संस्थान के संकाय श्री आनंद प्रकाश, श्री रॉकी कुमार, सुश्री ललिता कुमारी एवं प्राचार्य डा. कुमार मृत्युंजय राकेश द्वारा किया गया। मंच संचालन संकाय डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने किया । इस अवसर पर संकाय श्री अजय कुमार सिंह, श्रीमती रेखा कुमारी, श्री अश्विनी कुमार मिश्र, श्री अबोध चंद्र माहातो एवं संस्थान के सहकर्मी श्री प्रशांत अमर, श्री चंद्र प्रकाश एवंश्री संतोष कुमार के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आगत अतिथियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश ने किया । सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण- पत्र प्रदान किए गए । इस तरह यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।




**आगत अतिथियों का सम्मान करते हुए प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश**

# प्रमाण-पत्र वितरण




## महात्मा गांधी पुण्यतिथि 2024




आज दिनांक 30/01/2024 को मैत्रेय कॉलेज आफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट के बोधिसत्व सभागार में चेतना-सत्र के दौरान महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें संस्थान के सभी संकाय सदस्य एवं बी.एड. के दोनों सत्रों के प्रशिक्षु ने पुष्पांजलि अर्पित किया और महात्मा गांधी जी के कुछ भजन गाये जिसमें "साबरमती के संग तूने कर दिया

कमाल” बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा चंदा कुमारी ने गाया“ वैष्णो जन तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे” को अंजलि एवं उनके साथी गण ने गाया। “रघुपति राघव राजा राम” भजन बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा रानी एवं साथी गण ने गाया। उस दिन की कक्षाओं की घंटी गांधी जी के भजन पर ही आधारित थी। इस कार्यक्रम का संयोजन संकाय सदस्य डॉ. प्रणव कुमार तिवारी एवं सुश्री ललिता कुमारी ने किया।




## बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजनोत्सव प्रतिवेदन




दिनांक 14.02.2024 को मैत्रेय कॉलेज आफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट के बोधिसत्व सभागार में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती का पूजन उत्सव हर्ष एवं उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बी.एड. सत्र (2022-

24) एवं सत्र (2023-25) के प्रशिक्षुओं ने पूरे सभागार को फूलों के बंदनवार एवं गुब्बारों से भव रूप से सजाया। विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष जमीन पर बैठकर संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। बी.एड. सत्र (2023-25) के प्रशिक्षु राजा बाबू मिश्रा ने मन्त्रोंच्चार के साथ मां वीणापाणि की पूजा अर्चना कराई। पूजन एवं हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जिसमें सभी प्रकार के ऋतू फलों को सम्मिलित किया गया था।

प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने होली गीतों की प्रस्तुति दी। बी. एड. (2022 -24) की प्रशिक्षु चंदा कुमारी, अंजली तथा बी. एड. (2023- 25) की प्रशिक्षु ज्योति, स्वर्णालता ने मिथिला में राम खेले होली, होली खेले रघुबीरा आदि गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं संकाय डॉ. प्रणव कुमार तिवारी ने बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में होली खेल का गायन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुमारमृत्युंजय राकेशभी उपस्थित थे।




**चित्र – माँ सरस्वती की पुजा में शामिल संकाय एवं प्रशिक्षुगण**

होली गीतों की प्रस्तुति के उपरांत सभी उपस्थित संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओंने सहभोज का आनंदलिया।इस सहभोजमेंपुड़ी,सब्जी, खीर, पुलाव एवं गुलाबजामुन का सभी ने जमकर लुफ्त उठाया।इस प्रकार बसंतपंचमी एवं सरस्वती पूजनोत्सव उमंग एवं उत्साह के वातावरण मेंसंपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवेदन

आज 21/02/2023 को 38 वें राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर NCTE के दिशा निर्देशन पर आई. क्यू. ए. सी. और ए. पी. जे. अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्ववाधन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को 21/02/2023 से 27/202/2023 तक मनाना सुनिश्चित हुआ। जिसमें 21/02/2024 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन समिति में डॉ. प्रणव कुमार तिवारी (सहा. प्रो.) और अजय कुमार सिंह (सहा. प्रो.) को शामिल किया गया।

21/02/2024 को PPT Presentation प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन समिति में आनंद प्रकाश (सहा. प्रो.), रॉकी कुमार (सहा. प्रो.) और अबोध चंद्र माहातो (सहा. प्रो.) को शामिल किया गया। 22/02/2024 को साइन्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन समिति में रेखा कुमारी (सहा. प्रो.) और अजय कुमार सिंह (सहा. प्रो.) को शामिल किया गया। 23/02/2024 को साइन्स आधारित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन समिति में ललिता कुमारी (सहा. प्रो.) और

अजय कुमार सिंह (सहा. प्रो.) को शामिल किया गया। 27/02/2024 को कम खर्च प्रयोग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन समिति में सभी संकाय सदस्यों (रेखा कुमारी (सहा. प्रो.), ललिता कुमारी (सहा. प्रो.), आनंद प्रकाश (सहा. प्रो.), रॉकी कुमार (सहा. प्रो.) और अबोध चंद्र माहातो (सहा. प्रो.), अश्विनी कुमार मिश्रा (सहा. प्रो.) और अजय कुमार (सहा. प्रो.) को शामिल किया गया।
सभी प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है :

| क्रम सं. | प्रतियोगिता | प्रथम स्थान प्राप्त प्रशिक्षु | द्वितीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षु | तृतीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निबंध प्रतियोगिता (भारतीय वैज्ञानिकों की जीवनी एवं वैज्ञानिक उपलब्धि पर निबंध ) | साक्षी गोस्वामी (1073) | पामिनी कुमारी (1182) | रानी कुमारी (1153) & स्वीटी कुमारी (1178) |
| 2 | PPT Presentation (विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक) | रोहित कुमार आनंद (1076) | शिवानी कुमारी (1208) | रोशनी कुमारी (1100) |
| 3 | साइन्स क्विज (साइन्स क्विज का विषय- 1)भारतीय वैज्ञानिक अब तक के; 2)भारतीय वैज्ञानिकों की जीवनी आधारित प्रश्न ; 3)भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियां, खोजें एवं पुस्तकें। | टीम 'ए' 1. नीति कुमारी (द्वितीय वर्ष); 2. ज्योति कुमारी (प्रथम वर्ष); 3. प्रियंका (प्रथम वर्ष); 4. आदित्य कुमार झा द्वितीय वर्ष) | टीम 'बी' 1. रानी (प्रथम वर्ष) 2. विनीत कुमार (द्वितीय वर्ष); 3. काजल कुमारी (प्रथम वर्ष); 4. रोहित कुमार (प्रथम वर्ष) | टीम 'सी' 1. चन्दन (द्वितीय वर्ष); 2. नेहा (द्वितीय वर्ष); 3. प्रियंका कुमारी (द्वितीय वर्ष); 4. जुली (प्रथम वर्ष); 5. रुचिका (द्वितीय वर्ष) |
| 4 | वैज्ञानिक मॉडल | रुचिका (द्वितीय वर्ष), रोहित आनंद (द्वितीय वर्ष) एवं प्रियंका (प्रथम वर्ष) | आरती कुमारी (प्रथम वर्ष) | शिवानी कुमारी (प्रथम वर्ष) & नेहा कुमारी (द्वितीय वर्ष) |
| 5 | कम खर्च प्रयोग (LOW COST EXPERIMENT) | ज्योति कुमारी (प्रथम वर्ष) | सरोज कुमारी (प्रथम वर्ष) | रुचिका (द्वितीय वर्ष) & प्रियंका कुमारी (द्वितीय वर्ष) |

**कार्यक्रम के उद्देश्य:**

1) प्रशिक्षु में सृजनात्मकता और लेखन कौशल का विकास कर सकेंगे।
2) प्रशिक्षु व्यक्तित्व और प्रस्तुति कौशल का विकास कर सकेंगे।
3) प्रशिक्षु संज्ञानात्मक विकास,बौद्धिक विकास और प्रतियोगिता का विकास कर सकेंगे।
4) प्रशिक्षु में सृजनात्मकता क्षमता, कौशल और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास कर सकेंगे।
5) प्रशिक्षु कम खर्च में ज्यादा लाभ प्राप्त करने की क्षमता का विकास कर सकेंगे।

**कार्यक्रम के परिणाम :**

1) प्रशिक्षुमें सृजनात्मकता और लेखन कौशल का विकास किया।

2) प्रशिक्षु व्यक्तित्व और प्रस्तुति कौशल का विकास किया।

3) प्रशिक्षु संज्ञानात्मक विकास,बौद्धिक विकास और प्रतियोगिता का विकास किया।

4) प्रशिक्षु में सृजनात्मकता क्षमता, कौशल और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास किया।

5) प्रशिक्षु कम खर्च में ज्यादा लाभ प्राप्त करने की क्षमता का विकास किया।

**प्रतियोगिताओं से संबन्धित चित्र:**

**1) निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते प्रशिक्षु :**




**2)PPT प्रस्तुत करते प्रशिक्षु:**






3) साइन्स क्विज में भाग लेते प्रशिक्षु :




4) Scientific Model का अवलोकन एवं मूल्यांकन करते हुए संकाय सदस्य :







5) Low Cost Experiment का अवलोकन एवं मूल्यांकन करते हुए संकाय सदस्य:






# <u>अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का प्रतिवेदन</u>







दिनांक 07 मार्च 2024 को women cell के माध्यम से मैत्रेय कॉलेज के प्रांगण में विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया था, जिसका संचालन संस्थान के संकाय सदस्य ललिता कुमारी ने किया, जिसमें बी. एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष के सभी प्रशिक्षु शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियोको बताया गया की महिलाओं के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। महिलाएँ वास्तव में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं।


इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सयुंक्त राष्ट्र द्वारा चयनित राजनीति और मानव अधिकार विषय-वस्तु के साथ महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए मनाया जाता है। वरिष्ठ संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि लोग अपने जीवन में महिलाओं को उचित सम्मान देते हैं और इसीलिए हर वर्ष दुनिया भर में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब हर कोई महिलाओं के प्रति सम्मान, प्यार और सराहना दिखाता है। 1975 को सयुंक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी गई और 1996 से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाज में महिलाओं को सम्मान देने का एक विषय बन गया। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके द्वारा निभाई जाने वाली भूमिकाओं का जश्न मनाना है।

इस अवसर पर बी. एड. द्वितीय सत्र की छात्रा कविता नारायण ने महिलाओं के सम्मान में अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की जिसका शीर्षक था "वरदान है नारी"।

इसी प्रकार ट्विंकल ने महिलाओं को लेकर अपने विचार प्रकट किए जिसमें उन्होने कहा कि आज के समय में भी सशक्त और निडर बनाना बहुत ही जरूरी है और अपने अधिकार के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा। इसी प्रकार बी. एड. के कुछ अन्य छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए महिलाओं के सम्मान में कहा कि आज भी महिलाओं को अपने कार्य के प्रति सुदृड़ एवं संकल्पित होना होगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान 2024

**दिनांक- 14-03-24 : मतदाता शपथ :** हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर" मैंने प्रतिज्ञा ली है ।


MCEM मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट
MAITREYA COLLEGE OF EDUCATION & MANAGEMENT
Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna
EPIP CAMPUS, INDUSTRIAL AREA, HAJIPUR- 844102 (VAISHALI)

दिनांक - 14-03-2024

मतदाता शपथ

✓ मैंने प्रतिज्ञा ली है

शपथकर्ता प्रशिक्षुओं का हस्ताक्षर






**दिनांक – 15-03-2024 : मेरा पहला वोट देश के लिए**

मेरा भारत अभियान के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए बहुभाषी गीत इंटरैक्टिव पैनल पर यूट्यूब के माध्यम से प्रशिक्षुओं को दिखाया गया |






<u>**वाद-विवाद प्रतियोगिता**</u>

**दिनांक - 20/03/2024** को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के राधाकृष्णन सेमिनार हौल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था **: भारत में मतदान जागरूकता ! आवश्यक है / नहीं** । इसके लिए प्रशिक्षुओं को दो भागों में पक्ष और विपक्ष मे विभाजित किया गया |






इस वाद-विवाद प्रतियोगिता के विपक्ष में रोहित कुमार आनंद ,आदित्य कुमार,पम्मी कुमारी,अनामिका, प्रियंका, रोहित कुमार तथा पक्ष में कुंदन कुमार ,साक्षी कुमारी, रोहित कुमार सिंह, प्रियंका,रोशनी कुमारी ने तर्क के आधार पर अपने-अपने विचार को सिद्ध करने का प्रयास किया । इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश तथा सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे । इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया ।

<u>**मतदान जागरूकता रैली**</u>- दिनांक –21/03/2024 को मैत्रेय कॉलेज परिसर से मतदान जागरूकता रैली एन. एस. एस. के तत्वाधान में ई. पी. आई. पी. कैम्पस में निकाला गया जिसका नेतृत्व एन एस एस प्रभारी संकाय रेखा कुमारी ने किया । इसमें संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया ।






## बिहार दिवस एवं होली मिलन समारोह प्रतिवेदन

दिनांक 22-03-24 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर बिहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का अयोजन संस्थान के भरतमुनि नाट्य क्लब, उस्ताद बिस्मिला ह्खानसुरताल-क्लब एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में किया गया जिसका थीम रखा "प्रगति युवा शक्ति बिहार की"कार्यक्रम में बी. एड.सत्र 2022-24 एवं 2023-25 शिक्षार्थियों, संकाय सदस्यों, अकादमिक निदेशक डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. कुमार मृत्युंजय राकेश एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी शामिल हुए। आज ही के दिन बिहार दिवस समारोह के बाद संस्थान के बोधिसत्व सभागार में होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का अयोजन संस्थान के एन. एस. एस. पदाधिकरी सह प्राध्यापिका रेखा कुमारी के निर्देशन में किया गया।

**कार्यक्रम का उद्देश्य –**

* बिहार के गौरव शाली इतिहास को समझेंगे।
* बिहार की संस्कृति का संवर्धन करेंगे।
* वर्तमान में अलग-अलग क्षेत्रों में बिहार की उपलब्धियों को जान सकेंगे।
* शिक्षार्थी संचार कौशल विकसित कर सकेंगे।
* शिक्षण प्रक्रिया में आई. सी.टी. का उपयोग कर सकेंगे।
* बिहार के लोकगीत एवं लोकनृत्य के प्रति लगाव विकसित हो सकेगा।

बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत चेतना सत्र के बाद प्रातः10:30 से किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बी.एड. द्वितीय वर्ष के शिक्षार्थियों ने ppt के माध्यम से बिहार के अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियों को बताया।




कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षार्थी सन्नी राज ने बिहार के पर्यटन एवं पर्यावरण को बताते हुए बोधगया एवं नालंदा विश्वविद्यालय के बारे बताया वही शिक्षार्थी ज्योति कुमारी ने बिहार की अर्थव्यवस्था के बारे में बताया। शिक्षार्थी

रंजीत कुमार यादव ने "बिहारखेल" पर प्रकाश डाला। इसके बाद शिक्षार्थी ट्विंकल कुमारी ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को प्रस्तुत करते हुए कहा कि बिहार में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षार्थी रौशनी कुमारी ने "बिहार : मानव संसाधन " पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी क्षेत्र तथा देश की जनसंख्या जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से योग्य व कुशल व्यकित मानव संसाधन कहलाता है।

पीपीटी प्रस्तुति के बाद शिक्षार्थियों ने बिहार दिवस कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए बिहार के लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए जिसमें शिक्षार्थी चंदा और अंजलि ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया । प्रथम वर्ष की शिक्षार्थी गूंजा और टीम ने "ले ले आइ हो पिया"....गाने का सुंदर गायन किया। इसके बाद द्वितीय वर्ष के शिक्षार्थी अविनाश और टीम ने भजन प्रस्तुत किया। अंत में द्वितीय वर्ष की शिक्षार्थी प्रीति रानी ने " आज बिरज में होली रे रसिया ....." गाने पर लोकनृत्य प्रस्तुत करते हुए सभा में उपस्थित सभी लोगों को झुमा दिया ।

इस कार्यक्रम के पश्चात अकादमिक निदेशकडॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी सरने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आप सभी लोगों की सुंदर प्रस्तुति यह दर्शाती है कि आप सब बिहार की संस्कृति के प्रति सजग हैं।







आज के दिन ही संस्थान के बोधिसत्व सभागार में होली मिलन समारोह का भी आयोजन कियागया।जिसमें बी.एड.सत्र 2022-24 एवं सत्र 2023-25 के शिक्षार्थियों ने सदनवार होली के गीत प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम गिजुभाई सदन के शिक्षार्थियों ने "मिथिला में राम खेले होली....."गाना प्रस्तुत किया। जे. कृष्णमूर्ति सदन के शिक्षार्थियों ने "होली आई होली आई ....",डी. एस. कोठारी सदन के शिक्षार्थियों ने "पनिया लाले लाल ए गौरा हमरो के चाही...."एवं जे. पी. नायक सदन के शिक्षार्थियों ने "ब्रज में चलो श्याम मची होली...."गाने का सुंदर गायन प्रस्तुत किया। शिक्षार्थियों के गायन के दौरान अकादमिक निदेशक डॉ. ज्ञानदेवमणि त्रिपाठी सरने शिक्षार्थियों एवं संकाय सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली।सभी सदन का प्रस्तुति समाप्त होने के बाद सभी शिक्षार्थी संकाय सदस्य कर्मचारी, प्राचार्य एवं आकादमिक निदेशक सर ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली खेली।

तत्पश्चात् सभी ने पुआ मिष्ठान का आनंद लिया। इस प्रकार आज के कार्यक्रम बिहार दिवस एवं होली मिलन समारोह का समापन किया गया।










**कार्यक्रम की संप्राप्ति :**

- शिक्षार्थी बिहार के लोकगीत एवं लोकनृत्य की सुंदर प्रस्तुति कर पा रहें हैं जो कि उनमें बिहार की संस्कृति के संवर्धन को स्पष्ट दर्शाता है।
- पीपीटी के माध्यम से शिक्षार्थियों ने बिहार के बारे में अपनी सुंदर प्रस्तुति देकर अपने अंदर संप्रेषण कौशल को विकसित किया।
- शिक्षार्थी वर्तमान में अलग अलग क्षेत्रों में बिहार की उपलब्धियों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने में सक्षम हैं।
- अधिगम शिक्षण प्रक्रिया में आईसीटी के महत्व को जाना।

# <u>शैक्षिक परिभ्रमण – 2024</u>



अकादमिक कैलेंडर में वर्णित शैक्षिक परिभ्रमण के आलोक में **सत्र 2022-24 द्वितीय वर्ष एवं सत्र 2023-25 प्रथम वर्ष** के प्रशिक्षुओं के लिए शैक्षिक परिभ्रमण के आयोजन का निर्णय IQAC की बैठक में लिया गया, जिसके लिए एक दिवसीय शैक्षिक परिभ्रमण के आयोजन के लिए विश्व विरासत सूची में वर्णित नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों एवं राजगीर के विश्व शांतिस्तूप की स्वीकृति दी गई।

**शैक्षिक परिभ्रमण का उद्देश्य :**

- प्रशिक्षुओं को अपने देश के गौरवशाली शिक्षा प्रणाली की समझ कराना |
- नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष पुरातत्व स्थल के भ्रमण से शिक्षार्थियों में ऐतिहासिक,सांस्कृतिक और बौद्धकालीन शिक्षा का बोध कराना ।
- पर्यटन की दृष्टि से नालंदा एवं राजगीर के ऐतिहासिक स्थलों के विकास को देखना और समझना ।
- राजगीर के ऐतिहासिक ,सांस्कृतिक और शैक्षिक महत्व को समझना ।
- समूह में रहते हुए यथार्थ रूप में ज्ञान प्राप्ति की भ्रमण विधि को सीखना ।
- प्रशिक्षुओं में सहयोग एवं मिलजुलकर कार्य करने की क्षमता का विकास करना ।



शैक्षिक परिभ्रमण के लिए संस्थान की तरफ से BSRTC की दो AC बसों की व्यवस्था की गई थी, दोनों बसों ने मैत्रेय कॉलेज के प्रांगण से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः सात बजे नालंदा के लिए प्रस्थान किया, बस नालंदा ग्यारह बजे पहुंची वहां उतरकर प्रशिक्षु संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रवेश टिकट लेकर नालंदा विश्वविद्यालय देखने और समझने गए। जहाँ नालंदा विश्वविद्यालय के विषय में प्रशिक्षुओं को समझ देने के लिए आनंद कुमार नामक गाइड की मदद ली गयी | उन्होने इस ऐतिहासिक स्थल की जानकारी पुरातत्व स्थल के मुख्य स्थानों पर ले जाकर दी।







**गाइड आनंद द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय के अतीत की जानकारी देते हुए**







ब्रिटिश लेखक, पुरातत्ववेत्ता एवं अधिकारी कनिंघम के द्वारा ह्वेनसांग की जीवनी **सी-यू-की** के अध्ययन के उपरांत विश्व का पहला आवासीय विश्विद्यालय नालंदा, बिहार में खोजा, जिसका उत्खनन कार्य ब्रिटिश पुरातत्ववेत्ता डेविड स्पुनर के नेतृत्व में सन 1915 से 1937 तक एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कराया गया, तथा स्वतंत्रता के उपरांत 1974 से 1984 के मध्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराया गया। गाइड आनंद ने बताया कि पुरातत्व विभाग ने खुदाई का काम धन और धैर्य की कमी के कारण रोक दिया। यह विश्वविद्यालय 11 भागों में विभाजित था, जिसमें नालंदा के खंडहरों के केवल 10% भागों का ही उत्खनन हुआ, शेष 90 प्रतिशत का उत्खनन कार्य शेष है। उत्खनन में मिले 11 बिहार जो एकसमान हैं। जिसमें प्रत्येक छात्र के लिए एक कमरे की व्यवस्थाथी। इसमें पढ़ने और रहने की जगह अलग–अलग थी। वहीं चैत्यालय में बौद्ध भिक्षु ध्यान लगाते थे। नालंदा विश्विद्यालय के भग्नावशेष स्थल की सबसे बड़ी संरचना सारिपुत्र का स्तूप है जो चारकाल खंडों में स्थापित हुआ। सर्वप्रथम सम्राट अशोक द्वारा इसे बनाया गया ,

इसी के ऊपर पांचवीं शताब्दी में कुमार गुप्त द्वारा निर्माण कार्य कराया गया तथा सातवीं शताब्दी में राजा हर्षवर्धन द्वारा और अंत में पाल राजा देवपाल के द्वारा स्तूप का निर्माण कराया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षु नालंदा के भग्नावशेष को अपनी अपनी नजरों से देखकर वहीं नालंदा के होटल में भोजन कर अगले पड़ाव राजगीर की ओर प्रस्थान किए, जो नालंदा से बस द्वारा 45 मिनट की दूरी पर स्थित है। राजगीर बस स्टैंड से उतर कर प्रशिक्षु राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ी पर स्थित विश्व शांति स्तूप तक पहुंचने के लिए रोपवे टैक्सी का टिकट लेकर ऊपर गए।
ऊपर पहुंच कर प्रशिक्षु और अन्य सदस्य विश्व शांति स्तूप की परिक्रमा की तथा वहां के मुख्य ध्यान कक्ष में ध्यान लगाया, साथ ही विश्व शांति स्तूप की सीढ़ियों पर सत्रवार ग्रुप फोटो लिए गए।

साम 5 बजे सभी सदस्य दोनों बसों के माध्यम से हाजीपुर स्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के लिए प्रस्थान किए, वहीं वापसी में सिलाव का प्रसिद्ध खाझा संस्थान के आकादमिक निदेशक डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को खिलाया गया, साथ ही प्रशिक्षु अपने घर और मित्रों के लिए भी खाजा खरीदकर भी ले गए। शैक्षिक परिभ्रमण में कुल 76 सदस्य रात 9 बजे मैत्रेय कॉलेज पहुंच गए। यह शैक्षिक परिभ्रमण सभी के लिए सुखद, आनंददायक और शिक्षाप्रद रहा।



सत्र 2022-24 (द्वितीय वर्ष) के प्रशिक्षुओं के साथ समूह तस्वीर



सत्र 2023-25 (प्रथम वर्ष) के प्रशिक्षुओं के साथ समूह तस्वीर

**शैक्षिक परिभ्रमण का प्रतिफल :**

- शिक्षार्थियों ने इस शैक्षिक परिभ्रमण में भाईचारे एवं सहयोग का प्रदर्शन किया |
- राजगीर के ऐतिहासिक एवं नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष के गौरवशाली अतीत को जाना एवं समझा |
- नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष का अध्ययन कर वहाँ के छात्रावास और शिक्षण विधि को देखा |
- शिक्षार्थियों में अनुशासन एवं निर्देशों का पालन करते पाया गया |
- शिक्षार्थियों ने सामूहिक गतिविधियों के आयोजन के तरीके को सीखा |

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के IQAC, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स और पतंजलि योग क्लब के तत्वावधान में आयोजित 6 अप्रैल 2024 को एक विशेष चेतना सत्र के साथ "विश्व स्वास्थ्य दिवस" मनाया गया, जिसमें बीमारियों की रोकथाम में आहार और योग जीवन शैली की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में बी.एड. के प्रथम एवं द्वितीय बर्ष के प्रशिक्षुओं के साथ कॉलेज के सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी ने भाग लिया और विभिन्न जीवन शैली संबंधी विकारों से निपटने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।
इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य :

1. विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
2. स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता।
3. आहार और योग जीवन शैली के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
4. विभिन्न जीवनशैली संबंधी विकारों से निपटने के लिए योगाभ्यास करना।

इस कार्यक्रम में MCEM के सहायक अध्यापक अजय कुमार सिंह, सहायक अध्यापिका रेखा कुमारी, सहायक अध्यापक डॉ. प्रणव कुमार तिवारी, सहायक अध्यापक आनंद प्रकाश, सहायक अध्यापक अबोध चंद्र महतो, सहायक अध्यापक रॉकी



कुमार, सहायक अध्यापक अश्विनी कुमार मिश्रा, एवं सहायक अध्यापिका ललिता कुमारी की उपस्थिति से कार्यक्रम किया गया था । कार्यक्रम के प्रभारी सहायक अध्यापक अजय कुमार सिंह ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व पर जोर दिया और स्वस्थ आदतें अपनाने से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और जीवन शैली से जुड़ी अन्य बीमारियों के खतरे को काफी कम किया जा सकता है, साथ ही अपने भाषण में संतुलित आहार के लाभों और दैनिक आहार में बाजरा शामिल करने पर जोर दिया, क्योंकि वे पोषक तत्वों से भरपूर हैं और उनके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। उसके बाद अगले कार्यक्रम के प्रभारी सहायक अध्यापक अबोध चंद्र महातो के द्वारा प्रशिक्षु के साथ योग एवं योग से निवारण रोग के अलग-अलग आसन, प्राणायाम, मुद्रा के बारे में जानकारी के साथ प्रयोग किया गया था । सबसे पहले गायत्री मंत्र, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार किया गया था । साथ ही योग से निवारण रोग के अलग- अलग आसन, प्राणायाम मुद्रा के बारे मे जानकारी के साथ प्रयोग किया गया था । अंतिम में शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## Science Center Visit




आज दिनांक 06 अप्रैल 2024 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर के ए. पी. जे. अब्दुल कलाम क्लब की तरफ से क्षेत्रीय भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को साइन्स सेंटर ले जाया गया । इस क्षेत्रिय भ्रमण में एक सहायक प्रोफेसर सहित 14 विद्यार्थी गए । इस कार्यशाला में जाने के लिए जिन 14 विद्यार्थियों का चयन किया गया उनमें 02 विद्यार्थी भूगोल शिक्षणशास्त्र से रौशनी कुमारी (1100) और अंजली कुमारी (1070) को लिया गया, जिसका आधार विज्ञान क्लव के जीवंत सदस्य रहा। भौतिक विज्ञान से रुचिका (1105), विनीत कुमार (1068), प्रीति रानी (1099), प्रियंका कुमारी (1109) जुली कुमारी (1104), प्रियंका कुमारी (1090) नीति कुमारी (1141), अर्चना कुमारी (1078), नेहा (110) कुमारी & ज्योति कुमारी (1082) विद्यार्थी शामिल रहे और भौतिक विज्ञान से दीपक कुमार (1074) एवं श्रेया कुमारी (1055) को लिया गया जोकि विज्ञान क्लव के एक्टिव मेम्बर है। सहायक प्रोफेसर ललिता कुमारी, सभी विद्यार्थियों को 11:00 बजे तक साइन्स मेंटर में लेकर पहुंची । जहाँ पर विभिन्न संस्थानों से विद्यार्थी आए हुए थे । वहाँ पे सभी छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण पे आधारित वस्तुओं को देखने का अवसर

मिला तत्पश्चात सभी का नजरिया बदला जैसे मिराज कैसे काम करता है?, परावर्तन और अपवर्तन की प्रक्रियाओं को क्रियात्मक तरीके से कैसे सिखाएँ । शैक्षिक विडियो कैसे बनाई जाती है? विडियो में लोगों के गायब होने के पीछे क्या कारण है?, साइन्स sphere show के माध्यम से छात्र विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक व भावात्मक पक्ष का भी विकास हुआ जैसे छात्रों ने जाना कि पृथ्वी कि संरचना कैसे हुई है, अल्फा सेंटौरी कहा स्थित है, सौर मंडल के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना, इत्यादि।

**उद्देश्यः** इस क्षेत्रीय भ्रमण का उद्देश्य छात्र विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना था और साथ ही "क्षेत्रीय भ्रमण को कैसे आयोजित किया जाए?" इसको क्रियात्मक ढंग से बताना रहा।

**संप्राप्तिः**


1) क्षेत्रीय भ्रमण को करने के बाद विद्यार्थियों का आत्म-सम्मान बढ़ा जिसके फलसवरूप अब हमारे विद्यार्थी स्वयं से magic show करने के योग्य है।

2) विद्यार्थियों को magic show के माध्यम में अंधविश्वास व रुढिवद्धताओं से निकालने का मौका मिला क्योंकि magic show के बाद सभी experiment के पीछे के कारण बताए गए।

3) विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को करके दिखाने का माध्यम मिला जिसके फलस्वरूप हमारे विद्यार्थी उनके विद्यार्थियों को रचनात्मक तरीकों में पढ़ा सकेंगे।



3-D show



भावात्मक पक्ष का विकास (by Science on sphere)



Learn how to record educational videos



Invisible effect in Studio

# <u>डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती</u>

आज दिनांक 13/04/2024 को मैत्री परिसर के कक्ष संख्या - 03 में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई । जिसमें डॉ. अंबेडकर जी के तैलचित्र पर संस्थान के प्राचार्य डॉ.कुमार मृत्युंजय राकेश एवं अकादमी निदेशक डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी सर साथ ही सभी संकाय सदस्य एवं सभी प्रशिक्षुगण ने पुष्प अर्पित किया। इस कार्यक्रम के संचालन संकाय सदस्य श्री आनंद प्रकाश सर ने किया। श्री आनंद प्रकाश सर ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कर्तव्य पर विविध रूप से चर्चा किया।

डॉ अंबेडकर के जीवन और विचार श्री आनंद प्रकाश हिंदू कोड बिल, उनका धर्म दर्शन, छुआछूत का विरोध बौद्ध धर्म की दीक्षा, बौद्ध धर्म एवं मानवतावाद के ऊपर चर्चा किया। इसके साथ श्री प्रकाश ने धनंजय वीर की लिखी पुस्तक एवं अन्य लेखिकाओं के पुस्तकों का वाचन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, नाई अछूतों के लिए जल संघर्ष, बड़ौदा के राजा से प्राप्त छात्रवृत्ति इत्यादि विषय पर उल्लेख किया गया था।







उच्च शिक्षा में सुश्री ललिता कुमारी जी ने इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की बड़ौदा के राजा द्वारा दी गई छात्रवृत्ति एवं विदेश में उच्च शिक्षा के बारे में चर्चा की । बी.एड. के द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा कुमारी ने बहिष्कृत अछूत विषय पर चर्चा किया, रोहित कुमार आनंद ने कठिन परिश्रम से सफलता, रुचिका ने समुदाय की तरक्की जिसमें महिलाओं की प्रगति में साफ - सफाई बच्चों को शिक्षित करें, हीन भावना से ग्रसित ना होने दे, विवाह समय से पूर्व नहीं हो, छोटा परिवार की वकालत इन विषयों पर चर्चा किया। सेजल ने आधुनिक भारत के निर्माता सीरीज पर अपने विचार एवं निम्न आलेखों का पाठ किया। अनुप्रिया ने डॉ.अम्बेडकर जी के जन्म एवं प्रारंभिक जीवन सतारा में प्रारंभिक शिक्षा पर चर्चा की। प्रियंका ने बौद्ध धर्म में दीक्षा , मानव की सामाजिक प्रेरणा पर अपना विचार एवं पाठन किया। राजा बाबू ने स्वतंत्रता संग्राम में डॉ आंबेडकर के प्रयासों एवं संघर्ष पर चर्चा किया। इसके पश्चात सभी को एक डॉक्यूमेंट्री दिखाया गया जिसे प्रसार भारती द्वारा प्रसारित किया गया, जिसमें अंग्रेज अफसर द्वारा सतारा में स्कूल में प्रवेश छुआछूत इत्यादि प्रसंग को

दिखाया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य श्री अजय कुमार सिंह सर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष उनकी छुआछूत पानी के लिए संघर्ष, शिक्षा पर संघर्ष से लेकर संविधान निर्माण के समय काल पर संबोधन किया और चर्चा किया।

इसके पश्चात सभी को एक डॉक्यूमेंट्री दिखाया गया जिसे प्रसार भारती द्वारा प्रसारित किया गया, जिसमें अंग्रेज अफसर द्वारा सतारा मे स्कूल में प्रवेश, छुआछूत इत्यादि प्रसंग को दिखाया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य श्री अजय कुमार सिंह सर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष उनकी छुआछूत पानी के लिए संघर्ष शिक्षा पर संघर्ष से लेकर संविधान निर्माण के समय कल पर संबोधन किया और हम सभी को डॉ आंबेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने को कहा। अंत में संकाय सदस्य डॉ. प्रणव कुमार तिवारी सर ने “अछूत की शिकायत” जो पटना के हीरा डॉन द्वारा रचित जिसे महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका में छापा था कविता की कुछ पंक्तियों का उदाहरण देते हुए डॉ. अंबेडकर के कार्यों एवं प्रयासों का उल्लेख किया।






**डॉ. अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम के चित्र**

## NIPER क्षेत्रिय भ्रमण



आज दिनांक 19 अप्रैल 2024 को विज्ञान क्लब के माध्यम से बी. एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों को NIPER क्षेत्रिय भ्रमण पर लेकर जाया गया जिसमें सभी सहायक प्राध्यापक व प्राध्यापिका शामिल हुए । कॉलेज से प्रात : 11 बजे NIPER के क्षेत्रिय भ्रमण पर निकले। NIPER के मुख्य द्वार पर permission letter देखा गया । फिर सभी विद्यार्थियों को 15-15 के ग्रुप में बांटा गया और दो-दो संकाय सदस्यों के साथ संस्थान के विभिन्न labs में लेकर जाया गया।

संस्थान में 3 फार्माकॉलॉजी लैब, 3 एनालिटिकल लैब, 3 रिसर्च लैब और 2 माइक्रोबायोटेक्नालजी लैब थी जिनमें संस्थान के शोधियों व विद्याथियों ने हमारे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन व ज्ञानार्जन किया । वहाँ पे विभिन्न प्रकार की मशीनों से परिचय करवाया गया व उनके कार्यों को बताया गया ।

भूमि तल पर स्थित एनालिसिस लैब में दवाई को जाँचने का कार्य किया जाता है जैसे की दवाई की वैद्धता कब तक की है इत्यादि । यहाँ पर स्थित गैस क्रोमेटोग्राफी, विभिन्न मशीनों व विभिन्न प्रकरणों के बारे में जाना । उसके बाद भूमि तल पर ही स्थित शोध लैब में जाने से पहले सबको एंट्री रजिस्टर में सबने अपनी-अपनी एंट्री की और फिर वहाँ पर जाना की किस प्रकार शोध की जाती है । शोध लैब में बंदर और चूहे पर सबसे पहले शोध की जाती है । उसके बाद मनुष्यों पर प्रयोग किया जाता है । फिर प्रथम तल पर स्थित लैब का भ्रमण अमर कुमार (Ph.D. Scholar) ने करवाया । यहाँ पर विभिन्न प्रकार के दवाइयों पर शोध होते है । यहाँ पर -45 और -27 डिग्री के फ्रीज भी थे जिनमें sample को स्टोर करके रखा जाता है । इसके उपरांत दूसरे तल पर स्थित बायोटेक्नोलोजी लैब में गए जहाँ प्रवीण कुमार (महाराष्ट्र) तथा केतन कुमार (पुणे) के नेतृत्व में बायो-टेक्नालजी लैब का भ्रमण कराया गया । जहाँ दवा निर्माण में उपयोग में लाय जाने वाले सूक्ष्म मशीन के बारे में जानकारी मिली । सेल कल्चर रूम में लगे विभिन्न जैल में जानकारी मिली । सेल कल्चर रूम में लगे विभिन्न जैव डॉक्युमेंट्री सिस्टम, अल्ट्रासाउंड सेल क्रशर, साउंड आईसोलाटिंग चैंबर, $co_2$ इंक्यूबेटर इत्यादि । उपकरणों की कार्यविधि को समझाया गया । वहाँ हो रहे कार्य की बारीकियों को देखा कि साथ ही शोध में भी हर एक बारीक से बारीक बात को ध्यान में रखा जा रहा था । यहाँ पर दवाई व कैप्सुल को pack करने की मशीनें भी उपलब्ध है।

अंत में सभी को सेमिनार में एकत्रित किया गया जहाँ पर सभी वहाँ के डीन विपन सर से मिलने का मौका मिला जो नासा में भी कार्य कर चुके है । फिर डॉ. समीर डिंगरा (सहा. प्राध्यापक) ने बताया की वहाँ पर बी. फ़ार्मा., म. फ़ार्मा. और पी. एच. डी. कोर्स करवाये जाते है जिनमें NEET exam/ All India Entrance Test के through admission होते है । इन्होने सभी छात्राध्यापकों को जागरूक करते हुए कहा कि ‘एक शिक्षक यदि जागरूक हो जाय हो वो शिक्षण के दौरान अपने सभी बच्चों को जागरूक करेगा और यह सबसे ज्यादा भरोसेमंद होता है । डॉ. ढींगरा ने सबको जागरूक करते हुए कहा गया कि बायोरेक द्वारा लाई गई दवाई पैनोसिया नेमोसाइबलीक (नाइस) को उसके लिवर damage करने के कारण अन्य देशों में अवैध करार दिया गया जबकि भारत सरकार के पास इससे संबन्धित आंकड़ो की अपर्याप्तता है । इसके कारण औषधी विभाग का गठन किया गया । यहाँ सभी को एडवर्ड ड्रग रिएक्शन (ADR) के बारे में जागरूक किया गया । और साथ ही ADR फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी समझाई गई । उन्होने बताया कि किसी भी व्यक्ति को दवा से एलर्जी होती है तो उसकी जानकारी तुरंत पास के अस्पताल में जरूर दे । अंत में हमारे महाविध्यालय के संकाय सदस्य अजय सर ने अपने विचार साझा किए।

**उद्देश्य:**


1) छात्राध्यापकों को NIPER में चल रहे कोर्स के बारे में जान सकें ।
2) छात्राध्यापकों वैज्ञानिक दृष्टिकोण, चिंतन कौशल व तार्किक सोच को बढ़ावा मिल सकें ।
3) छात्राध्यापकों को दवाईयों से संबन्धित जानकारी प्राप्त कर सके ।
4) छात्राध्यापकों का वैयक्तिक विकास हो सके ।





Research Lab




Bio-technology Lab




Seminar Hall




Pharmacology Lab

**मशीनों व उपकरण के नाम:**

हेमेटोग्राफी, बायो-केमिकल एनलाइजर, जीन मल्टीहयायर, लीवर टेस्ट मशीन (ऑटोमैटिक), जैव डॉक्युमेंट्री सिस्टम, अल्ट्रासाउंड सेल क्रशर, साउंड आईसोलाटिंग चैंबर, $co_2$ इंक्यूबेटर इत्यादि।

**संप्राप्ति:**

1) छात्राध्यापकों को NIPER में चल रहे कोर्स के बारे में जाना।
2) छात्राध्यापकों वैज्ञानिक दृष्टिकोण, चिंतन कौशल व तार्किक सोच को बढ सकी।
3) छात्राध्यापकों को दवाईयों से संबन्धित जानकारी प्राप्त की।
4) छात्राध्यापकों का वैयक्तिक विकास हो सकी।

## वीर कुँवर सिंह शौर्य-दिवस का प्रतिवेदन

दिनांक 22.04.2024 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के बोधिसत्व सभागार में वीर कुँवर सिंह शौर्य दिवस के उपलक्ष्य मे विशेष चेतना सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा सर्वप्रथम वीर कुँवर सिंह के तैल-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत बी. एड. सत्र 2023-25 की प्रशिक्षु ज्योति कुमारी ने वीर कुँवर सिंह द्वारा 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में किए गए संघर्ष एवं शौर्य की। विस्तारपूर्वक चर्चा की। संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने वीर कुँवर सिंह को एक महान स्वतन्त्रता सेनानी बताते हुए उनके द्वारा अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़े गए युद्धों पर प्रकाश डाला। वीर कुँवर सिंह की वीरता की चर्चा करते हुए उन्होने जगदीशपुर में 35वीं पैदल सेना के कैप्टन ली ग्रैंड के नेतृत्व में आए सैन्य दल को पराजित करने का उल्लेख किया। चूंकि यह युद्ध वीर कुँवर सिंह द्वारा 23 अप्रैल, 1858 को जीता गया था अतः इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।







**वीर कुँवर सिंह की जयंती के कार्यक्रम के चित्र**

## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर प्रतिवेदन

दिनांक 09-05-2024 को संस्थान के NSS एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में सेंटर फॉर साइट के सौजन्य से "निशुल्क नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर" का आयोजन किया गया जिसमें संकाय सदस्य, दोनों सत्र के शिक्षर्थियों उनके अभिभावकों एवं लैब विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें कुल 72 लोगों का नेत्र जांच किया गया।

**उद्देश्य-**

1. शिक्षार्थी एवं शिविर में भाग लेने वाले लोग अपने नेत्र की सुरक्षा के प्रति सजग होंगे।
2. आंखों से संबंधित समान्य बीमारियों के बारे में जान पाएंगे।
3. आंखों से संबंधित गंभीर बीमारियों के बारे में जान पाएंगे।
4. छोटे-छोटे उपाय को जान पाएंगे जिनसे हम अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं।
5. अपने आसपास के लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों उनके इलाज एवं उपाय के प्रति जागरूक कर पाएंगे।




इस शिविर में सेंटर फॉर साइट के कर्ण राज, कौशल कुमार OPD Attendant, मनोज कुमार Asst. Manager sales & marketing शामिल हुए । सर्वप्रथम सभी उपस्थित लोगों को कक्षा संख्या- 01 में बैठाया गया जहां सेंटर फॉर साइट के कर्ण राज के द्वारा आंखों से संबंधित छोटी-छोटी बातों को बताया गया । कुछ शिक्षार्थियों ने आंखों से संबंधित सामान्य समस्या के बारे में भी उनसे सवाल किया जैसे की आंखों में बराबर खुजली होना इसकी निदान के रूप में उन्होंने बताया कि यह समस्या सामान्यत: हमारे वातावरण में प्रदूषण के कारण होती है ।

अतः इसके लिए हमें अपनी आंखों को बार-बार ठंडे पानी से धोना चाहिए । इसके बाद भी समस्या का यदि समाधान ना हो तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए ।






इसके अलावा उन्होंने शिक्षार्थियों को मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसे आंखों से संबंधित गंभीर बीमारियों के बारे में भी बताया। साथ ही साथ कॉर्नियल ट्रीटमेंट एवं लेसिक ट्रीटमेंट के बारे में भी जानकारी दी । इन महत्वपूर्ण जानकारी के बाद एक-एक करके सभी लोगों को संस्थान के बोधिसत्व सभागार में बुलाया गया जहां पर उनकी आंखों की जांच की गई । साथ ही साथ जिनके साथ आंखों से संबंधित कोई भी समस्या थी उसके लिए उनको उचित सलाह दिया गया । कई लोगों को कुछ दवा भी लिखा गया।

**कार्यक्रम की संप्राप्ति :**

- आंखों से संबंधित समान्य बीमारियों जैसे आंखों में बराबर खुजली की एवं आंखों में सूखेपन की समस्या के कारण एवं निदान के बारे में जाना।
- मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसे आंखों से संबंधित गंभीर बीमारियों के बारे में एवं इन बीमारियों के खतरे को कैसे कम किया जाए ये भी जाना ।
- छोटे-छोटे उपाय को जाना जिनसे हम अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं ।
- अपने आस-पास के लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों उनके इलाज एवं उपाय के प्रति जागरूक कर पा रहें हैं।

## जे. कृष्णमूर्ति की जयंती पर प्रतिवेदन

दिनांक 11 मई 2024 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, हाजीपुर के कक्षा-3 में जे. कृष्णमूर्ति हाउस तथा आइ.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में दक्षिण भारत के लोकप्रिय लेखक, दार्शनिक, विश्व गुरू जे. कृष्णमूर्ति जी की जयंती के अवसर पर एक बिशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया था । इस अवसर पर सभी संकाय सदस्यों एवं बी.एड सत्र के प्रशिक्षुओं द्वारा जे. कृष्णमूर्ति जी की विभिन्न पुस्तकों को वाचन, चर्चा एवं अध्यन किया गया था ।




इस कार्यक्रम का उदेश्य निम्नवत था :

I. जे. कृष्णमूर्ति जी के बारे मेंजानकारी कराना ।

II. जे. कृष्णमूर्ति जी के विभिन्न पुस्तकोंके बारे मे जानकारी करना।

III. जे. कृष्णमूर्ति जी के विभिन्न विचारों के बारे मे समझ विकसित करना।

IV. जे.कृष्णमूर्ति जी के विभिन्न विचारों एवं पुस्तकों का वाचन, अध्ययन करना।




सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सभी संकाय सदस्य एवं B.Ed.प्रशिक्षुओं नेजे. कृष्णमूर्ति जी की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए, जयंती के शुभ अवसर पर कृष्णमूर्ति जी के हाउस प्रभारी अबोध चंद्र महतो ने ppt के माध्यम से जे. कृष्णमूर्ति जी का परिचय देते हुए कहा, कृष्णमूर्ति ने शिक्षक के साथ-साथ माता-पिता विद्यालय व घर को भी बालक के उत्तम विकास के लिए उत्तरदायी माना है। जिड्डू कृष्णमूर्ति एक महान सन्त, महान चिन्तक, महान शिक्षाविद व त्यागी महापुरूष थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा के चहुमुखी विकास एवं समाज की सेवा में लगा दिया इसलिये उनके जीवन, उनके कार्यों एवं उनके शिक्षा संबंधी विचारों का संकलन एवं प्रस्तुतीकरण निश्चित ही वर्तमान शैक्षिक समस्याओं के संदर्भ में बहु उपयोगी है। जे. कृष्णमूर्ति के अनुसार "दर्शन जीवन के लिये प्रेम, प्रज्ञा के लिये प्रेम, जाग्रत करता है। दर्शन व्यक्ति की उसके वास्तविक स्वरूप का बोध कराता है और अपना अस्तित्व क्या है। वाह्य एवं आंतरिक संसार में होने वाले प्रत्येक स्पन्दन का प्रशिक्षण बोध होना वास्तविक दर्शन है। उसके बाद B.Ed. के प्रशिक्षु एवं हाउस के सदस्य अविनाश एवं नेहा कुमारी ने जे. कृष्णमूर्ति का परिचय कराया साथ मे शिक्षा एवं जीवन का तात्पर्य किताब का संक्षेप में प्रस्तुत किया थे। इसी के साथ सबसे पहले संकाय सदस्यों ललिता कुमारी, आनंद प्रकाश सर, डॉ. प्रणव कुमार तिवारी सर, बी.एड. के प्रशिक्षुओं ने जे.कृष्णमूर्ति जी की विभिन्न पुस्तक जैसे -

**प्रेम क्या है ? शिक्षा एवं जीवन का तात्पर्य। सत्य और यथार्थ। जीवन एक अन्वेषण।ध्यान। द बुक ऑफ़ लाइफ।**

एक-एक करके पुस्तक को पठन एवं अध्ययन के साथ महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा किये।

इस कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति द्वारा लिखित पुस्तकों के विभिन्न आलेखों एवं अंशों का वाचन संकाय सदस्यों एवं प्रशिशुओं के द्वारा करने के उपरांतसंकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने धन्यबाद ज्ञापन करते हुए श्री कृष्णमूर्ति जी के योगदान की विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मैडम प्लाडनूस्की एवं कर्नल आल्काट के थियोसोफिकल सोसायटी से जुड़कर कृष्णमूर्ति के जीवन में व्यापक बदलाव हुआ। इस क्रार्यक्रम के द्वारा प्रथिक्षु जे' कृष्णमूर्ति के जीवन एवं उनके विशिष्ट विचारों से अवगत हुए, साथ ही जे. कृष्णमूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक अंशों एवं आलेखों के वाचन के उपरांत उनके ध्यान, ज्ञान, शिक्षा प्रेम, व्यवहार आदि विषयों में दिए गए विचारोंके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल कर सके ।